3 राजधानी
केजीएमयू पहुंची नैक की टीम

6 अभिमत
अफ़गानिस्तान में नया ग्रेट गेम

10 विदेश
भारतीय-अमेरिकी सांसद शीर्ष पदों पर नियुक्त

11 राष्ट्रीय
कई विस्फोटों में शामिल आतंकी गिरफ्तार



RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 105
लखनऊ, शुक्रवार, 3 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





मुझमें दबाव झेलने की क्षमता विकसित हुई
स्पोर्ट्स-12


# अडाणी पर संसद में विपक्ष का हंगामा

- बाधित रहे दोनों सदन, नारेबाजी और हंगामा, दो बजे के बाद सदन पूरे दिन के लिए स्थगित
- जेपीसी गठित करने या सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश से जांच कराने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में विजय चौक पर संवाददाताओं से बातचीत करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

**संसद** में बृहस्पतिवार को कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने अडाणी समूह से जुड़े मामले सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी एवं हंगामा किया जिससे दोनों सदन एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिए गए।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने आज दोपहर कई विपक्षी दलों के नेताओं की मौजूदगी में विजय चौक पर संवाददाताओं से बातचीत में अडाणी प्रकरण में आम लोगों तथा एलआईसी एवं एसबीआई के हितों को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने या उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश से जांच कराए जाने की मांग की। संसद के बजट सत्र के तीसरे दिन लोकसभा की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस समेत लगभग सभी विपक्षी दलों के सदस्य आसन के पास आकर नारेबाजी करने लगे। वे अडाणी समूह को लेकर आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर चर्चा कराने की और समूह की कारोबारी प्रक्रियाओं की जांच कराने की मांग कर रहे थे। हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से उनके स्थान पर जाने की अपील करते हुए बिरला ने प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया और कहा कि बिना तथ्यों के कोई बात नहीं की जानी चाहिए।

इस दौरान अध्यक्ष बिरला ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्य पूनम मदाम को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) से संबंधित पूरक प्रश्न पूछने को कहा, लेकिन हंगामे के बीच वह पूरक प्रश्न नहीं पूछ सकीं। अध्यक्ष बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा, प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है। विधान मंडल अध्यक्षों के (हाल में हुए) सम्मेलन में चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया था कि प्रश्नकाल चलना चाहिए। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से कहा, आप बुनियादी सवाल उठाएं। मैं आपको पर्याप्त समय दूंगा। आप सदन की मर्यादा नहीं रखना चाहते। बिना तथ्यों के कोई बात नहीं कीजिए। हंगामा नहीं थमने पर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही कुछ ही मिनट बाद अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी। सदन की बैठक अपराह्न दो बजे जब फिर शुरू हुई तो हंगामा जारी रहा।

## आरबीआई ने बैंकों से अडाणी ग्रुप को दिए गए कर्ज का ब्योरा मांगा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऋणदाताओं यानी बैंकों से अडाणी समूह को दिए गए कर्ज का ब्योरा मांगा है। बैंकिंग सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे एक दिन पहले शेयर की कीमतों में भारी गिरावट के बीच समूह की प्रमुख फर्म अडाणी एंटरप्राइजेज के 20,000 करोड़ रुपए के अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश (एफपीओ) के वापस ले लिया गया था। स्विटजरलैंड के ऋणदाता क्रेडिट स्विस ने बुधवार को मार्जिन कर्ज देने के लिए अडाणी समूह की कंपनियों के बॉन्ड को गारंटी के रूप में स्वीकार करना बंद कर दिया था।

विविध क्षेत्रों में काम करने वाले समूह को पिछले एक हफ्ते से मुश्किल हालात का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शुरुआत अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के साथ हुई, जिसमें समूह के संचालन के बारे में कई आरोप लगाए हैं। अहमदाबाद मुख्यालय वाले समूह ने सभी आरोपों का खंडन किया है, लेकिन विश्लेषकों और निवेशकों को अपनी बात समझाने में विफल रहा है। बैंकिंग सूत्रों ने कहा कि बड़े ऋण संबंधी आंकड़ों की जानकारी के तहत आरबीआई नियमित रूप से बैंकों के बड़े कॉरपोरेट उधारकर्ताओं का ब्योरा लेता है।

# उप्र को बजट से मिलेगा सर्वाधिक लाभ युवाओं के सपने होंगे साकारः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी को बजट का सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा। ये सतत और समावेशी विकास वाला बजट है। उन्होंने इसे आम जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला बताया। बजट में विभिन्न सेक्टर के लिए अहम फैसलों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इसमें जहां विकसित भारत की सोच प्रदर्शित होती है वहीं किसानों के लिए बेहतर ऋण की व्यवस्था की गई है।

योगी बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर केंद्रीय बजट के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट है। आज दुनिया आशा भरी नजरों से भारत की ओर देख रही है। यह बजट ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी क्षेत्रों सहित देश के समग्र विकास को समर्पित है। इस बजट के माध्यम से युवाओं के सपने साकार होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट की सात प्राथमिकताएं हैं, जिन्हें सप्तऋषि कहा गया है। यह प्राथमिकताएं हैं- समावेशी विकास, अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचना, अवसंरचना एवं निवेश, सक्षमता को सामने लाना, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र। भारत के अमृत काल का यह पहला बजट सप्तऋषि के समान देश का मार्गदर्शन करेगा तथा आकांक्षी भारत के लक्ष्यों को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

उन्होंने कहा कि यह बजट महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं बल्कि देश के लिए अगले 25 से 50 साल के लिए विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला ब्लू प्रिंट है। देश के 75वें आम बजट में प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप ईज ऑफ लिविंग को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्त्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा देने से उत्तर प्रदेश के 15 करोड़ जरूरतमंदों सहित देश के 80 करोड़ लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के 45 लाख परिवारों को आवास मिल चुके हैं।

केन्द्र सरकार के सहयोग से हाउसिंग फॉर ऑल के लक्ष्यों को पूरा किया जाएगा। नर्सिंग व पैरामेडिकल की शिक्षा के क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मेशन लाने के लिए संचालित मिशन निरामया: को इससे जोड़कर केन्द्र की पहल का भरपूर लाभ लेने का प्रयास किया जाएगा। योगी ने कहा कि बजट से कृषि से जुड़े स्टार्टअप को प्राथमिकता देने और इसके लिए युवा उद्यमियों के लिए कृषिवर्धक निधि स्थापित करने से उत्तर प्रदेश के कृषि सेक्टर में विविधीकरण बढ़ेगा और ग्रामीण इलाकों के हमारे प्रतिभाशाली युवाओं के लिए नवाचार और स्वावलम्बन के नये अवसर सृजित होंगे।

# अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 26% टूटा

- दिन के कारोबार में 28.88% की गिरावट के साथ 1,513.90 रुपए तक गिरा, जो 52 सप्ताह का निचला स्तर है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



निवेशकों को संबोधित करते उद्योगपति गौतम अडाणी

**अडाणी** समूह की कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर बृहस्पतिवार को लगभग 26 प्रतिशत टूट गया। इसके एक दिन पहले, बुधवार को कंपनी ने अपने 20 हजार करोड़ रुपए के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को वापस लेने और निवेशकों का पैसा लौटाने की घोषणा की थी। हालांकि, कंपनी के एफपीओ को मंगलवार को पूर्ण अभिदान मिल गया था। बीएसई में कंपनी का शेयर 26.50 प्रतिशत टूटकर 1,564.70 रुपए पर आ गया।

दिन के कारोबार में यह 28.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,513.90 रुपए तक गिरा, जो 52 सप्ताह का निचला स्तर है। समूह की ज्यादातर अन्य कंपनियों का प्रदर्शन भी लगातार छठे दिन कमजोर रहा। अडाणी पोर्ट्स के शेयर में 6.13 फीसदी की गिरावट आई, अडाणी ट्रांसमिशन में 10 फीसदी, अडाणी ग्रीन एनर्जी में 10 फीसदी, अडाणी टोटल गैस में 10 फीसदी, अडाणी विल्मर में पांच फीसदी, एनडीटीवी में 4.99 फीसदी और अडाणी पावर में 4.98 फीसदी की गिरावट आई।

## बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण एफपीओ वापस लियाः अडाणी

**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडाणी ने समूह की कंपनियों के शेयरों में जारी गिरावट के बीच बृहस्पतिवार को पहली बार चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण उनके समूह की प्रमुख कंपनी के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को पूर्ण अभिदान मिलने के बाद भी उसे वापस लेने का फैसला किया गया। अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र में कारोबार कर रहे समूह पर गड़बड़ी और खाते में धोखाधड़ी के आरोप के बाद दोनों पक्षों के बीच सार्वजनिक तौर पर जारी वार-पलटवार के बीच पहली बार अडाणी ने बयान जारी किया।

# समान नागरिक संहिता पर कोई फैसला नहीं: रिजिजू

- केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री ने कहा, 22वां विधि आयोग कर सकता है विचार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्र** सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद में बताया कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने पर कभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सरकार ने साथ यह भी कहा कि 22वां विधि आयोग समान नागरिक संहिता से संबंधित मामले पर विचार कर सकता है।

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि समान नागरिक संहिता लागू करने पर कभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने भारत के 21वें विधि आयोग से अनुरोध किया था कि समान नागरिक संहिता से संबंधित विभिन्न विषयों का परीक्षण करें और उस पर अपना सुझाव दें। रिजिजू ने कहा कि लेकिन 21वें विधि आयोग की अवधि 31 अगस्त 2018 को समाप्त हो गई।

उन्होंने कहा कि विधि आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार समान नागरिक संहिता से संबंधित मामला 22वें विधि आयोग द्वारा अपने विचार के लिए लिया जा सकेगा। अत: समान नागरिक संहिता लागू करने पर कभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। ज्ञात हो कि समान नागरिक संहिता भारतीय जनता पार्टी का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा रहा है। उत्तराखंड और गुजरात जैसे भाजपा शासित कुछ राज्यों ने इस लागू करने की दिशा में कदम उठाया है।

# 32 साल पहले 100 रुपए घूस लेने की सजा एक वर्ष की जेल, 1500 जुर्माना

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सीबीआई** के विशेष जज अजय विक्रम सिंह ने 32 वर्ष पहले 100 रुपए की रिश्वत लेने के मामले में उत्तर रेलवे हास्पिटल के तत्कालीन हेड क्लर्क राज नारायण वर्मा को एक साल की सजा सुनाई है। इस पर 15 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। इससे पूर्व 82 वर्षीय मुल्जिम की ओर से अपनी असाध्य बीमारियों का हवाला देते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा से ही दंडित करने की गुजारिश की गई थी। विशेष जज ने अपने आदेश में कहा है कि उसे सिर्फ जेल में बिताई गई अवधि जो मात्र दो दिन रही है, से दंडित करने पर समाज में गलत संदेश जा सकता है। लेकिन रिश्वत की राशि, अपराध की प्रकृति व अन्य तथ्यों के मद्देनजर उसे दी गई सजा से न्याय की मंशा पूर्ण हो जाएगी। वर्ष 1991 में उत्तर रेलवे के सेवानिवृत लोको ड्राइवर राम कुमार तिवारी ने रिश्वत के इस मामले की शिकायत सीबीआई में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक पेंशन को कम्प्यूट कराने के लिए उनका मेडिकल टेस्ट होना था।

# एक से अधिक सीट से चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की याचिका खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उम्मीदवारों के एक साथ एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। इसने कहा कि यह निर्णय संसद को लेना है कि एक उम्मीदवार एक से अधिक सीट से चुनाव लड़ सकता है, या नहीं। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने कहा कि उम्मीदवार कई कारणों से अलग-अलग सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।

पीठ में न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला भी शामिल थे। पीठ अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 33(7) को अवैध और संविधान के दायरे से बाहर घोषित करने का अनुरोध किया गया था। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 33(7) एक व्यक्ति को दो निर्वाचन क्षेत्रों से किसी एक आम चुनाव या कई उपचुनावों में या द्विवार्षिक चुनाव लड़ने की अनुमति देती है।

पीठ ने कहा, उम्मीदवारों को एक से अधिक सीट से चुनाव लड़ने की अनुमति देना विधाई नीति का विषय है क्योंकि इस तरह का एक विकल्प देकर देश में राजनीतिक लोकतंत्र को आगे बढ़ाना अंततः संसद की इच्छा पर निर्भर करता है। उपाध्याय की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने दलील दी कि यदि कोई प्रत्याशी दो सीट से चुनाव लड़ता है और दोनों पर उसकी जीत हो जाती है, तो उसे एक सीट छोड़नी होती है जिसके बाद उपचुनाव कराना जरूरी होता है और राजकोष पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,932 | ↑ 224 |
| निफ्टी | 17,610 | ↑ 05 |
| सोना | 58,680 | ↑ 770 /10g |
| चांदी | 71,666 | ↑ 1491 /kg |

## क्विक न्यूज

### सर्वोच्च न्यायालय के लिए पांच न्यायाधीशों के नामों को मंजूरी मिलने की संभावना

**नई दिल्ली।** सरकार शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नति के लिए अनुशंसित उच्च न्यायालयों के तीन मुख्य न्यायाधीशों और दो न्यायाधीशों के नामों को मंजूरी दे सकती है। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने पिछले साल 13 दिसंबर को न्यायमूर्ति पंकज मिथल, मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट, न्यायमूर्ति संजय करोल, मुख्य न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार, मुख्य न्यायाधीश, मणिपुर उच्च न्यायालय, पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के नाम की सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में पदोन्नति की सिफारिश की।

# धर्मांतरण मामले में कुलपति सहित अन्य पर दो एफआईआर दर्ज

**भाषा।** प्रयागराज

**फतेहपुर** में सामूहिक धर्मांतरण को लेकर चर्चा में आए कृषि विश्वविद्यालय (शुआट्स) के कुलपति आरबी लाल और अन्य अधिकारियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश विशेष कार्यबल (यूपी एसटीएफ) की प्रयागराज इकाई के उपाधीक्षक नवेंदु कुमार ने अवैध नियुक्ति और सरकारी धन के दुरुपयोग को लेकर बृहस्पतिवार को यहां के नैनी थाना में दो प्राथमिकियां दर्ज कराईं। पहली प्राथमिकी में सैम हिग्गिनबटम युनिवर्सिटी ऑफ एग्रिकल्चर, टेक्नोलाजी एंड साइंसेज (शुआट्स) के कुलाधिपति जे ए आलिवर, कुलपति आर बी लाल, तत्कालीन रजिस्ट्रार ए के लारेंस, प्रति कुलपति सुनी बी लाल, एचआरएएम के तत्कालीन निदेशक बिनोद बिहारी लाल, रजिस्ट्रार राबिन एल प्रसाद, तत्कालीन वित्त निदेशक स्टीफन दास, डीन मोहम्मद इम्तियाज सहित 12 से अधिक लोगों के खिलाफ अवैध नियुक्तियों का मामला दर्ज कराया गया है। प्राथमिकी के मुताबिक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा के निदेशक की जांच में पाया गया कि 1984 और 2017 के बीच कुल 69 प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति निर्धारित भर्ती प्रक्रिया (मानक) के विपरीत की गई। इन नियुक्तियों में कूटरचित अभिलेखों का उपयोग करते हुए भ्रष्ट आचरण अपनाया गया। दूसरी प्राथमिकी वित्तीय व्यवस्थाओं में अनियमितता को लेकर दर्ज कराई गई जिसमें कहा गया है कि स्थानीय निधि लेखा परीक्षा के निदेशक की जांच में पाया गया कि शुआट्स के कुलपति और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रसार योजना, आयोजन, प्रशिक्षण में बिना अनुदान सत्यापन के 32 लाख रुपए का भुगतान किया।

# नेपाल से पवित्र शिलाएं अयोध्या पहुंची

- विशेष पूजा अर्चना के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को की गईं भेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या



अयोध्या में नेपाल से लाई गई शिला का पूजन करते श्रद्धालु

**अयोध्या** में बन रहे श्रीराम मंदिर में स्थापित होने वाली भगवान राम की मूर्ति को तराशने में इस्तेमाल होने वाली नेपाल की गंडकी नदी से विशेष पवित्र शिलाएं (चट्टान) अयोध्या पहुंचीं। गुरुवार को श्रीरामनगरी में सरयू के तट पर एक आस्था का प्रवाह प्रवाहित हो उठा, जब रामसेवक पुरम में नेपाल के काली गंडकी नदी से लाई गई शिला को नेपाल स्थित प्राचीन मिथिला की राजधानी जनकपुर के जानकी मंदिर के महंत राम तपेश्वर दास और नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री विमलेंद्र निधि ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय को समर्पण पत्र के माध्यम से भेंट किया। इससे पूर्व शिला का 51 वैदिक आचार्यों ने विधि विधान से पूजन किया। जिसमें मुख्य रूप से नेपाल जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी रामरोशन दास और नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री बिमलेंद्र निधि के साथ अयोध्या तीन कलसा तिवारी मंदिर के महंत गिरीश पति त्रिपाठी के साथ दर्जनों संत-महंत सम्मिलित हुए।

पूजन के बाद एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी वक्ताओं ने अयोध्या और जनकपुर के संबंधों के संबंधों के बारे में बताया। जानकी मंदिर के महंत राम तपेश्वर दास ने दूल्हा-दुल्हन सरकार की जय का जयकारा लगाकर अयोध्या और नेपाल के त्रेता युग के संबंधों को पुनर्जीवित किया। जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी महंत राम रोशन दास ने कहा कि शालिग्राम शिला को विष्णु का अवतार माना गया है।

## राम जन्मभूमि स्थल को बम से उड़ाने की धमकी

**अयोध्या।** अयोध्या में बृहस्पतिवार को राम जन्मभूमि स्थल को बम विस्फोट करके उड़ाने की कथित धमकी दिए जाने के बाद हड़कम्प मच गया। राम जन्मभूमि थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि रामकोट इलाके में स्थित रामलला सदन मंदिर में रहने वाले मनोज नामक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी कि आज तड़के उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। सिंह के अनुसार मनोज ने बताया कि फोन करने वाले ने धमकी दी कि सुबह 10 बजे वह राम जन्मभूमि को विस्फोट करके उड़ा देगा तथा उसके बाद फोन करने वाले ने कॉल काट दी।

मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

# राजधानी को ग्रेटर लखनऊ के रूप में विकसित करने के कार्यों को करें तेज

● सभी विभाग बजट संबंधी प्रस्ताव समय से केंद्र सरकार को करें प्रेषितः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2023-24 के केन्द्रीय बजट के परिप्रेक्ष्य में सभी सम्बन्धित विभागों को अपने-अपने प्रस्ताव भारत सरकार को समय से प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रभावी प्रयास किया जाना आवश्यक है। इसके दृष्टिगत समस्त कार्रवाई समयबद्ध ढंग से की जाए।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के बजट में केन्द्रीय करों में राज्य के अंश तथा केन्द्र सरकार के सहायता अनुदान में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। केन्द्र सरकार ने गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति करने की योजना को एक वर्ष के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव किया है। इसका सर्वाधिक लाभ उत्तर प्रदेश के लोगों को होगा। इसे प्रदेश में सुचारु रूप से संचालित किया जाए। उत्तर प्रदेश का आगामी बजट, केन्द्रीय बजट के प्राविधानों को ध्यान में रखकर बनाया जाए। दोनों बजट के माध्यम से अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास किया जाए। प्रदेश की जनता की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर राज्य सरकार का आगामी बजट तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। राज्य में राजस्व की कोई समस्या नहीं है। इसके दृष्टिगत प्रदेश का आगामी बजट बनाया जाए। वित्तीय वर्ष 202–23 के बजट की अवशेष धनराशि विभागों द्वारा प्राथमिकता पर अवमुक्त की जाए। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक-एक हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निर्माण कराया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय बजट में विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूहों की सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने के लिए प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन लागू करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके दृष्टिगत जनपद बिजनौर की बुक्सा जनजाति के विकास के लिए नियोजित प्रयास किये जाएं। प्रदेश में मंडल स्तर पर वहां की सामाजिक व भौगोलिक परिस्थिति के दृष्टिगत खेल की गतिविधियों के विकास के लिए खेल सेंटर बनाए जाएं। स्टेट कैपिटल रीजन की अवधारणा को साकार करने के लिए लखनऊ को ग्रेटर लखनऊ के रूप में विकसित करने के कार्यों को आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हाउसिंग फॉर ऑल के लक्ष्यों को प्राप्त किया जाएगा। भारत सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष के अपने बजट में म्युनिसिपल बॉण्ड के लिए शहरों को तैयार किए जाने पर बल दिया है। प्रदेश के लखनऊ तथा गाजियाबाद नगर निगमों द्वारा पूर्व में बॉण्ड जारी किए जा चुके हैं। केन्द्र सरकार के सहयोग से प्रदेश के अन्य नगर निगमों को म्युनिसिपल बॉण्ड के लिए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई उत्तर प्रदेश की बड़ी ताकत है। प्रदेश में औद्योगिक विकास का आधार एमएसएमई है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तथा जी-20 के प्रदेश में आयोजित होने वाले सम्मेलनों के अतिथियों को उपहार स्वरूप ओडीओपी उत्पाद भेंट किए जाएं। इससे जनपदों के हमारे परम्परागत उत्पादों का प्रचार होगा। स्टेट गेस्ट हाउस, हवाई अड्डों आदि पर ओडीओपी उत्पादों के आउटलेट स्थापित किए जाएं, तथा ऑन लाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से इन उत्पादों के विपणन की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय बजट में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

# आठ नए विवि की स्थापना के लिए आशय पत्र जारी करने की संस्तुति



● सीएस की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति की बैठक में निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि निजी विवि की स्थापना से प्रदेश की शिक्षण व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें प्रदेश में ही गुणवत्तायुक्त उच्च शिक्षा प्राप्त होगी, साथ ही लोगों के लिये रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। बृहस्पतिवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में निजी क्षेत्र के अन्तर्गत विवि की स्थापना के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के समक्ष निजी क्षेत्र के अन्तर्गत विवि की स्थापना के संबंध में आठ प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। विचार-विमर्श के उपरान्त समिति ने आठ नए निजी विवि- महर्षि महेश योगी रामायण विवि, अयोध्या, महर्षि महेश योगी इन्टरनेशनल एग्रीकल्चर विवि, बिल्हौर (कानपुर नगर), फ्यूचर विवि, बरेली, शारदा विवि, आगरा, जीएस विवि, हापुड़, विद्या विवि, मेरठ, डॉ. केएन मोदी विवि, गाजियाबाद, केएम (कृष्ण मोहन) विवि, मथुरा को आशय पत्र जारी करने की संस्तुति की।

बैठक में अपर मुख्य सचिव आयुष आराधना शुक्ला, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुधीर एम. बोबड़े, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सम्बन्धित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नगरीय निकायों में डिग्री, डिप्लोमा धारक छात्रों को मिलेगा इंटर्नशिप करने का मौका



● निदेशक नगर निकाय ने एसीएस उच्च शिक्षा व प्राविधिक शिक्षा विभाग को भेजा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के युवाओं को अब नगरीय निकायों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। नगरीय शिक्षण इंटर्नशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत युवाओं को नगरीय निकाय निदेशालय के अधीन नगर निकाय प्रशासन स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी आदि में काम करने का अवसर प्राप्त होगा। प्राविधिक शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रदेश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानो को इस कार्यक्रम की जोड़ने की पहल की गई है। साथ ही यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के साथ टाइ अप करने का भी फैसला लिया गया है।

निदेशक नगर निकाय निदेशालय नेहा शर्मा ने इस संबंध में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग और अपर मुख्य सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग को भी पत्र भेजा है। नेहा शर्मा ने बताया कि प्रदेश के समस्त नगर निकायों को निर्देशित किया गया है कि वह ट्यूलिप के सफल क्रियान्वयन हेतु सम्बन्धित निकाय में स्थित कार्यालय के निकटस्थ कॉलेज अथवा विवि आदि से करार करते हुए छात्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। वहीं उच्च शिक्षा विभाग और प्राविधिक शिक्षा विभाग को भेजे गए पत्र में निदेशक नगर निकाय द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों एवं महाविद्यालयों तथा प्राविधिक शिक्षा संस्थानों एवं महाविद्यालयों को नगर निकाय से साथ टाइ अप ;कर ट्यूलिप इंटर्न उपलब्ध कराने संबंधी निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है। नगरीय शिक्षण इंटर्नशिप कार्यक्रम ट्यूलिप से इंटर्नशिप करने के लिए छात्रों की अर्हता निर्धारित की गई है। इसके तहत किसी भी विषय या स्ट्रीम से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाला प्रत्येक स्नातक, परास्नातक, एमफिल, पीएचडी, डिप्लोमा धारक छात्र छात्राएं इस इंटर्नशिप कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं। अभ्यर्थी अंतिम नतीजे जारी होने की तिथि से 36 माह के भीतर ही आवेदन कर सकते हैं। इंटर्नशिप कार्यक्रम की समयसीमा निकाय द्वारा निर्धारित की जाएगी। छात्र इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए सीधे भी पंजीकरण करा सकते हैं। इच्छुक छात्र छात्राएं वेबसाइट पर सीधे जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

## कम पैसे में इंश्योरेंस पॉलिसी रिन्यूवल कराने की ठगी करने तीन गिरफ्तार




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कम** पैसे में इंश्योरेंस पॉलिसी रिन्यूवल कराने का झांसा देकर लोगों के साथ ठगी करने वाले तीन शातिर जालसाजों को एसटीएफ की टीम ने गौतमबुद्ध नगर से गिरफ्तार किया। एसटीएफ को बीते कुछ समय से गौतमबुद्धनगर में फ र्जी काल सेंटर चलाकर ग्लोबल डाटा आर्टस से डाटा लेकर फर्जी आईडी की सिम से काल कर इन्श्योरेंस पालिसी को कम रुपयों में रिन्यूवल कराने का लालच देकर व दुबारा शुरू कराने के लिए अपने फ र्जी बैंक एकाउंट के पैसे ट्रान्सफ र कराकर ठगी करने तथा फर्जी एकाउंट के एटीएम द्वारा पैसे निकालने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रहीं थी। इस संबंध में कार्रवाई के लिए वेस्ट यूपी की एसटीएफ टीमों को निर्देशित किया गया था। मेरठ की टीम को छानबीन के दौरान पता चला कि थाना मेडिकल क्षेत्र में 23 दिसंबर 2022 को एसटीएफ द्वारा फ र्जी प्लेसमेंट सेंटर चलाकर बेरोजगार नवयुवकों के साथ धोखाधड़ी कर नौकरी दिलाने का लालच देकर मोटी रकम वसूल करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। इस घटना का वांछित जितेन्द्र अग्रवाल उर्फ जिगर सेक्टर 63 के ए ब्लाक में फर्जी काल सेंटर में कार्य कर रहा है।

इस पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने ए-ब्लाक के बिल्डिंग नम्बर ए-146 की दूसरी मंजिल पर अन्दर बने अलग-अलग कैबिन में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम-पता इमरान निवासी मारिया मोड़, लोहारपुर, गाजियाबाद, जितेन्द्र अग्रवाल उर्फ जिगर निवासी कल्लूपुरा, थाना मसूरी, गाजियाबाद और रोहित सैनी निवासी खत्रीवाड़ा, कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद, बुलंदशहर बताया।

## विधायक के निधन पर स्पीकर ने जताया शोक

**लखनऊ।** यूपी के मिर्जापुर जिले के छानबे विधानसभा से अपना दल (एस) के विधायक और सोनभद्र के पूर्व सांसद पकौड़ी लाल कोल के पुत्र राहुल प्रकाश कोल कैंसर से जंग हार गए। उन्होंने गुरुवार सुबह मुंबई स्थित अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह मात्र 40 वर्ष के थे और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनके निधन पर शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। राहुल प्रकाश कोल छानबे विधानसभा सीट पर लगातार दूसरी बार विधायक बने थे। 2017 विधान सभा चुनाव में वे सबसे कम उम्र के विधायक बने थे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधायकों के एक समूह के साथ बैठक के दौरान सूचना मिलने पर 2 मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना प्रकट की। विधानसभा अध्यक्ष ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वह दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने के साथ ही शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुरूख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# विधायकों को सम्मान देना अधिकारियों की जिम्मेदारीः स्पीकर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधानसभा** के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधायकों का सम्मान उस क्षेत्र की जनता का सम्मान है लेकिन पिछले कुछ दशकों से विधायकों का सम्मान कम करने की कोशिश की जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायकों को सम्मान देना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। विधायकों समूहों के साथ बैठकों की श्रृंखला में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने व्यावासायिक क्षेत्र से जुड़े विधायकों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने विधायको से कहा कि हम सब जिस क्षेत्र में हैं उस क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने का काम करें। श्री महाना ने कहा कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था के तहत जनता के प्रतिनिधि होने के नाते सबसे बड़ी जिम्मेदारी विधायिका की ही दिखाई पड़ती है। इसलिए हम सबको इस क्षेत्र में रहते हुए जनहित में विकास के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यूपी विधानसभा अब वह देश की विधानसभाओं का नेतृत्व करने को तैयार है। श्री महाना ने कहा कि पहले यूपी विधानसभा की चर्चा नहीं होती थी लेकिन यहां हो रहे बदलावों की अब चर्चा दूसरी विधानसभाओं में भी हो रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यूपी विधानसभा में अभी और भी बदलाव देखने को मिलेंगे। मेरा यूपी विधानसभा के प्रति पुरानी धारणा बदलने का प्रयास है। महाना ने कहा कि बजट सत्र के बाद एक साल पूरा होने पर विधायकों के साथ ग्रुप डिस्कशन का काम किया जाएगा जिससे मालूम हो सके कि उन्होंने इस अवधि में क्या सीखा और अभी और क्या बेहतर किया जा सकता है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि यह दावा तो नहीं करता कि सब कुछ ठीक कर दूंगा पर पिछले कुछ दशकों से विधानसभा का जो ग्राफ गिरता जा रहा था उसे रोकने का काम करता रहूँगा। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यूपी विधानसभा की छवि में अब धीरे धीरे बदलाव हो रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक सिद्वार्थनाथ सिंह ने कहा कि विधानसभा में डिबेट का चलन अब धीरे धीरे कम होता जा रहा हैए जो चिन्तनीय है। अगर डिबेट होगी तो सदन का कार्यवाही भी लम्बे समय तक संचालित होगी। भाजपा सदस्य आशुतोष टंडन गोपाल ने कहा कि हम सबको मिलकर यूपी के विकास के लिए काम करना चाहिए। साथ ही अपनी प्रतिष्ठा भी उस क्षेत्र का विकास करके बढ़ानी होगी तभी यूपी विधानसभा की अलग पहचान बन सकेगी। भाजपा विधायक हरविन्दर कुमार साहनी उर्फ रोमी साहनी ने कहा कि अध्यक्ष सतीश महाना के प्रयासों से अब यूपी विधानसभा की छवि में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। बसपा विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि यूपी विधानसभा अब शिखर पर पहुंच रही है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा ओमेक्स मेट्रोसिटी में प्लाट सं0 OMCL/J/P3/294 का आवंटन/अनुबन्ध पत्र व रसीदें नं0 1410214 दिनांक 29.04.17 रु0 4 लाख, 1410235 दिनांक 29.04.17 रु0 50 हजार, 1455463 दिनांक 14.06.17 रु0 3 लाख 75 हजार, 1612967 दिनांक 18.12.17 रु0 1,30,990, 1617351 दिनांक 11.01.18 रु0 101881, 1618224 दिनांक 16.01.18 रु0 101880, 1631170 दिनांक 22.03.18 रु0 101880, 1637185 दिनांक 27.04.18 रु0 101880, 1649034 दिनांक 06.07.18 रु0 101880, कहीं खो गई हैं। इसका प्रयोग अवैध माना जाए। लीना पत्नी श्री विनोद मित्रा 554ख/241सी-अम्बेडकरनगर, आलमबाग लखनऊ।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 213881593 में मेरा नाम राज किशोर दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक पास बुक पर शिवकरन दर्ज है। राज किशोर व शिवकरन दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं जो कि मेरे हैं। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। शिवकरन पुत्र गया प्रसाद निवासी ग्राम जिरहा, पोस्ट-बीहट गौड़, तहसील-महोली, जिला सीतापुर

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 213435174 में मेरा नाम समीर कुमार पाण्डेय दर्ज हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक पास बुक पर मेरा नाम भरत पाण्डेय दर्ज है। समीर कुमार पाण्डेय व भरत पाण्डेय दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं जो कि मेरे हैं। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। भरत पाण्डेय पुत्र महेन्द्र पाण्डेय निवासी मो0 विकास नगर कालोनी, खूबपुर तहसील व जिला सीतापुर

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आधुनिक यूपी की झलक पेश करेगा ड्रोन शो

● देश और दुनिया से आए मेहमानों को आधुनिक यूपी की दिखाई देगी झलक

कार्यक्रम में 600 ड्रोन्स द्वारा एक विशिष्ट शो का किया जाएगा आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** में 10 से 12 फरवरी के मध्य होने जा रही यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को भव्य बनाने के लिए योगी सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर आयोजन स्थल यानी वृंदावन योजना की टेंट सिटी में मेहमानों के स्वागत और उनकी सुविधा के लिए हर तरह की व्यवस्था की जा रही है। मेहमानों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है जबकि उन्हें आधुनिक होते यूपी की झलक दिखाने के लिए एक भव्य ड्रोन शो को भी शोकेस किया जाएगा। इस आयोजन में 600 ड्रोन्स की उपस्थिति में विशिष्ट लाइटिंग शो से पूरा वेन्यू जगमगा उठेगा। इस ड्रोन शो कम लाइटिंग शो का मेहमान दर्शक दीर्घा में बैठकर दीदार कर सकेंगे। यह ड्रोन शो एक तरह से इस पूरे आयोजन का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन साबित हो सकता है। यह कार्यक्रम कितना भव्य होगा इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें 600 ड्रोन्स का इस्तेमाल किया जाएगा जो कि आयोजन स्थल के आकाश में रंग बिरंगी रोशनी में सराबोर होकर एक अलग ही आभा प्रस्तुत करेंगे। उत्तर प्रदेश में दो अवसरों पर पहले भी ड्रोन शो का आयोजन हो चुका है। हाल ही में काकोरी बलिदान दिवस की याद में गोरखपुर में 750 ड्रोन्स के जरिए एक अलौकिक शो का आयोजन किया गया था जो कि न केवल राज्य बल्कि देश का भी अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन शो था। इससे पूर्व लखनऊ में भी वर्ष 2021 के दौरान रेजिडेंसी में आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के दौरान 500 ड्रोन्स का उपयोग हुआ था जिन्होंने एक अलग ही आभा बिखेरी थी। इन्हीं सफलताओं से उत्साहित होकर प्रदेश सरकार ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में भी ड्रोन शो को बतौर एक सिग्नेचर ब्लॉकबस्टर इवेंट के तौर पर शामिल करने जा रही है। इसके लिए बाकायदा प्रशासन की ओर से सभी जरूरी कार्य किए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि शो के पूर्व एक निर्धारित कोऑर्डिनेट पर जल्द ही इसकी टेस्टिंग की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। कार्यक्रम में भाग लेने आए प्रतिभागियों की सहूलियत के लिए बाकायदा आयोजन स्थल पर एक अलग से दर्शक दीर्घा बनाई जा रही है जहां से हर कोई इस शो का आनंद उठा सकेगा। इस भव्य कार्यक्रम की गूंज न केवल पूरे देश बल्कि दुनिया के विभिन्न कोनों में भी हो रही है। यही कारण है कि इस भव्य कार्यक्रम को नव्य प्रारूप में प्रस्तुत करने एवं देश विदेश से आए निवेशकों में उत्तर प्रदेश की अलग और आधुनिक पहचान बनाने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्लोबल इनवेस्टर समिट से जुड़े सूक्ष्म से सूक्ष्म पहलुओं पर नवाचार के दृष्टिगत किस प्रकार कार्य किया जा रहा है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आयोजन स्थल पर आवागमन हेतु जैविक ऊर्जा से चलने वाले वाहनों के बजाए जीरो एमिशन गोल्फ कार्ट को प्राथमिकता दी जा रही है।

## भाजपा सरकार की गलत नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्र सरकार ने लोकलुभावन बजट पेश कर उसका ढिंढ़ोरा पीटना शुरु कर दिया है। इस बजट में भी भाजपा सरकार ने आदतन मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के बुनियादी मुद्दों को दर किनार कर दिया और जनता का ध्यान बंटाने के लिए कुछ घोषणाएं करके चुप्पी साध ली है।

अखिलेश ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था पर चंद पूंजीपतियों का कब्जा है। भाजपा सरकार राष्ट्रीय सम्पत्तियों को उन्हीं के हाथों बेच रही हैं। देश की सरकारी और सार्वजनिक संस्थानों से उद्योगपतियों को बड़े-बड़े कर्ज दिलवाए गए हैं। एक बड़े उद्योगपति का सरकारी संरक्षण की बदौलत विशाल साम्राज्य खड़ा हो गया पर एक संस्थान ने सच्चाई उजागर कर उस साम्राज्य की दीवारों को दरका दिया जो झूठ के रेत पर बना था। शेयर बाजार में उसके शेयर तेजी से गिर रहे हैं। ऑक्सफैम इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में एक फीसदी अमीरों के पास देश की 40 प्रतिशत से अधिक सम्पत्ति पर कब्जा हो गया है। देश की आधी से ज्यादा आबादी का सिर्फ तीन प्रतिशत हिस्सा है। प्रधानमंत्री 2014 में महंगाई कम करने के वादे के साथ सत्ता में आये लेकिन अब महंगाई कम करने की बात को भूल गये है। बाजार में आज आटा 38.40 रुपए प्रति किलों बिक रहा है। पेट्रोल-डीजल और गैस की बढ़ी कीमतों पर कोई रोक नहीं है।

# समस्या समाधान का भरोसा देकर घर जाने का किराया भी दिलाया योगी ने

● कोई दबंग-माफिया किसी की जमीन कब्जाने पाएगाः सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर, लखनऊ



**जनता** की समस्याओं के निस्तारण की प्रतिबद्धता के साथ व्यक्तिगत संवेदनशीलता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली को अति विशिष्ट बनाती है। गुरुवार सुबह जनता दर्शन के दौरान उनकी इसी कार्यशैली ने समस्या लेकर आए लोगों में न केवल समाधान का चिर परिचित भरोसा जगाया बल्कि उन्हें मुख्यमंत्री का मुरीद भी बना दिया। सबकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का परिणामजन्य आश्वासन देने के साथ ही सीएम योगी ने कौशाम्बी से आई महिला को घर जाने के लिए गोरखनाथ मंदिर कार्यालय से किराया भी दिलवाया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद महिला के बद्ध कर और नम आंखें कृतज्ञता का ज्ञापन कर रही थीं। गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। उनकी पीड़ा सुनीए उसे महसूस किया और समस्या के त्वरित निराकरण का निर्देश अधिकारियों को दिया। समस्या सुनने के दौरान मुख्यमंत्री ने कहाए ष्समस्या कोई भी होए मेरे रहते घबराने या चिंता करने की बिलकुल जरूरत नहीं है। सबकी समस्या का न्यायोचित समाधान करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। न तो किसी के इलाज में धन की बाधा सामने आएगी और न ही कोई दबंग.माफिया किसी की जमीन कब्जाने पाएगा। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता की मांग, जमीन कब्जाने, धोखे से जमीन की रजिस्ट्री कराने जैसे मामले आए थे। समस्या लेकर आने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक थी। जमीनी विवाद से जुड़ी शिकायतों पर सीएम ने दो टूक कहा कि यदि कोई दबंग या माफिया किसी की जमीन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करते हुए करारा सबक सिखाया जाए। जमीन के पारिवारिक विवाद में दोनों पक्षों को मिल बैठकर कानून के दायरे में समझाया जाए। समस्या कोई भी हो, उसका त्वरित, न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान होना चाहिए। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी करा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराएं। जनता दर्शन में अपनी माताओं के साथ आए नन्हे मुन्ने बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्यार.दुलार व आशीर्वाद मिला। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा पढ़ने के लिए प्रेरित कर उन्हें चाकलेट गिफ्ट किया। जनता दर्शन में कौशाम्बी से एक महिला जमीन से जुड़ी समस्या लेकर पहुंची थी। मुख्यमंत्री ने उसकी समस्या सुनकर आश्वस्त किया कि चिंता मत करिएए जरूर न्यायोचित कार्यवाही की जाएगी। सीएम से भरोसा पाने के बाद महिला ने उनसे कहा कि महाराज जीए घर वापस जाने के लिए किराए का पैसा नहीं है। इस पर मुख्यमंत्री ने उसके प्रति संवेदना जताते हुए मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों को निर्देशित किया कि कार्यालय से महिला को किराए की राशि उपलब्ध कराई जाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# ऊर्जा मंत्री ने विद्युत उपकेन्द्र दाउदनगर का किया लोकार्पण

● **फैजुल्लगंज के 26 हजार परिवारों के 1 लाख लोगों को लो-वोल्टेज व ब्रेक-डाउन से मिलेगी राहत**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने लखनऊ की विद्युत आपूर्ति में सुधार के लिए 987.78 लाख रूपए की लागत से नया निर्मित 33-11 केवी विद्युत उपकेन्द्र दाउदनगर फैजुल्लागंज का लोकार्पण किया। उन्होंने उपकेन्द्र के लोड पैनल, लॉग सीट और स्थापित ट्रांसफार्मर को भी देखा। इस उपकेन्द्र का 31 मई 2022 को ऊर्जीकरण किया गया था। इस उपकेन्द्र के चालू होने से फैजुल्लागंज क्षेत्र के 26 हजार परिवारों के 1 लाख लोगों को राहत मिलेगी तथा इस क्षेत्र में लो वोल्टेज एवं ब्रेक डाउन की समस्या से उपभोक्ताओं को मुक्ति मिलेगी। फैजुल्लागंज के पुराने विद्युत उपकेन्द्र के लगभग 5100 उपभोक्ताओं का विद्युत भार अब इस उपकेन्द्र से संचालित 4 फीडरों में रहीमनगर डिडौली, ककौली, नीलकंठ तथा दाउदनगर से मिलेगी। नये उपकेन्द्र से 5 हजार उपभोक्ताओं को नया कनेक्शन भी मिलेगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार आमजन की समस्याओं को लेकर गम्भीरता से जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। बिजली की पुरानी व्यवस्था को बदलने का कार्य किया जा रहा है। विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए ट्रांसफार्मर, फीडर की क्षमता बढ़ायी जा रही है। जर्जर लाइनों व खम्भों और लकड़ी के पोल को हटाया जा रहा है। इसके लिए केन्द्र सरकार की रीवैम्प योजना के माध्यम से तीन चरणों में कार्य होगा। पूरे देश में पहले स्थान पर इसमें हमारे प्रदेश में तेजी से कार्य हो रहा है। इससे विद्युत की एक आदर्श व्यवस्था संचालित होगी और उत्तर प्रदेश में भी एक साल के भीतर 24 घंटे बिजली मिलने लगेगी।

उन्होंने लोगों से कहा कि विद्युत व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु प्रतिमाह बिल जमा करें। अपने आसपास होने वाली बिजली चोरी को रोकने में मदद करें। अधिकारी भी ईमानदारी से कार्य न करें तो उनकी भी शिकायत करें।

## इनवेस्टर समिट को लेकर बनेंगे एक अस्थाई व दो स्थाई अस्पताल

**लखनऊ।** राजधानी में आगामी 10 फरवरी से शुरू हो रहे इनवेस्टर समिट में आने वाले मेहमानों की सेहत को ध्यान में रखते हुए एक अस्थाई सहित दो स्थाई अस्पतालों की व्यवस्था की गई है। तीन दिवसीय होने वाले सम्मिट को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से अपनी तैयारियों की समीक्षा गुरूवार को गई है। समिट में आने वाले मेहमानों की सेहत का खयाल रखने तीन अस्थायी अस्पताल बनाए जा रहे हैं। इनमें इलाज के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध होंगे। वहीं बलरामपुर और मेदांता को स्थायी अस्पताल के रूप में अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें बेड आरक्षित किए गए हैं। अस्थायी अस्पताल कैंट में बनाए जाएंगे। इसके साथ ही वहां 24 घंटे एंबुलेंस सेवा उपलब्ध रहेगी। डॉक्टर-पैरामेडिकल स्टाफ की टीम भी तैनात की जाएगी। इसके लिए शासन से डॉक्टरों की मांग की गई है। सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल ने बताया कि टेंट से अस्थायी अस्पताल बनेंगे। जिसमें अलग-अलग काउंटर पर डॉक्टर मुस्तैद रहेंगे।

# यजदान बिल्डर पर क्रिकेटर से 71 लाख ठगे जाने का मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अंतर्राष्ट्रीय** क्रिकेटर रविकांत उर्फ रविकांत शुक्ला से याजदान बिल्डर ने 71 लाख रुपये ठग लिये। बिल्डर ने पीड़ित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर से यह ठगी एलडीए के मानक के अनुसार अपार्टमेंट बनवाकर फ्लैट देने के वादा कर किया था। लेकिन इस अपार्टमेंट को अवैध बताते हुए एलडीए ने दिसंबर में ध्वस्त कर दिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने धमकी दी। इस मामले में पीड़ित ने याजदान इंफ्राक न प्रा. लि. के चार निदेशक सहित सात लोगों को आरोपी बनाया है। पीड़ित ने सभी आरोपियों के खिलाफ हजरतगंज थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज अखिलेश मिश्रा के मुताबिक मूलरुप से रायबरेली के रहने वाले रविकांत उर्फ रविकांत शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर हैं। रविकांत ने भारत की अंडर 19 टीम से 2006 में आयोजित विश्वकप में प्रतिनिधित्व किया था। इस टीम में वनडे के कप्तान रोहित शर्मा रविंद्र जडेजा व पीयूष चावला जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल थे।

रविकांत लखनऊ में हजरतगंज के डालीबाग इलाके में बटलर रोड स्थित केके अपार्टमेंट में रहते हैं। रविकांत ने हजरतगंज थाने में तहरीर दी। इसमें आरोप लगाया कि डालीबाग स्थित याजदान इंफ्राकन के प्राग नारायण रोड अलाया हेरिटेज अपार्टमेंट में दो फ्लैट बुक कराया था। पहला फ्लैट एच 208 की रजिस्ट्री 29 जुलाई 20 को कराई थी। इसके लिए 43 लाख रुपये दिया गया। वहीं फ्लैट नंबर जी 207 का एग्रीमेंट 22 सितंबर 20 को कराया। इसके लिए याजदान बिल्डर को 26 लाख रुपये डायरेक्टर सायम याजदानी अलीम चौधरी फहद याजदानी शराफत अली को दिया गया था। इसके अलावा सायम याजदानी की पत्नी फहद यजदानी की पत्नी रुति फसी अहमद ने इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। रविकांत का आरोप है कि इन लोगों उसे धोखा देकर 71 लाख रुपये ठग लिये।

**क्रिकेटर को हत्या की दी धमकी**

रविकांत ने तहरीर में कहा कि जब एलडीए ने बिल्डिंग को ध्वस्त कर दिया। इसकी जानकारी हुई तो बिल्डर से अपने रुपये वापस करने को कहा। इस पर याजदानी बिल्डर के निदेशकों व अन्य आरोपियों ने गालियां व धमकी दी और कहा कि रुपये नहीं मिलेंगे। ज्यादा दबाव बनाये तो परिवार सहित जान से मार दिया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज अखिलेश मिश्रा के मुताबिक तहरीर पर धोखाधड़ी कूटरचित सरकारी दस्तावेज तैयार करने जान से मारने की धमकी सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## नाबालिग लड़की से दुराचार करने वाले को उम्र कैद

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**पॉक्सो** के विशेष जज पवन कुमार राय ने सात वर्षीय लड़की के साथ दुराचार करने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम अवधेश कुमार को उम्र कैद की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर एक लाख का जुर्माना भी ठोका है। 17 मार्च 2018 को पीड़िता को अमरुद दिलाने के बहाने मुल्जिम उसे नर्सरी में ले गया और उसके साथ दुराचार किया। सरकारी वकील शैलेश कुमार सिंह व अरुण कुमार के मुताबिक इस घटना की एफआईआर पीड़िता की मां ने थाना माल में दर्ज कराई थी।

## अदालतों में अग्नि शमन यंत्र लगाने के मामले में जवाब तलब

**लखनऊ ( विसं )।** सूबे की अदालतों में अग्नि शमन यंत्रों को लगाने के संदर्भ में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी। जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस डॉ वाईके श्रीवास्तव की पीठ ने यह आदेश सुनील कुमार द्विवेदी की विचाराधीन जनहित याचिका पर दिया है। गुरुवार को पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट और जिला अदालत के भवनों में अग्नि शमन यंत्र लगाने के कार्य की वर्तमान स्थिति पर जवाब मांगा।

## सीएमएस छात्रों ने सीखे आग व भूकम्प से बचने के उपाय

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, जॉपलिंग रोड कैम्पस के प्रांगण में आज 'फायर एण्ड इवैकुएशन ड्रिल' का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों ने सूझबूझ से आग बुझाने एवं आग से बच निकलने का हुनर सीखा एवं भूकम्प की स्थिति में सुरक्षा व बचाव पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सीएमएस के मुख्य अग्नि सुरक्षा अधिकारी आर घोष ने छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों के आग व भूकम्प से बचने के गुर सिखाए। इस 'फयर एण्ड इवैक्यवैशन ड्रिल' के अन्तर्गत दिखाया गया कि किसी भवन अथवा बहुमंजिला इमारत में आग अथवा भूकम्प की स्थिति में किस प्रकार बचकर निकला जा सकता है एवं जान-माल की रक्षा की जा सकती है। इस ड्रिल की खास बात यह रही कि आग अथवा भूकम्प की स्थित में निर्धारित मानक समय 3 मिनट से भी कम समय लगभग डेढ़ मिनट में ही सारे छात्र व शिक्षक खुले परिसर में जमा हो गये। इसके उपरान्त अग्नि शमन के उपाय आजमाने के साथ ही घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने व प्राथमिक उपचार से सम्बन्धित जानकारी दी गई। इसके अलावा, यह भी प्रदर्शित किया गया कि गैस सिलेण्डर, बिजली अथवा अन्य प्रकार से किसी भवन में लगी आग पर किसी प्रकार काबू पाया जा सकता है एवं भूकम्प आने पर किन-किन सावधानियों से सुरक्षित रहा जा सकता है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शिप्रा उपाध्याय को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से बच्चों में आग से बचाव के प्रति जागरूकता तो उत्पन्न हुई ही है अपितु बड़े लोग भी सावधानी बरतने हेतु सचेत होंगे।

# डीएम ने की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजन स्थल पर बैठक



● **भव्य आयोजन के मद्देजर सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से करे अपने कार्य**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के आयोजन स्थल पर स्थापित किये गए ज़िला प्रशासन के कैम्प कार्यालय, वाररूम में ज़िलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा की जा रही तैयारियों के सम्बंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई।

बैठक में ज़िलाधिकारी ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन स्थल पर 50 एकड़ में एक्ज़ीबिशन एरिया का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमे लगभग 400 से अधिक स्टाल होंगे। इवेंट एरिया में इनाग्रल हालए फ़ोटो आप व कार्फ्रेंस हाल की भी व्यवस्था की जा रही है। उक्त के साथ ही 3 डायनिंग एरिया क्रमश: गोल्ड, सिल्वर व रेड कैटेगरी के बनाए जा रहे है। ड्रोन शो के लिए 2 फ्लोर का हाफ ओपेन एरिया का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त के साथ ही बी2बी व बी2जी एरिया में 16 रूम की व्यवस्था भी की गई है। मीडिया के लिए 2 लाउंज की व्यवस्था की गई है जिसमे वर्किंग एरिया भी होगा। साथ ही मीडिया के लिए डायनिंग एरिया का भी निर्माण कराया जा रहा है।

## पीडब्लूडी कर्मचारियों ने की 13 को प्रदेश स्तरीय हड़ताल की घोषणा

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग के प्रदेश भर में कार्यरत मिनिस्टीरियल कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान न होने से नाराज यूपी पीडब्लूडी मिनिस्टीरियल एसोसिएशन ने हड़ताल करने का एलान किया है। एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश भर के खंडीय कर्मचारी 3 व 4 फरवरी को काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराएंगें। फिर 6 और 7 फरवरी को दो दिवसीय कलम बन्द हड़ताल, 7, 9 और 10 फरवरी को को मंडल स्तर पर मुख्य अभियन्ता कार्यालय पर प्रर्दशन होगा। इसके बाद भी प्रदेश भर में कार्यतर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नही किया गया तो 13 फरवरी को एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय हड़ताल व धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी विभाग के हठधर्मी अधिकारियों की होगी। एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री जेपी पांडेय ने बताया कि खंडीय मिनि. कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए काफी लम्बे समय से सम्बन्धित अधिकारियों को लगातार पत्राचार किया जा रहा है।

## बाल अपचारी गिरफ्तार, तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद

**लखनऊ।** कृष्णानगर पुलिस ने एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी की घटनाएं करने की बात कबूल की है। बीती रात एक मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना मिली। पुलिस उसी के बरामद होने के सम्बंध में विचार विमर्श कर रही थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर किस्म का किशोर किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंचकर शातिर को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने बाइक चोरी करने की बात कबूल करते हुए बाइक बरामद कर ली। वहीं पुलिस ने उसकी निशानदेही पर तीन बाइके बरामद कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नकदी व जेवरात चोरी

**लखनऊ।** राजधानी के निगोहां इलाके में अज्ञात चोरों ने मकान की कुंडी काटकर अलमारी में रखे डेढ़ लाख रुपए व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिये हैं। पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम कुसमैरा निगोहां निवासी महेश कुमार कुशवाहा जो किसान हैं उन्होंने पुलिस को सूचना देकर बताया कि बृहस्पतिवार की दोपहर वह घर पर नहीं थे तभी अज्ञात चोरों ने उनके मकान में लगी कुंडी को काटकर घर में घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर डेढ़ लाख रुपए की नकदी सोने चांदी के जेवरात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिये गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बंधक बनाकर दुराचार, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** कृष्णानगर इलाके में किरायेदार की घिनौनी करतूत सामने आई है। आरोपी बहला फुसलाकर मकान मालिक की 16 वर्षीय बेटी को भगा ले गया और बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। कुछ दिन बाद डरा धमका कर किशोरी को घर छोड़ गया। बुधवार को किशोरी ने जब आपबीती सुनाई तो पिता ने मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक कृष्णानगर निवासी व्यक्ति ने बताया कि हरदोई का कन्हैया लाल बीती 12 जनवरी को उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। 18 जनवरी को घर पर छोड़ गया। आरोप है कि उनकी बेटी कई दिनों से गुमसुम थी। बुधवार को पूछा तो उसने आपबीती सुनाई। किशोरी ने बताया कि कन्हैयालाल ने उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। शिकायत की बात कही तो जान से मारने की धमकी दी और छोड़ गया। आरोप है कि शिकायत करने पर कन्हैयालाल के घरवालों व उसके गांव के प्रधान ने उल्टा किशोरी के पिता को ही धमकाना शुरू कर दिया। इसके बाद बुधवार शाम कृष्णानगर थाने में केस दर्ज कराया।

### महिला समेत चार के खातों से उड़ाए 4.25 लाख

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने महिला समेत चार के खातों से 4.25 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने सीआईएसएफ जवान व बैंककर्मी बनकर फंसाया तो कहीं क्लोन बनाकर ठगी की। ठगी के यह मामले गोमतीनगर, गोमतीनगर विस्तार, कृष्णानगर व इन्दिरानगर के हैं। पुलिस चारों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से पड़ताल कर रही है। गोमतीनगर विस्तार के सेक्टर.6 में सूरज कुमार सिंह परिवार के साथ रहते हैं। उनका बचत खाता स्टेट बैंक में है। उन्होंने बताया कि उनके पास कॉल आयी। फोनकर्ता ने बैंककर्मी बनकर बातों में फंसाया और फिर खाते से 100641 रुपये पार कर दिये। रुपये कटने का मैसेज देख सूरज के पैरों तले जमीन खिसक गयी। बैंक में शिकायत करने के बाद पीड़ित ने गोमतीनगर विस्तार थाने में बीते बुधवार को धोखाधड़ी व आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है। वहीं विश्वासखण्ड 3 निवासी मंजुला श्रीवास्तव का बचत खाता एक बैंक में है। उन्होंने अपना मकान रेंट पर देने के लिए मैजिक ब्रिक्स पर रजिस्ट्रेशन कराया था। 26 जनवरी को उनके मोबाइल पर कॉल आयी। फोनकर्ता ने अपना परिचय सीआईएसएफकर्मी दीपक पवार के रूप में दिया। जालसाज ने अपना आधार कार्डए पैन कार्ड की कॉपी भेजी और फिर एडवांस किराया भेजने की बात कही। जिसके बाद जालसाज ने मंजुला के खाते से पांच बार में 98 हजार रुपये निकाल लिए। बैंक व साइबर सेल में शिकायत करने के बाद मंजुला ने गोमतीनगर थाने में धोखाधड़ी व आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है। कृष्णानगर के प्रतापनगर निवासी मीनू सिंह का बचत खाता एसबीआई व पंजाब नेशनल बैंक में है। उन्होंने बताया कि बीते सोमवार की शाम 7 बजे से 8 बजे तक साइबर जालसाज ने उनके दोनों खातों से 145784 रुपये गायब कर दिये। रुपये कटने का मैसेज देख मीनू के होश उड़ गये। उन्होंने कस्टमर केयर पर कॉल कर खाता फ्रीज करवाया। फिर साइबर सेल में शिकायत करने के बाद कृष्णानगर कोतवाली में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है। इसके अलावा इन्दिरानगर के तकरोही स्थित सूर्या सिटी निवासी अमर सिंह का बचत खाता पीएनबी में है।

# निपुण प्रदेश बनाने के लक्ष्य को निर्धारित समय में पूरा करें



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बेसिक** शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने कहा कि लक्ष्य को पूरा करने के लिये सकारात्मक रहना जरूरी है। शिक्षक एवं शिक्षकाओं का बच्चों के साथ बेहतर व्यवहार होना चाहिए। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सकारात्मक सोच रखते हुये बच्चों को शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। उत्तर प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाने के लक्ष्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाये।

गुरुवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा आयोजित अभिप्रेरण एवं सकारात्मक चिंतन विषय पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि शिक्षक बच्चों के लिए एक रोल मॉडल के रूप में होता है। शिक्षक एवं शिक्षिकायें इस कार्यशाला के माध्यम से बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिये जो भी नई-नई जानकारी दी जा रही है। उसको ध्यान से प्राप्त करते हुये बच्चों को पढ़ाने का कार्य करे। उन्होने कहा कि एससीईआरटी के नेतृत्व में कई डायटस बेहतर कार्य कर रहे है। 5 डायटस को सेन्टर ऑफ एक्सिलेन्स के रूप में विकसित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के सआदतगंज इलाके में अवषाद के चलते एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उधर बंथरा इलाके में घर से गुस्सा होकर निकले एक युवक ने गांव के बाहर बबूल के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। वहीं अलीगंज इलाके में स्थित एक निर्माणाधीन मकान में रह रहे एक मजदूर ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइडनोट नहीं मिला है जिससे मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार हाता नूरबेग धोबी घाट थाना सआदतगंज निवासी रस्तोगी के यहां किराये पर रहती थीं। उन्होंने बताया कि उनके पति सुनील रस्तोगी 45 जो अवषाद में थे उन्होंने कमरे में लगे रोशनदान की जाली से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया कि मृतक लेखराज स्थित एक कपड़े की दुकान पर काम करता था और मृतक के दो पुत्र हैं। उधर एलडिको कालोनी सीतापुर रोड स्थित नवीन गल्लामंडी अलीगंज निवासी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि उक्त मकान के समाने दुकान बनवा रहा था। जिसका कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा था। काम समाप्त हो जाने के बाद लेबर उक्त मकान में रहते थे। गुरप्रीत ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि रात में सीतापुर निवासी मैकूलाल ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर बताया कि मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने गोण्डा-बाराबंकी रेलखण्ड का किया संरक्षा आडिट निरीक्षण



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्वोत्तर** रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा एवं मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक आलोक कुमार सिंह गोण्डा-बाराबंकी रेलखण्ड का संरक्षा आडिट निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के आरम्भ में मुकेश मेहरोत्रा ने संरक्षा आडिट टीम के साथ करनैलगंज-सरयू के मध्य नान इंटरलाक गेट सं 283, 284 एवं गेट सं 288 पर सरंक्षा उपकरणों के रख रखाव व गेटमैनों की तत्परता की संरक्षा सम्बन्धी विस्तृत जांच की। मुख्य संरक्षा अधिकारी ने घाघराघाट-चौकाघाट के मध्य घाघरा नदी पर स्थित ब्रिज सं 391 पर ब्रिज स्पैन, पाथवे, चैनल स्लीपर, आयल एवं ग्रीसिंगए नट, बोल्ट व पेंटिंग इत्यादि का संरक्षा निरीक्षण किया। प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने बुढ़वल जं एवं बिन्दौरा स्टेशनों की परिचालनिक कार्यप्रणाली के साथ पैनल रूम, रिले रूम, स्टेशन वर्किंग रूल, पैदल उपरिगामी पुल, पॉइंट क्रासिंग, सिगनलिंग ओवर हेड ट्रैक्शन की ऊँचाई, पैनल इन्टरलॉकिंग आदि की संरक्षा परखी तथा विद्युतीकृत क्षेत्र के मानकों के अनुरूप परिचालनिक प्रबंधन, संरक्षा के दृष्टिगत स्टेशनों पर एसडब्लूआर के तहत संरक्षा उपकरणों की जॉच करते हुए उपस्थित अधिकारियों को अपने सुझाव एवं निर्देश दिये।

# केजीएमयू पहुंची नैक की टीम, विभागों की देखी व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**नैक** से ग्रेडिंग को लेकर राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की टीम गुरुवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुॅची। संस्थान परिसर पहुॅचने के बाद पहले दिन टीम ने विभागों का जायजा लिया। इस दौरान सभी पढ़ाई व्यवस्था के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन किया। केजीएमयू में नैक की आठ सदस्यीय टीम सुबह 9.30 बजे केजीएमयू प्रशासनिक भवन पहुंची। यहां स्वागत के बाद कुलपति कार्यालय में प्रजेंटेशन हुआ। इसके बाद टीम के सदस्यों ने निरीक्षण करना शुरू किया। शुक्रवार को टीम केजीएमयू कम्युनिटी मेडिसिन की ओर से संचालित सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लेगी। बता दें कि नैक टीम में अमृतसर स्थित गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के कुलपति डा जसपाल सिंह संधू, समन्यवक डॉ स्मृति नंदा, डिप्टी एडवाइजर डॉ एस श्रीनिवासा, डॉ पी रंगनादीन, डॉ रवि अन्नामलाई, डॉ सुधारानी बनप्पागोदार, डॉ जयराम मैलनकोडी और डॉ राजेश बी गोयल शामिल हैं।

### टीम ने पहले दिन इन विभागों का निरीक्षण किया

**एनाटमी,** फिजियोलॉजी, बायोकैमेस्ट्री, कॉडियोलॉजी, एकेडमिक ब्लॉक, कुलसचिव कार्यालय, वित्त विभाग, सेंट्रल स्किल लैब, पीडियाट्रिक्स, माइक्रो बायोलॉजी, पैथोलॉजी, यूरोलॉजी, रेस्पीरेटरी मेडिसिन, फार्माकोलॉजी विभाग के एनिमल हाउस, सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च, डीन एकेडमिक्स, कैरिकुलम डेवेलपमेंट कमेटी, जनरल सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरोलॉजी, जनरल मेडिसिन, आईटी सेल, रेडियो गूंज, स्पोर्ट्स फैसिलिटी, रेडियो डायग्नोसिस, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी समेत अन्य विभाग देखे।

## रिक्रिएट किया गया छात्रा की मौत का क्राइम सीन

**लखनऊ।** बीकेटी स्थित एसआर स्कूल में हुई छात्रा प्रिया राठौर की मौत की गुत्थी अभी तक पुलिस सुलझा नहीं पाई है। छात्रा की मौत के मामले में परिजनों ने पुलिस पर हीलाहवाली का आरोप लगाया। मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर और डीसीपी उत्तरी से की। इसके बाद गुरुवार को बीकेटी थाना पुलिस ने कॉलेज पहुंचकर क्राइम सीन दोहराया। इस दौरान परिजनों के अलावा किसी को भी अंदर नहीं आने दिया। वहीं पुलिस ने परिजनों से छात्रा की जींस को कब्जे में ले लियाए जिस पर खून के छींटे थे। पीएम रिपोर्ट से साफहै कि उसकी मौत साधारण नहीं है। पुलिस ने परिजनों की मांग पर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर एक्सपर्ट की राय भी मांगी है। छात्रा प्रिया राठौर की मौत मामले में पिता की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफहत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। परिजनों ने खून से सनी जींस पुलिस को सौंपी। साथ ही थाने पर पहुंचकर बयान दर्ज कराए। पिता जसराम ने विवेचक को घटना से जुड़े सभी तथ्य के विषय में जानकारी दी। साथ ही घटना को लेकर उठने वाले सवाल भी नोट कराए। हत्या पिता जसराम ने पुलिस कमिश्नर से पूरी घटना को बताने के साथ कहा कि पुलिस जांच में हीलाहवाली कर रही है। करीब दो हफ्ते होने जा रहे पुलिस अभी तक यह नहीं तय कर पाई है कि बेटी की मौत हादसा है या हत्या। विवेचक सिर्फ जांच का हवाला दे रहे हैं। जसराम ने कहा कि मेरी बेटी की हत्या हुई। स्कूल प्रबंधन ने झूठ पर झूठ बोले, कई बार बयान बदले, इससे बड़ी साजिश की आशंका लगती है।

# यूं ही नसीहत को हल्के में न लें विवि, आंकड़े दे रहे गवाही

● **लविवि के पिछले 3 साल के आंकड़े बता रहे छात्राएं सबसे आगे**

**सतीश सिंह।** लखनऊ



**एलयू की परीक्षा में शामिल छात्राओं की संख्या**

| सत्र | कुल विद्यार्थी | छात्र | छात्राएं |
|---|---|---|---|
| 2019 | 171589 | 75295 | 96294 |
| 2020 | 155302 | 67457 | 87845 |
| 2021 | 252558 | 122060 | 130484 |

**तीन साल के दीक्षांत में बेटियों का कमाल**

| वर्ष | कुल पदक | छात्राएं | छात्र |
|---|---|---|---|
| 2020 | 187 | 142 | 45 |
| 2021 | 183 | 129 | 54 |
| 2022 | 189 | 151 | 38 |

**दीक्षान्त** समारोह के दौरान यदि प्रदेश की राज्यपाल यह कहें कि लड़कों के मुकाबले लड़कियां आगे निकल रही हैं। जबकि दोनों को एक समान शिक्षा के अवसर मिल रहे हैं। इसके बावजूद लड़कों की घटती संख्या पर शिक्षण संस्थानों को चिंतन करने की जरूरत है कि आखिर लड़के क्यों पिछड़ रहे हैं तो इसमें कुछ भ्रम नहीं है। अकेले लखनऊ विश्वविद्यालय में बीते तीन वर्ष के आंकड़े (चाहे एडमिशन हो या दीक्षान्त समारोह) छात्राएं सबमें आगे रही है, यह आंकड़े राज्यपाल की बात पर मोहर लगाने के लिए काफी है। हाल में लखनऊ विवि के दीक्षांत समारोह में बेटिया ही पदक में पाने में बेटो से आगे रहीं। लेकिन बेटिया सिर्फ पदक पाने में ही नहीं बल्कि दाखिला लेने में भी बेटो से आगे हैं। उच्च शिक्षा में छात्राओं की संख्या बढ़ना महिला सशक्तिकरण का एक सर्वोत्तम उदाहरण है। अकेले लखनऊ विश्वविद्यालय में बीते 3 सालों में परीक्षा देने की संख्या को आधार माना जाए तो बेटियों का उच्च शिक्षा के प्रति रुझान काफी तेजी से बढ़ रहा है। बेटियां आगे निकल रही हैं और बेटे पीछे हैं, इसके पीछे अलग पहलू है। आज शिक्षा के हर क्षेत्र में पहले के मुकाबले लड़कियों की संख्या में ईजाफा हुआ है, पर प्रोफेशनल कोर्सों में इनकी संख्या कम है। लड़कों का फोकस स्किल बेस्ड एजुकेशन है। उन्हें जल्द नौकरी की चाहत होती है। जबकि वहीं लड़कियां आर्ट्स और साइंस स्ट्रीम में जा रही है। हालांकि इसके एनालिसिस की जरूरत है। पर, इसमें कहीं न कहीं अभिभावक भेद-भाव कर रहे हैं। जिस कोर्स में खर्च ज्यादा है, उसमें लड़कों का एडमिशन करा दिया और जिस कोर्स में खर्च कम हैं, उसमें लड़कियों का एडमिशन करा दिया। जिसके चलते लड़कियों की संख्या इन सब्जेक्ट की तरफ ज्यादा है।

**समाजशास्त्री डॉ. डीआर साहू**
**विभाग प्रमुख, समाजशास्त्र लविवि**

# मिलेट्स की पैदावार बढ़ाने के लिए तैयार करें कार्ययोजना

● सीएस ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी कमिश्नर व डीएम के साथ की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि मिलेट्स को मोटा अनाज कहकर संबोधित न किया जाए। प्रदेश में ज्वार, बाजरा, सावां, कोदो, काकुन, रागी, कुटकी, चेना, कुगद्ध, चौलाई की फसलें की जाती है, इनमें प्रचुर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम तथा आयरन आदि पोषक तत्व पाये जाते हैं। आज के दौर में लोग मिलेट्स के महत्व को भूलते जा रहे हैं, लोगों को जागरूक करने के लिए वृहद स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। मिलेट्स की पैदावार बढ़ाने के लिये जनपदवार कार्ययोजना तैयार करें और मिलेट्स से सम्बन्धित स्टार्टअप व एफपीओ को प्रोत्साहित करें। मुख्य सचिव बृहस्पतिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील कार्यक्रम के अंतर्गत मिलेट्स के उत्पादों को सम्मिलित करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि अध्यापकों के माध्यम से स्कूल में छात्र-छात्राओं को मिलेट्स के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। विद्यालयों में क्विज, निबंध प्रतियोगितायें व प्रोजेक्ट वर्क आदि कराए जाएं। उत्तर प्रदेश के समस्त होटल एवं रेस्टोरेंट में मिलेट्स के विभिन्न उत्पादों को मेन्यू में शामिल कराया जाए। खाद्य उत्पादों को तैयार करने वाले शेफ को ट्रेनिंग दी जाए। उन्होंने मिलेट्स को प्रमोट करने के लिये शेफकम्पटीशन आयोजित कराने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि मंडियों में मिलेट्स के आउटलेट एवं स्टोर की स्थापना की जाए। उन्होंने कहा कि 10 से 12 फरवरी तक यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन से पूर्व शासन ने एक अभिनव पहल की है। सरकार की रोजगारोन्मुखी योजनाओं तथा नीतियों से युवाओं को परिचित कराने के लिए सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों एवं शिक्षाविदों की टीम आगामी 3 से 5 फरवरी तक अलग-अलग विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर रोजगार से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी। साथ ही युवाओं के लिए यूपी ग्लोबल समिट की उपयोगिता के सम्बन्ध में उन्हें जागरूक करेगी।



### समय से पूरी करें बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने की सभी व्यवस्थाएं

वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान मुख्य सचिव ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में आगामी 16 फरवरी से 4 मार्च तक माध्यमिक बोर्ड परीक्षा 2023 आयोजित होंगी। बोर्ड की परीक्षा को नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करा ली जाएं। परीक्षा के संचालन में बाधा पहुंचाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारियों द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं परीक्षा केंद्रों के पर्यवेक्षण के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट को लगाया जाए। यह स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा खत्म होने के बाद जिलाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को रिपोर्ट सौंपेंगे। सभी जनपदों के परीक्षा केंद्रों पर वॉयस रिकार्डर सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर एवं हाईस्पीड ब्राडबैंड कनेक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# केरल के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन जेल से रिहा

● आरोपी को तीन अन्य लोगों - अतीकुर रहमान, आलम और मसूद के साथ मथुरा से अक्टूबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था।

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केरल** के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन को जमानत के लिए अदालत में बंध पत्र (श्योरिटी) पेश करने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को जेल से रिहा कर दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बाबत यहां जानकारी दी कि कप्पन को जेल से रिहा कर दिया गया है। यहां विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत में बुधवार को एक-एक लाख रुपए के दो बंध पत्र दाखिल किए गए।

लखनऊ जिला जेल के जेलर राजेंद्र सिंह ने बताया कि कप्पन को बृहस्पतिवार की सुबह करीब सवा नौ बजे जेल से रिहा किया गया। जेल से बाहर निकलने के बाद कप्पन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मैं 28 महीने बाद जेल से बाहर आया हूं। मैं काफी संघर्ष करने के बाद जेल से बाहर आया हूं। मैं इस बात से खुश हूं कि मुझे मीडिया का बहुत समर्थन मिला। यह पूछे जाने पर कि वह वहां (हाथरस) क्यों गए थे, कप्पन ने कहा कि वह वहां रिपोर्टिंग करने गए थे। अपने साथ वालों के बारे में कप्पन ने कहा कि वे छात्र थे। बरामदगी पर कप्पन ने कहा, कुछ नहीं...मेरे पास केवल एक लैपटॉप और मोबाइल था। उनके पास से कुछ (आपत्तिजनक) सामग्री मिलने की खबरों पर कप्पन ने कहा कि उनके पास दो पेन और एक नोटपैड था। कप्पन और तीन अन्य को अक्टूबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था, जब वे सब हाथरस जा रहे थे, जहां कथित रूप से बलात्कार के बाद एक दलित महिला की मौत हो गई थी। आरोपी को तीन अन्य लोगों - अतीकुर रहमान, आलम और मसूद - के साथ मथुरा से अक्टूबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था।

उन तीनों अभियुक्तों पर पीएफआई के साथ संबंध रखने तथा हिंसा भड़काने के षडयंत्र का हिस्सा होने का आरोप है। कप्पन के खिलाफ भारतीय दंड विधान संहिता की विभिन्न धाराओं के अलावा गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# राहुल के साथ यात्रा में शामिल रहे शाहनवाज आलम का हुआ स्वागत



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ।

**भारत** जोड़ो यात्रा के सफल समापन के पश्चात यात्री के रूप में लगातार पांच महीने राहुल गांधी के साथ चलने वाले उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के चेयरमैन शाहनवाज आलम के प्रथम लखनऊ आगमन पर विभाग के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह मे प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने शाहनवाज आलम को यात्रा की सफलता की बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार से आप भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ चले वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए गौरव की बात है। संगठन सचिव अनिल यादव ने आलम को बधाई देते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता एवं राहुल गांधी के विचारों को आप अपने विभाग के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने इस मौके पर यात्रा के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि यात्रा में जिस प्रकार से आम जनता का प्यार और समर्थन मिल रहा था उसका नजारा देखने योग्य था। देश की जनता मोदी सरकार की नीतियों से परेशान है। यात्रा में समाज के हर तबके के लोगों को जुड़ाव तथा समर्थन इस बात को दर्शा रहा था कि देश की जनता भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से त्रस्त है और बदलाव चाहती है। भारत जोड़ो यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश में नफरत एवं विघटन की राजनीति को समाप्त करना तथा देश में भाईचारे का माहौल स्थापित करना है।

## 1236 सिद्धदोष बंदियों को दी गई समय पूर्व रिहाई

**प्रदेश** शासन के निर्देश पर जेल महकमे द्वारा पहली जनवरी 2022 से 31 जनवरी 2023 तक प्रदेश की जेलों से कुल 1236 सिद्धदोष बंदियों को समयपूर्व रिहाई की गई है। कारागार महकमे के प्रवक्ता ने बताया कि 1236 रिहा बंदियों में से 196 बंदी सीमित अवधि की सजा के (दस वर्ष तक की सजा से दंडित) हैं। जो भारत सरकार द्वारा घोषित अमृत महोत्सव की नीति के अंतर्गत रिहा किए गए हैं। सीमित अवधि की सजा से दंडित आधी सजा काट चुके अच्छी चाल चलन के बंदियों को अमृत महोत्सव वर्ष में 15 अगस्त 2022, 26 जनवरी 2023 और 15 अगस्त 2023 को रिहा करने की योजना है।

प्रवक्ता ने बताया कि उक्त 1236 रिहा बंदियों से 1040 आजीवन कारावास की सजा से दंडित बंदी रिहा हुए हैं। 26 फार्म ए पर, एक नामिनल रोल पर, 37 दया याचिका पर तथा शासन की स्थायी नीति के अंतर्गत 976 बंदी अब तक रिहा हुए हैं। इस प्रकार उत्तर प्रदेश की जेलों में निरुद्ध वृद्ध, बीमार, अशक्त तथा अच्छे चाल चलन के बंदियों को विभिन्न नीतियों के तहत रिहा किया जा रहा है।

## नाइपर ने संगोष्ठी का किया आयोजन



**नाइपर** के लखनऊ ट्रांजिट परिसर में ड्रग डिस्कवरी एंड डेवलपमेंट इंटरफेस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में भाग लेने वाले 500 से अधिक शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं के लिए अनुसंधान को साझा किया। आयोजन सचिव डा राकेश कुमार सिंह ने परिचयात्मक भाषण दिया। निदेशक प्रोफेसर शुभिनी सरकार ने सभा को अपने संदेश में मानव जाति और समाज की सेवा में प्रभावी दवा खोज और अणु सूत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी उद्योग अकादमिक संबंध की आवश्यकता की सराहना की। इसके बाद डा जितेंद्र ने प्रस्तुतीकरण दिया। डॉ सचिन दुबे निदेशक जैविक विकास केबीआई बायोफार्मा ने लैब से क्लिनिक तक की यात्रा, छोटे बनाम बड़े अणुओं के लिए अंतर और समानता- विषय पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने सीएआर टी थैरेपी जैसी नई तकनीकों की समझ के साथ-साथ मोनोक्लोनल एंटीबॉडी में सूत्रीकरण पहलुओं की प्रमुख चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की। डॉ सीमा पई निदेशक क्लिनिकल डेवलपमेंट एंड ऑपरेशंस हेड ने ड्रग डेवलपमेंट और क्लिनिकल ट्रायल में एक अच्छी क्लिनिकल प्रैक्टिस और चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया।

# गर्भवती महिलाओं को मुफ्त रक्त बगैर डोनर मुहैया करायें: ब्रजेश पाठक

● शिकायत मिलने पर जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई

● एनएचएम की ओर से गर्भवती महिलाओं के लिए दिया गया है 20 करोड़ का बजट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकारी अस्पताल.मेडिकल संस्थानों में गर्भवती महिलाओं को आवश्यकतानुसार मुफ्त रक्त उपलब्ध कराया जाये। यही नहीं गर्भवती महिलाओं के परिजन पर रक्त डोनेशन का दबाव भी न डाला जाये। बिना डोनर गर्भवती महिलाओं को रक्त उपलब्ध कराया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। शिकायत मिलने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। गुरुवार को एक बयान जारी कर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हर साल करीब 56 लाख से अधिक प्रसव हो रहे हैं। सरकारी अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के फ्री इलाज की सुविधा है। ओपीडी में डॉक्टर की सलाह, जांच और प्रसव की सुविधा भी निशुल्क है। बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं में रक्त की कमी पाई जाती है। महिलायें शुरूआत से सेहत पर ध्यान दें तो उन्हें रक्त चढ़ाने से बचाया जा सकता है। इसके बावजूद यदि गर्भवती महिलाओं को रक्त चढ़ाने की जरूरत पड़ रही है तो चिंता न करें।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नेशनल हेल्थ मिशन की तरफ से गर्भवती महिलाओं की सामान्य जांच हेतु 20 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। वहीं पीएमएसएमए में 3.93 करोड़ रुपये का बजट गर्भवती महिलाओ की अल्ट्रासाउंड जांच के लिए जारी किया गया है। जननी सुरक्षा योजना के तहत 90 फीसदी धनराशि जनपदों को जारी कर दी गई है। उप मुख्यमंत्री ने नोएडा सेक्टर 30 स्थित चाइल्ड पीजीआई के आवासीय परिसर की लिफ्ट में आधे घंटे तक 10 वर्षीय बच्चे के फंसे रहने एवं कर्मचारियों की लापरवाही संबंधी प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में लिया है। इस बावत उप मुख्यमंत्री ने निदेशक, पीजीआई नोएडा से 3 दिन में मामले की रिपोर्ट तलब की है।

## आलोक बने आप लखनऊ के निर्माण प्रभारी

**लखनऊ।** आगामी निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आम आदमी पार्टी लगातार अपने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में प्रयासरत है। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ के संगठन की कमान पूर्वी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी आलोक सिंह को पार्टी ने संगठन निर्माण प्रभारी की बड़ी जिम्मेदारी दी है। यह जानकारी जिला अध्यक्ष रोहित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि आलोक सिंह अन्ना आंदोलन के समय से ही पार्टी की दी हुई जिम्मेदारियों का निर्वाहन करते रहे हैं। आलोक सिंह ने गोविंद बल्लभ पंत यूनिवर्सिटी पंतनगर से बीटेक किया और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु से मास्टर्स इन इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। इसके बाद अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना स्टेट में सेमीकंडक्टर कंपनी ब्रोडकॉम इनकारपोरेशन में जॉब किया। पार्टी बनने के कुछ महीने पूर्व आलोक सिंह ने इस जॉब को छोड़ दिया और पूरी तरह से जनसेवा में लग गए।

## सपा के तीन प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष घोषित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने अपने तीन प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों की बृहस्पतिवार को घोषणा कर दी। अखिलेश यादव की सहमति के बाद प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की ओर से इस संबंध में आधिकारिक पत्र जारी किया गया। जिसके अनुसार शिवपाल सिंह यादव की करीबी रीबू श्रीवास्तव को सपा महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप को सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बलिया के व्यास जी गौड़ को सपा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष बनीं रीबू श्रीवास्तव वाराणसी की रहने वाली हैं। 2012 के सपा शासन में रीबू श्रीवास्तव को महिला आयोग का उपाध्यक्ष बनाने के साथ ही राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया था। सपा में अध्यक्ष पद को लेकर मचे घमासान में अखिलेश यादव और शिवपाल यादव के बीच समाजवादी पार्टी दो फाड़ हुई तो रीबू श्रीवास्तव ने भी पार्टी छोड़ दी थी। रीबू श्रीवास्तव ने उस समय शिवपाल यादव की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली थी। पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने राजपाल कश्यप भी पिछली कमेटी में इसी पद पर थे।

## संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्किल्ड बर्थ अटेण्डेंट प्रशिक्षण

**लखनऊ।** प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए भारत सरकार के निर्देश पर प्रसव केन्द्रों पर तैनात सभी स्टाफ को स्किल्ड बर्थ अटेण्डेंट की ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग का प्रमुख उद्देश्य प्रसव इकाईयों पर तैनात स्टाफ के ज्ञान एवं कौशल क्षमता में वृद्धि करना, जिससे उनके द्वारा गुणवत्तापरक प्रसव सेवाएं प्रदान की जा सकें। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 5 के अनुसार प्रति लाख जीवित प्रसव के आधार पर मातृ मृत्यु दर 167 है, जिसे सस्टेनेबल डेवेलपमेंट गोल 2030 के अनुसार कम कर के 70 पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी प्रकार नवजात शिशु मृत्यु दर प्रति 1000 जीवित प्रसवों के आधार पर 28 है, जिसे 2030 तक 12 तक लाने का लक्ष्य रखा गया है।

## महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ उठाएं छात्राएं:पटेल

**लखनऊ।** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा आशीष पटेल गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में ए पी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। इस मौके पर आशीष पटेल ने अपने उद्बोधन में पुरस्कृत छात्राओं की सराहना करते हुए नारी शक्ति का राष्ट्र निर्माण में भागीदारी बढ़ाने का आह्वान करते हुए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छात्राएं केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं और कौशल विकास का लाभ उठाए। प्रो रश्मि श्रीवास्तव के नेतृत्व में लगभग 28 पुरस्कारों की श्रेणी में शिक्षा शास्त्र में सर्वोच्च अंक के लिए गनपत राय एवं रोहित श्रीवास्तव स्मृति पुरस्कार पूजा वर्मा को, प्राचीन भारतीय इतिहास में सर्वोच्च अंक हेतु डॉक्टर शुभ्रा मान सिंह स्मृति पुरस्कार मनीषा यादव को बीए, बीकॉम में सर्वोच्च अंक हेतु ओमकार बहादुर स्मृति पुरस्कार छात्रा निकिता द्विवेदी को एवं 2021.22 सर्वश्रेष्ठ छात्रा पूजा प्रजापति को डॉ ओमकार नाथ एवं डॉक्टर रीता नाथ वर्मा पुरस्कार दिया गया।

# सी-टेट में अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहा साल्वर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सी-टेट** की परीक्षा में मूल अभ्यर्थी के स्थान पर साल्वर बिठाकर पेपर हल कराने वाले गिरोह का एसटीएफ ने खुलासा किया। एसटीएफ ने गिरोह के एक साल्वर को कानपुर नगर से गिरफ्तार किया। छानबीन के दौरान एसटीएफ को सूचना मिली कि 2 फरवरी को सी-टेट की परीक्षा में आरसी आरडी कन्या महाविद्यालय, सचेंडी, कानपुर नगर में अभ्यर्थी ओमप्रकाष शर्मा के स्थान पर साल्वर बैठने वाले हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने महाविद्यालय पहुंचकर अभ्यर्थी ओम प्रकाश शर्मा के स्थान पर परीक्षा दे रहे साल्वर विपिन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त विपिन कुमार ने पूछताछ में बताया कि मैं थाना सोनपुरा, जिला अररिया बिहार का रहने वाला हूं। पटना में एक कोचिंग करने के दौरान मोनू नामक व्यक्ति से मेरी मुलाकात हुई थी। तब मोनू ने उसी दौरान बताया कि अगर तुम पैसा कमाना चाहते हो तो मेरा एक काम कर दो और बताया कि तुम ओम प्रकाश शर्मा के स्थान पर सी-टेट की परीक्षा जाके दे दो, उसके बदले में मैं तुम्हें एक लाख रुपए दूंगा लेकिन दूँगां लेकिन 50 हजार रुपए परीक्षा देने से पहले व 50 हजार रुपए परीक्षा देने के बाद दूंगा। इसी चक्कर में मैं ओमप्रकाष शर्मा के स्थान पर परीक्षा देने आया था। गिरफ्तार अभियुक्त विपिन कुमार के विरुद्ध थाना सचेंडी, कानपुर नगर में एसटीएफ ने अभियोग दर्ज कराया है।

# इस बार 251 केंद्रों पर होंगी पॉलिटेक्निक की सेमेस्टर परीक्षाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्राविधिक** शिक्षा परिषद की तरफ से पॉलिटेक्निक की सेमेस्टर परीक्षाओं को लेकर परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी गई है। इस बार बीते वर्ष की अपेक्षा केन्द्रों की संख्या कम रखी गयी है। परीक्षाओं के लिए पूरे प्रदेश में 251 केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर 6 फरवरी से प्रस्तावित परीक्षा में 1.62 लाख छात्र शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्रों में कटौती पर परिषद का कहना है कि इस साल से जिलों के बाहर परीक्षा केंद्र नहीं बनाएं जाने थे। ऐसे में हर जिले में बने परीक्षा केंद्रों की पूरी धारण क्षमता का प्रयोग करते हुए ज्यादा से ज्यादा छात्रों को वहां भेजा गया है। ज्ञात हो कि अभी तक प्रदेश के कई जिलों में जहां छात्रों की संख्या बहुत कम होता था तो ऐसे जिले के छात्रों का परीक्षा केंद्र निकटतम जिले में भेज दिया जाती थी। जिससे कई बार छात्रों को 50 किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर परीक्षा देने जाना पड़ता था। इसे देखते हुए प्राविधिक शिक्षा परिषद में अपने नियम में बदलाव करते हुए छात्रों का परीक्षा केंद्र उन्हीं के जिलों में बनाने का निर्देश जारी किया था। प्राविधिक शिक्षा परिषद के सचिव एफआर खान ने बताया कि केन्द्रों की सीमा 250 के करीब रखी गई है ताकि इन केंद्रों पर आसानी से निगरानी हो सके। उन्होंने बताया कि केंद्र बनाने की प्रक्रिया में 2022 में जारी शासन शासनादेश का अनुपालन करते हुए केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रों को क्लस्टर बनाते हुए निर्धारित नियमों का पालन किया गया है।

जैसे आजमगढ़ जिले में कुल 40 कॉलेज मौजूद हैं, इनमें से 12 कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है कॉलेजों की पूरी धारण क्षमता का प्रयोग करते हुए 4200 छात्रों की परीक्षा इन केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

# मरीजों सहित तीमारदारों को भी मिलेगा 'दीदी कैफे' से ताजा भोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की ओर से खोली जा रही हैं प्रेरणा कैंटीन

● उपमुख्यमंत्री की पहल पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके निर्देश पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों, संकुल स्तरीय संगठनों व ग्राम स्तरीय संगठनों से जुड़ी महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर निर्भर बनाने लिए प्रभावी व ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा प्रेरणा कैंटीन खोली जा रही हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि इससे स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ, आमदनी बढ़ने से अपने घर-परिवार का आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक विकास और अधिक बेहतर ढंग से कर सकेंगी। मरीजों सहित तीमारदारों को भी इन दीदी कैफे से ताजा भोजन और नास्ता मिलेगा। कहा है कि महिलाओं की आर्थिक स्थिति को संवारने वाला महत्वपूर्ण कदम है। उपमुख्यमंत्री ने मंशा जाहिर की है कि इन प्रेरणा कैंटीनों में मोटे अनाज के व्यंजन भी बनाए जाएं तो और अधिक बेहतर होगा। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने कहा है कि समूहों की महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के विभाग द्वारा हर सम्भव कदम उठाए जा रहे हैं और समूहों की महिलाओं को विभिन्न गतिविधियों से जोड़ कर उन्हें स्वावलंबी बनाया जा रहा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक सी. इन्दुमती ने समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 873 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर निष्क्रिय प्रेरणा कैंटीन को क्रियाशील कराते हुए एवं जिन स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रेरणा कैंटीन का संचालन नहीं हो रहा है, उन केन्द्रों पर समूह एवं समूह सदस्यों को प्रेरित कराते हुए प्रेरणा कैंटीन क्रियाशील कराकर मिशन को अवगत कराना सुनिश्चित करें। मिशन निदेशक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि प्रेरणा कैंटीन संचालन के लिए सामुदायिक निवेश निधि ग्राम संगठन आजीविका निधि अथवा सीसीएल का उपयोग करवाते हुए कैंटीन के लिए ऐसे स्थान का चुनाव किया जाए जहां पर आवागमन ज्यादा हो, जिससे स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा आम जनमानस द्वारा भी कैंटीन का उपयोग किया जा सके तथा समूहों को भी नियमित व निश्चित लाभ प्राप्त हो और जारी दिशा निर्देशो का यह असर देखने को मिल रहा है कि 167 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रेरणा कैंटीन समूहों की महिलाओं द्वारा संचालित हो रही हैं।

मिशन निदेशक ने बताया कि पूर्व में सरकारी कार्यालयों एवं विकास खंडों के परिसर में प्रेरणा कैंटीन के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्थान आवंटित करने में प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके अनुपालन में जनपदों के विभिन्न स्थानों पर लगभग 705 प्रेरणा कैंटीन का संचालन समूह सदस्यों द्वारा किया जा रहा है, किन्तु कुछ स्थानों पर कैंटीन बन्द होने की सूचना प्राप्त हुई है, जिसके लिए मुख्य विकास अधिकारियों से आपसे अपेक्षा की गई है कि उक्त कैटीन के बन्द होने के कारणों की परीक्षण कर बन्द होने के कारणों से मिशन को अवगत कराएं एवं समूह सदस्यों को प्रोत्साहित कर उन कैंटीन को पुनः खोलने के लिए उचित कार्रवाई करें।

# ऊर्जा मंत्री ने लाप्लास व लविवि विद्युत उपकेंद्रों का किया निरीक्षण



● गैरमौजूद अवर अभियंता को किया निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऊर्जा** मंत्री एके शर्मा गुरुवार शाम को उपकेंद्र लाप्लास और लखनऊ विवि विद्युत उपकेंद्र का औचक निरीक्षण किया। मौके पर अवर अभियंता जीशान हैदर के न मौजूद होने पर उन्हें निलम्बित कर दिया गया है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए चलाए जा रहे केवाईसी अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने दोनों उपकेंद्रों की डेली लॉग सीटए केवाईसी रजिस्टर और लोड पैनल को चेक किया। ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर, नाम, ईमेल आईडी के अपडेशन के लिए अधिक से अधिक उनसे संपर्क किया जाए। उपभोक्ताओं को बताया जाए कि यह अभियान सभी विद्युत उपकेंद्रों पर प्रातः 8 से लेकर रात 8 बजे तक चलाया जा रहा है। इस दौरान उपभोक्ता यहां आकर अपनी जानकारियों को अपडेट करा सकते हैं। साथ ही वह चाहे तो विभाग की वेबसाइट पर जाकर भी घर बैठे भी अपनी जानकारी अपडेट कर सकते हैं। विभाग के टोल फ्री नंबर 1912 पर भी कॉल करके इस संबंध में और जानकारी भी ले सकते हैं। ऊर्जा मंत्री ने ऐसे लोगों से भी अनुरोध किया है कि जो लोग बिना वैध कनेक्शन के बिजली का उपभोग कर रहे हैं।

इस दौरान वह लोग भी अपना वैध कनैक्शन ले लें और नियमित रूप से उपभोक्ता बन जायए जिससे कि किसी भी प्रकार की कार्रवाई से वह बचे रहें।

# नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने वाला है आम बजटः प्रो. जैन

## ● इससे शिक्षा व शोध में गुणवत्ता को तेजी मिलेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**कुलपति** प्रो. सुधीर कुमार जैन ने आम बजट 2023-24 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निर्धारित लक्ष्यों को साकार करने वाला बजट बताया है। प्रो. जैन ने कहा कि नई शिक्षा नीति में युवाओं के कौशल विकास तथा शिक्षा को उद्योग व व्यवसाय जगत से जोड़ने पर महत्व दिया गया है, जिससे युवा भविष्य की चुनौतियों व अवसरों के लिए खुद को बेहतर ढंग से तैयार कर पाएं।

बजट में की गई घोषणाएं इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण व लाभकारी साबित होंगी। शिक्षा क्षेत्र के लिए आवंटन में वृद्धि की सराहना करते हुए कुलपति ने कहा कि इससे शिक्षा व शोध में गुणवत्ता को तेजी मिलेगी।

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने अपने बजट संबोधन में घोषणा की है कि युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए तैयार करने हेतु देश भर में 30 स्किल इंडिया केंद्र स्थापित किये जाएंगे। साथ ही उद्योगों के साथ साझेदारियों, ऑन जॉब ट्रेनिंग तथा उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुसार पाठ्यक्रमों को ढालने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, मेकाट्रोनिक्स, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन व सॉफ्ट स्किल आदि जैसे आधुनिक दौर के पाठ्यक्रमों के लिए भी कदम उठाए जाने की घोषणा की। कुलपति ने कहा कि आज दुनिया तेजी से बदल रही है।

इसी तरह उद्योग जगत व समाज की अपेक्षाएं व आवश्यकताएं भी अब पहले से कहीं अलग हैं। ऐसे में हमें शिक्षा क्षेत्र में इन अपेक्षाओं के अनुरूप परिवर्तनकारी पहल करनी होंगी। इन नए पाठ्यक्रमों के बारे में बजट में घोषणा हर्ष का विषय है। प्रो. जैन ने बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि एक बड़ी आबादी को गुणवत्ता परक पठन सामग्री उपलब्ध कराने की चुनौती संस्थानों व शैक्षणिक संस्थाओं के समक्ष बनी रहती है।

## एसडीएम, तहसीलदार नगर पंचायत व पुलिस टीम के साथ जेसीबी मशीन लेकर कस्बे में पहुंचे

**ऊंचाहार रायबरेली।** एसडीएम, तहसीलदार नगरपंचायत व पुलिस टीम के साथ जेसीबी मशीन लेकर कस्बे में पहुंचे। इस दौरान राष्ट्रीय मार्ग पर व्यापारियों व दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाते हुए भविष्य में अतिक्रमण ना किए जाने की चेतावनी दी। इस दौरान राजमार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। व्यापारियों व दुकानदारों द्वारा कस्बा चौराहा से लेकर राजकीय महाविद्यालय तक व्यापारियों व दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने टीन सेट समेत सामग्री लगाकर अतिक्रमण कर रखा था। नगर पंचायत के नोटिस में बार-बार आगाह करने के बावजूद भी दुकानदार अतिक्रमण हटाने को तैयार नहीं थे। बृहस्पतिवार को एसडीएम आशीष कुमार मिश्र तहसीलदार अजय कुमार गुप्ता ने नगर पंचायत व पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# एनसीसी छात्रों ने पुनीत सागर संकल्प के तहत चलाया स्वच्छता अभियान




**संवाददाता।** सकलडीहा/चन्दौली

**राष्ट्रीय** कैडेट कोर 91 बटालियन मुगलसराय के निर्देशन में गुरूवार को सकलडीहा इंटर कालेज के एन सी सी छात्रों द्वारा पुनीत सागर संकल्प के तहत जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम किया। लेफ्टिनेंट सत्यमूर्ति ओझा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कालेज से कैडेट बैनर के साथ पूरे कस्बे में भ्रमण करते हुए सकलडीहा बाजार के पोखरे पर उपस्थित होकर स्वच्छता अभियान चलाकर पोखरे के तट को साफ किया और लोगों को पुनीत सागर संकल्प के बारे में जागरूक किया।

कहा कि पुनीत सागर संकल्प के तहत स्वच्छता को अपना कर स्वयं के साथ गली, नदी को स्वच्छ रखेंगे तो सागर भी स्वच्छ रहेगा। जिससे पर्यावरण, आक्सीजन भी स्वच्छ रहेगा। कैडेट के इस कार्यक्रम की लोगों ने काफी सराहना भी की। इस दौरान स्काउट शिक्षक अनिल कुमार ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किये और कैडेट के इस कार्य के लिये हौसला बढ़ाया।

## क्विक न्यूज

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**तिलोई,अमेठी।** इन्हौना पुलिस ने कोटवा मोड़ के पास से पशु वध के मुकदमे में वांछित चल रहे दो कारोबारियों अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। थानाक्षेत्र के गांव नवाजगढ़ मजरे कोटवा में बीते दिनों पुलिस द्वारा पशु वध करते एक कारोबारी को पकड़ा गया था। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन के निर्देश पर थाना इन्हौना पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा था। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक हरिलाल यादव मय हमराह मंजेश यादव, विजय चंद्र के साथ देखभाल के लिए क्षेत्र भ्रमण पर थे उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर गो वध निवारण अधिनियम में वांछित मुश्ताक पुत्र शेर अली निवासी ग्राम जमुनीपुर मजरे नौखेडा व आरिफ पुत्र मोहम्मद अली निवासी ग्राम अंगुरी थाना इन्हौना जनपद अमेठी को सुल्तानपुर हाइवे पर कोटवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

### पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** गुरुवार की शाम करीब पांच बजे क्षेत्र के कादीपुर गांव निवासी धर्मपाल उम्र 25 वर्ष पुत्र जगरूप घर से कुछ दूर स्थित बाग में बकरियों के चारे के लिए पत्तियां तोड़ने गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पत्तियां तोड़ते समय धर्मपाल अचानक पेड़ की डाल से पैर फिसलने की वजह से नीचे गिर गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि घटना संज्ञान में है, आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### कारीगरों और बुनकरों को आगे बढ़ाने की विशेष पहल

**वाराणसी।** महिला उद्यमियों बुनकरों और कारीगरों को आगे लाने की विशेष पहल को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न कार्यक्रमों, सेवाओं व अभियानों का लाभ उठा रहे इनमें सभी आकारों के बिजनेस और स्थानीय स्टोर, पारंपरिक बुनकर और कारीगर, महिला उद्यमी तथा स्टार्टअप्स शामिल हैं, जो एमेजॉन.इन पर अपने उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। एमेजॉन को दी जाने वाली रिफरल फीस में पच्चास प्रतिशत की छूट द्वारा नए सेलर को ई-कॉमर्स का उपयोग करने का प्रोत्साहन देना चाहता है।

### उद्यमिता और व्यवसाय निर्माण के क्षेत्र में समृद्ध अनुभव

**वाराणसी।** एबीएफआरएल प्लेटफॉर्म अब घातीय वृद्धि की एक नई लहर के लिए तैयार है। अनन्या और आर्यमन की अपने चुने हुए क्षेत्रों में असाधारण व्यक्तिगत उपलब्धियां और अपने स्वतंत्र उद्यमशीलता उपक्रमों के साथ शुरुआती सफलता ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारियों के लिए तैयार किया। आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल के बोर्ड ने आयोजित अपनी बैठक में सुश्री अनन्या बिड़ला और आर्यमान विक्रम बिड़ला को निदेशक के रूप में शामिल किया। अनन्या बिड़ला और आर्यमन विक्रम बिड़ला के पास उद्यमिता और व्यवसाय निर्माण के क्षेत्र में समृद्ध और विविध अनुभव है।

### बच्चों में औषधि कानून के बारे में जागरूकता जरूरीः कुलदीप

**रायबरेली।** कचेहरी रोड स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में आज औषधि कानून प्रवर्तन अधिकारी कुलदीप दीक्षित ने औषधि कानून से संबंधित जानकारी दी। जम्मू कश्मीर व लद्दाख के नारकोटिक्स सेंट्रल ब्यूरो में तैनात कुलदीप दीक्षित ने बड़े ही सरल शब्दों में ड्रग्स और उसके प्रकार के बारे में विस्तार से बताया। स्कूल के शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक का दायित्व है कि वो बच्चों में ड्रग्स के संबंध में जागरूकता पैदा करें। उन्होंने प्राकृतिक, सिंथेटिक और कृतिम औषधि और उसके प्रकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने औषधि के संबंध मे शिक्षकों की जिज्ञासाओं को भी शांत किया। अंत में एसजेएस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. बीना तिवारी कुलदीप दीक्षित को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर प्रमोद सक्सेना ने आए हुए समस्त लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### हाल के वर्षों में पेश सर्वश्रेष्ठ बजट में से एक हैः आशीष चौहान

**वाराणसी।** यह विकास पर फोकस करने वाला बजट है, जो हाल के वर्षों में पेश सर्वश्रेष्ठ बजट में से एक है। बजट में बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन दोनों पर ध्यान दिया गया है, जबकि सभी के लिए आयकर कम किया गया है और राज्यों को बहुत पैसा दिया गया है। राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 6.4 प्रतिशत से घटाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया गया है, व अगले तीन वर्षों में 4.5 प्रतिशत तक पहुंचने का स्पष्ट रास्ता दिखाया गया है। आशीष कुमार चौहान सीईओ और एमडी एनएसई ने बताया कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के समुचित विकास का संकल्प पूरा होगा। यह बजट विकास को सपोर्ट करने के साथ-साथ खपत की रफ्तार को भी आगे बढ़ाएगा और साथ ही चीन और विकसित बाजारों में वैश्विक विपरीत परिस्थितियों की तुलना में देश को अच्छी स्थिति में रखेगा, जब तक कि बाकी दुनिया आसान न हो जाए।

### निबंध में आसिफ और पोस्टर प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम

**सकलडीहा/चन्दौली।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एपीजे अब्दुल कलाम आजाद हाल में यातायात सड़क सुरक्षा पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक छात्र छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। निबंध प्रतियोगिता में आसिफ अंसारी ने प्रथम स्थान एवं नेहा यादव ने द्वितीय स्थान हासिल किया। तनिष्का यादव तृतीय स्थान पर रही। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 50 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें साक्षी पांडे ने प्रथम व आसिफ अंसारी ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर कृति गोंड एवं संध्या राय दो छात्राएं रही। प्रतियोगिता उपरांत एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि जहां एक ओर भारत नित नए हाई वे, एक्सप्रेस वे, रिंग रोड, लिंक रोड बनाने में आगामी वर्षों में अमेरिका को टक्कर देगा, वहीं भारतीय नागरिक के लिए सड़क यातायात के नियमों का पालन तथा यातायात सिंबल की पहचान एवं उनके अनुसार अपने गाड़ी की गति, सुरक्षा हेतु नितांत आवश्यक है। यातायात के नियमों का पालन न करने पर आये दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। असमय ही जीवन दुर्घटना का शिकार होता है। उन्होंने छात्रों को यातायात के नियमों का पालन करने का आवाहन किया। अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कुमार वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### महिला को मारपीट कर घर से निकाला, दी तलाक की धमकी

**ऊंचाहार(रायबरेली)।** घरेलू हिंसा का शिकार एक महिला की मां ने कोतवाली में अपनी बीमार बेटी के ससुराल वालों के विरुद्ध शिकायत की है। महिला का आरोप है कि उसकी गंभीर रूप से बीमार बेटी को मारपीट करके घर से निकाल दिया गया है और उसका शौहर उसे तलाक देने की धमकी दे रहा है। क्षेत्र के गांव सवैया मीरा की रहने वाली बेवा भूल्लन निशा का कहना है कि उसने अपनी बेटी शबाना की शादी करीब पांच साल पहले सलोन कोतवाली क्षेत्र के गांव धरई तकिया निवासी मो सलमान से की थी। पीड़िता का कहना है कि उसकी बेटी को शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले तरह-तरह से परेशान कर रहे थे। किंतु उन्होंने कभी किसी से कोई शिकायत नहीं की। इधर उसकी बेटी बीमार हो गई । गंभीर रूप से बीमार बेटी का इलाज कराने के बजाय उसके ससुराल वालों ने उसे मारपीट करके घर से निकाल दिया है। इस बात का जब महिला ने विरोध किया तो उसके साथ भी गाली गलौज और मारपीट की गई है।

# विश्व में महाशक्ति बनकर उभर रहा है भारतः महेश



**संवाददाता।** सोनभद्र

## ● भाजपा कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न

**भारतीय** जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर सम्पन्न हुयी। बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव मौजूद रहे बैठक में आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा व संगठनात्मक चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद व कृष्ण मुरारी गुप्ता ने किया।

बैठक के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि महेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि आज भारत विश्व में महाशक्ति बनकर उभर रहा है। कुछ दिन पूर्व जब रूस-यूक्रेन युद्ध चल रहा था तो उस युद्ध को रोककर अपने लोगों को वहां से सुरक्षित भारत लाया गया, यह इसका जीता जागता उदाहरण है। अभी बीते समय गुजरात विधानसभा चुनाव में जनता का भरपूर समर्थन व अपार स्नेह हमारे प्रधानमंत्री को मिला जिसमें विगत कई चुनावों का इतिहास ही पलट कर रख दिया। इसी तरह से भारत के गौरव को बढ़ाते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को सार्थक करते हुए तमिल और काशी का समागम काशी में आयोजित किया गया , जो देश की एकता और अखण्डता को पूरे विश्व में दर्शाता है। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि कानून व्यवस्था की बात हो या अपराध मुक्त प्रदेश की बात हो या एक जिला एक उत्पाद की बात हो इसको लेकर इन्वेस्टर्स का कार्यक्रम मोदी के प्रेरणा से हर जिले में हो रहा है, जिससे रोजगार बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में एक बार पुनः देश में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरायेगा।

द्वितीय सत्र में जिला प्रभारी अशोक चौरसिया ने बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि इस बजट मे शोषित वंचित महिला युवा किसान मजदूर व्यापारी सबके उत्थान के लिए बजट आवंटित किया गया है, बजट को पेश होते ही हमारा देश विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था की दृष्टि से आगे बढ़ रहा है। आने वाले 2047 तक हमारा देश अर्थव्यवस्था के मामले में विश्व में प्रथम स्थान पर रहेगा। जिला कार्य समिति के बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने आये सभी अतिथियों का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। बैठक में मुख्य रुप से समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड, जयप्रकाश चतुर्वेदी, रमेश मिश्रा, रामनरेश पासवान, छोटेलाल खरवार, देवेन्द्र पटेल, अशोक मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, अनिल कुमार मौर्य, रुबी प्रसाद, श्रवण गोंड, अजीत रावत, शारदा खरवार, कुसुम शर्मा सहित जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 1200 किलोमीटर की यात्रा करके पहुंचे काशी विश्वनाथ धामः आशुतोष पाण्डेय

## ● पर्यावरण बचाओ का संकल्प लेकर अयोध्या से शुरू की थी वन्दे भारत पदयात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**वंदे** भारत पदयात्रा के यात्री आशुतोष पाण्डेय सुबह बाबा विश्वनाथ मंदिर मे दर्शन कर मणिकर्णिका घाट पर वृक्षारोपण कर विश्वनाथ मंदिर से पदयात्रा करते पहुचे दोपहर 12 बजे जिलामुख्यालय पर पर प्रबोधिनी फाउण्डेशन के महासचिव विनय शंकर राय 'मुन्ना' के नेतृत्व मे माल्यार्पण कर पदयात्री आशुतोष पाण्डेय का स्वागत किया गया, आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि यात्रा 4 दिसंबर 2022 को अयोध्या से शुरू किये, अयोध्या से पहुंचे मथुरा और मथुरा से पैदल चल कर प्रयागराज एवं भदोही होते हुए वाराणसी पहुंचे। वाराणसी की सीमा कपसेठी में 31 जनवरी को पहुंची वहां से पदयात्रा करते हुये लोगों से संवाद करते हुये 1 फरवरी 2023 को गोदौलिया पहुंची, रात्रि विश्राम प्रबोधिनी भवन में प्रबोधिनी फाउण्डेशन के महासचिव के यहां किये। ये यात्रा 21 राज्यों की यात्रा है जिसमें उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड होते हुए 2024 में अयोध्या में समाप्त होगी। इस दौरान 10000 वृक्षारोपण, 1000 स्कूल के अंदर कर रहे है और युवाओं को पर्यावरण और शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुये 10 लाख नीम, पीपल, तुलसी, गिलोय और आंवला का वृक्ष लगाने का संकल्प दिलवाते हुये पूर्ण होगी।

## स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत रोजगार मेले का आयोजन

**संवाददाता।** अमेठी

**अपर** जिलाधिकारी (वि.धा.)/सीपीओ डूडा अजित कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि डूडा द्वारा संचालित दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्वरोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत 25 फरवरी से 28 फरवरी 2023 के मध्य रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में स्वरोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद गौरीगंज एवं नगर पंचायत अमेठी के निवासियों को सूक्ष्म उद्यम प्रारम्भ करने अथवा व्यवसाय वृद्धि हेतु रू. दो लाख तक का व्यक्तिगत ऋण तथा रू0 दस लाख तक का समूह ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा जिसमें योजना के नियमानुसार सात प्रतिशत से अधिक लगने वाला ब्याज सब्सिडी के रूप में विभाग द्वारा दिया जायेगा।

# अवैध रूप से संचालित हो रहे पैथोलॉजी सेंटरों पर मेहरबान स्वास्थ्य विभाग

**संवाददाता।** नसीराबाद, रायबरेली

## ● स्वास्थ्य विभाग के रहमों करम पर मरीजों की जेबें काट रहे अवैध पैथॉलाजी संचालक

**झोलाछाप** डॉक्टरों द्वारा संचालित अवैध पैथॉलाजी सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई करने में पूरी तरह से मूक दर्शक बना स्वास्थ्य विभाग क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे बिना पंजीकरण के पैथोलॉजी सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई करने से परहेज कर रहा है। या यूं कहें कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से जन जीवन से खिलवाड़ करने के लिए झोलाछाप डॉक्टरों को मौन स्वीकृति प्रदान किए हुए है।

क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से झोला छाप डॉक्टरों द्वारा अवैध रूप से बिना पंजीकरण करा, पैथॉलॉजी सेंटर चलाए जा रहे हैं। परंतु स्वास्थ्य विभाग कोई भी कार्यवाही करने से साफ बचता रहा है। यदा-कदा इन पैथॉलाजी सेंटरों में जब मरीजों के जीवन से खिलवाड़ होने के बाद जब हंगामा होता है तो स्वास्थ्य विभाग नींद से जाग कर संबंधितों पर कार्यवाही करने का दावा कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेता है। ठीक इसी तरह पिछले एक वर्ष से क्षेत्र में तेजी के साथ पैथोलॉजी सेंटर बढ़ हैं। जिसमें अधिकांश पैथोलॉजी सेंटरों का कोई भी पंजीयन नहीं है।

बिना पंजीयन के अंदाजी दिमाग और फितरती बुद्धि के झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा इन पैथोलॉजी सेंटरों पर कार्य किया जा रहा है। और आने वाले मरीजों से जांच के नाम पर मनमाना शुल्क वसूल कर मरीजों का शोषण किया जा रहा है। जबकि इन पैथोलॉजी सेंटरों का स्वास्थ्य विभाग में कोई पंजीयन भी नहीं है। झोला छाप डॉक्टरों द्वारा इसके पीछे इन पैथोलॉजी सेंटरों के संचालकों से सांठगांठ बताई जा रही है।

# खराब दौर से गुजर रहीं दर्जनों सड़कें

**संवाददाता।** मुसाफिरखाना, अमेठी



**क्षेत्र** की बहुचर्चित कादूनाला थौरी व मुसाफिरखाना पारा मार्ग सहित करीब दर्जन भर से अधिक गांवों को जोड़ने वाली सड़कें अपने बुरे दौर से गुज़र रही हैं। जिन पर राहगीर जान जोखिम में डालकर आने जाने को विवश हैं। विधान सभा चुनावों से पहले क्षेत्र की कादूनाला थौरी व मुसाफिरखाना पारा मार्ग की जर्जर व खस्ताहाल सड़कों के मुद्दे को लेकर स्थानीय सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के विधान सभा की सदस्यता से त्यागपत्र देकर लखनऊ के जीपीओ पर गांधी प्रतिमा के सामने सप्ताह भर से अधिक दिनों तक धरना प्रदर्शन आमरण अनशन करने के घटनाक्रम के चलते काफी सुर्खियां बटोरी थीं।

किंतु समय के साथ सब कुछ बदल गया है। सड़के ज्यों की त्यों ही खस्ताहाल बनी हुई हैं। इसके साथ मुसाफिरखाना दादरा संपर्क मार्ग मुसाफिरखाना धरौली मार्ग निजामुद्दीनपुर रसूलाबाद लालगंज दादरा मार्ग दादरा चंदीपुर सहित करीब दर्जन भर से अधिक संपर्क मार्ग विभागीय अधिकारियों की उदासीनता व मनमानी का शिकार हुए हैं। आए दिन इन सड़कों पर लोग सड़क के गड्ढों में गिर कर चोट खा रहे हैं। कई लोग दुर्घटनाओं में घायल होकर महीनों बिस्तर पर पड़े रहे हैं। किंतु खराब सड़क के मुद्दे भी अब महज चुनावी राजनीति बन गए हैं।

स्थानीय जन प्रतिनिधि व गणमान्य लोग केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद सहित अन्य राजनेताओं के साथ ही जिला प्रशासन को समाधान दिवस में दर्जनों बार शिकायती पत्र देकर प्रभावी कार्यवाही की मांग कर चुके हैं किंतु नतीजा अब तक शून्य ही रहने से निराश हो चुके हैं।

# नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना में दी जायेगी हर सम्भव मददः संजीव

## ● इन्वेस्टर्स समिट का जनपद में हुआ आयोजन

**संवाददाता।** सोनभद्र



**जनपद** में जिला इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम का आयोजन सोन पैलेस में किया गया, कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री संजीव गौड़, विधायक घोरावल डॉ. अनिल कुमार मौर्य, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, ब्लाक प्रमुख चोपन लीला देवी, ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत, पूर्व सासंद छोटे लाल खरवार सहित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों की स्थापना करने वाले इन्वेस्टर्स उपस्थित रहे इस दौरान विभिन्न औद्योगिक संस्थानों व विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया, अवलोकन के दौरान उन्होंने जनपद में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने के लिए स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाईयों के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की और उसके माध्यम से लोगों को रोजगार कैसे प्राप्त होगा, के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान एनटीपीसी रिहन्द, हिन्डालको, एनटीपीसी सिंगरौली, खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन, अल्ट्रा टेक, एनआरएलएम समूह, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, खादी ग्रामोद्योग, डूडा विभाग रेशम कीट विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगायी गयी थी। इस दौरान राज्यमंत्री संजीव गौड़, ने संबोधन में कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भव्य रूप में इन्वेस्टर्स समिटि का आयोजन 11 फरवरी को हो रहा है। इस समिट में देश विदेश के उद्यमी प्रदेश में उद्योग लगाने हेतु प्रतिभाग करेंगे। उन्होने कहा कि इस क्रम में आज जनपद में भी इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कहा कि जनपद में आयोजित इस भव्य इन्वेस्टर्स समिट में जिस तरह से बढ़ चढ़ कर इन्वेस्टर्स ने प्रतिभाग किया है इससे लग रहा है कि आने वाले समय में लोगों को रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध होगें और सोनभद्र बदल रहा है।

## आचार्य शुक्ल ने हिंदी साहित्य में बड़ा योगदान दियाः सुरेश चंद्र मिश्र

**मीरजापुर।** आचार्य रामचंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में आचार्य शुक्ल की 82वीं पुण्यतिथि उनके बरौधा कचार स्थित पार्क में मनायी गयी। मुख्य अतिथि संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चंद्र मिश्र ने आचार्य शुक्ल की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि आचार्य शुक्ल ने आजीवन हिंदी साहित्य की सेवा की और बड़ा योगदान दिया। हम ऐसे मनीषी की पुण्यतिथि मना रहे हैं जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। अध्यक्षता कर रहे भोलानाथ कुशवाहा ने कहा कि आचार्य शुक्ल का नाम आज साहित्य जगत में बहुत आदर के साथ लिया जाता है क्योंकि उन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर हिंदी साहित्य को बहुत कुछ दिया है। उन्होंने कहा कि जनपद में स्थापित होने वाले विवि का नाम आचार्य रामचंद्र शुक्ल विंध्य विश्वविद्यालय रखा जाय। राजेंद्र त्रिपाठी उर्फ लल्लू तिवारी ने कहा कि आचार्य शुक्ल जीवनपर्यन्त हिंदी साहित्य के विकास के लिये प्रयत्नशील रहे। यही कारण है कि आज हिंदी पूरे विश्व में अलख जगा रही है। अनुज प्रताप सिंह ने कहा कि हिंदी साहित्य में आचार्य शुक्ल का अद्वितीय स्थान है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

# नर्सिंग छात्र-छात्राओं को निवर्तमान पालिकाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बांटा लैपटॉप और स्मार्ट फोन

**संवाददाता।** मीरजापुर



**निवर्तमान** पालिकाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने गुरुवार की सुबह जंगी रोड स्थित पॉपुलर नर्सिंग हॉस्पिटल पहुंचकर नर्सिंग के कई छात्र छात्राओं को लैपटॉप और स्मार्ट फोन का वितरण किया। बता दें कि पॉपुलर हॉस्पिटल में नर्सिंग के छात्र छात्राओं को लैपटॉप और स्मार्ट फोन वितरण का कार्यक्रम रखा गया था।

इस कार्यक्रम में निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। जहां कार्यक्रम आयोजकों द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित भी किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे फ्री लैपटॉप और स्मार्ट फोन योजना के अंतर्गत नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को लैपटॉप और स्मार्ट फोन मिलने पर खुशी जाहिर की। इस मौके पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में ऑनलाइन पढ़ाई के लिए छात्र छात्राओं को इनकी जरूरत पड़ती है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इन मेधावी छात्रों को लैपटॉप और स्मार्ट फोन देकर इनका हौसला बढ़ाया गया है। कोरोना महामारी में नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने अपनी जान की बाजी लगाकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इन छात्र छात्राएं को लैपटॉप और स्मार्ट फोन मिलने से आगे की पढ़ाई सुविधाजनक होगी और ये बच्चे समाज के लिए और बेहतर कर पायेंगे। इस मौके पर डॉ. आरपी सिंह, डॉ. प्रवीण सिंह, अर्चना भारती, बबिता, दीपमाला, इंदु देवी, कल्पना चौधरी, दिव्या कुमारी, सविता देवी, खुश्बू मौर्या, आरती मौर्या, रीता देवी, सुजाता देवी, पूजा भारती, पूनम कुमारी आदि लोग उपस्थित रहे ।

## अपना दल (एस) विधायक राहुल कोल का निधन

**मिर्जापुर।** छानबे विधानसभा क्षेत्र से अपना दल (एस) के विधायक राहुल कोल का बृहस्पतिवार को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया जहां उनका इलाज चल रहा था। पारिवारिक सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी।वह 40 साल के थे। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक विधायक पिछले कुछ वर्षों से कैंसर से पीड़ित थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां हैं।अपना दल (एस) युवा के अध्यक्ष उदय पटेल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उनके पार्थिव शरीर को मुंबई से विमान से वाराणसी लाया जाएगा और उसके बाद मड़िहान स्थित उनके गांव पटेहरा कला ले जाया जाएगा। अपना दल (एस) के प्रदेश प्रवक्ता अजय श्रीवास्तव ने राहुल कोल के निधन पर दुख जताया और कहा कि उनका निधन अपना दल के लिए बड़ी क्षति है। राहुल कोल रॉबर्ट्सगंज से अपना दल (एस) के सांसद पकौड़ी लाल कोल के बेटे थे। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की अपना दल (एस) ने 2022 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन में राज्य में 12 सीटें जीती थीं।

## अच्छा बजट

### सबका ध्यान

**वित्त मंत्री** सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट 2023–24 में सबके लिए कुछ न कुछ है और इसके बावजूद राजकोषीय संतुलन पर भी ध्यान दिया गया है। विपक्ष अक्सर तत्कालीन सरकार की निन्दा करने के लिए चुनाव–पूर्व बजट को 'राजनीतिक बजट' कहता रहा है, लेकिन यह बात वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश 2023–24 के बजट के लिए नहीं कही जा सकती है। राजनीतिक बजटों में एक सबसे बड़ा बजट कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन–संप्रग सरकार ने 2008 में पेश किया था। इसमें 60,000 करोड़ का कृषि कर्ज माफ करने की घोषणा हुई थी जो लगभग 72,000 करोड़ तक पहुंच गया था। इस कर्ज माफी से संप्रग को अगले साल सत्ता में लौटने में सहायता मिली थी। राज्यों में खर्च किए जाने वाले पैसे तथा संप्रग की चुनावी सफलताओं के बीच निकट संबंध था। सुश्री सीतारमण को धन्यवाद दिया जाना चाहिए कि उन्होंने उस निन्दनीय लोकरंजकता से स्वयं को अलग रखा है जिसका प्रदर्शन संप्रग ने 15 साल पहले किया था। भले ही कोई उन पर यह आरोप लगाए कि उन्होंने राहत देकर आयकर दाताओं को खुश करने का प्रयास किया, लेकिन तथ्य है कि इसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। यहां इस बात पर भी जोर दिया जाना चाहिए कि इसके सबसे बड़े लाभार्थी सबसे कम आय श्रेणी वाले लोग होंगे। इसका अर्थ है कि आम लोगों की जेब में ज्यादा पैसा जाएगा जिसका वे निवेश या खर्च कर सकेंगे। इससे मांग व बचत में वृद्धि होगी और इन दोनों की आवश्यकता है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों–एमएसएमई तक




भी आयकर लाभों का विस्तार किया गया है। व्यक्तिगत आयकर के बारे में यह भी खास है कि सर्वोच्च कर श्रेणी में आने वाले लोगों को भी राहत दी गई है। हमारे देश में कर की अधिकतम दर 42.74 प्रतिशत थी जो दुनिया में सबसे ज्यादा दरों में शामिल थी। वित्त मंत्री ने इसे घटा कर 39 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया है। यह उस देश में बहुत साहसी कदम है जहां अमीरों को गाली देना फैशन बन गया है। यह खासकर इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उनकी पार्टी 2024 में आम चुनाव के लिए तैयार हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ढांचागत विकास पर जोर दे रही है। इसी रास्ते पर चलते हुए वित्त मंत्री ने लगातार तीसरी बार इस क्षेत्र के लिए पूंजी निवेश में भारी 33 प्रतिशत वृद्धि की है जो अब 10 लाख करोड़ पहुंच गया है। यह सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी का 3.3 प्रतिशत है। यह 2019–20 में किए आबंटन का लगभग तीन गुना होगा। सुश्री सीतारमण ने संकेत किया कि केन्द्र द्वारा प्रत्यक्ष पूंजी निवेश के साथ ही राज्यों को पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान की व्यवस्था भी की गई है जिससे 'प्रभावी पूंजी खर्च' 13.70 लाख करोड़ हो जाएगा। उन्होंने उचित ही इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार का ध्यान पूंजीगत खर्च पर है क्योंकि इससे वृद्धि की क्षमता बढ़ती है, रोजगारों का सृजन होता है, निजी निवेश तेजी से आकर्षित होता है तथा विपरीत वैश्विक परिस्थितियों से निपटने में सहायता मिलती है। बजट के बारे में अच्छी बात यह है कि इसने मध्य वर्ग से लेकर अमीरों व एमएसएमई से लेकर बड़े निगमों तक सबको कुछ न कुछ दिया है, पर इसके बावजूद राजकोषीय व्यावहारिकता बनाए रखी गई है। 2023–24 में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.9 प्रतिशत तक सीमित रखते हुए सुश्री सीतारमण ने वादा किया कि 'राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए 2025–26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है।' वैसे भी राजकोषीय घाटा 2021–22 में 6.7 प्रतिशत से घट कर 2022–23 के संशोधित बजट अनुमान में 6.4 प्रतिशत पर आ गया है। संक्षेप में कहा जाए तो बजट 2023–24 अच्छा बजट है जिसमें समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

# अफ़गानिस्तान में नया ग्रेट गेम

**पाकिस्तान परोक्ष रूप से विभिन्न संगठनों द्वारा आतंकी हमले कर भारत–अमेरिका रणनीतिक संबंधों की परीक्षा लेने का प्रयास कर सकता है।**


निष्ठा कौशिकी


निखिल शर्मा



अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद अमेरिका व पाकिस्तान के रणनीतिक संबंधों में गिरावट आई है। लेकिन पाकिस्तान के टीटीपी से संघर्ष, चीन–प्रायोजित आर्थिक संकट तथा आईएमएफ द्वारा कर्ज पैकेज से इनकार के बाद पाकिस्तान में अमेरिका की दिलचस्पी बढ़ गई है। अमेरिकन दिलचस्पी के अनेक कारण हैं जिनका गहरा संबंध दक्षिण व मध्य एशिया के इतिहास से है। इस्लामाबाद द्वारा तालिबान के सक्रिय समर्थन के बावजूद अमेरिका की दिलचस्पी बहु–प्रतीक्षित वित्त व सैनिक समर्थन के रूप में सामने आ सकती है, जैसा कि उसने अतीत में किया है। वर्तमान घटनाक्रम से वाशिंगटन को अवसर मिल गया है जिससे वह छलांग लगा कर दोनों क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक पकड़ मजबूत कर सकता है। पाकिस्तान इन दोनों क्षेत्रों के निकट है। स्पष्ट रूप से कहा जाए तो रूस के दक्षिण और उसके 'रणनीतिक पिछवाड़े' या मध्य एशिया में उसकी स्थिति तुलनात्मक रूप से महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक रूप से अमेरिका व पाकिस्तान के साथ चीन भी था क्योंकि सोवियत संघ के खिलाफ उनके साझा हित थे। इसके साथ ही वे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में भारत के राजनीतिक व भू–रणनीतिक प्रभाव को सीमित रखना चाहते थे। पाकिस्तान के दृष्टिकोण से अमेरिका की दिलचस्पी उसे 'भू–रणनीतिक महत्व' में आगे रखती थी और इससे उसे भारत के खिलाफ सैनिक मुकाबले में सहायता मिलती थी। 1954 में अमेरिका सरकार ने अपने परस्पर रक्षा सहायता समझौते के अंतर्गत उसे 500 मिलियन डालर का सैनिक सहायता पैकेज दिया था। इसके बाद वर्ष 1967 से 1980 तक अमेरिका ने उसे लगभग 6 बिलियन डालर की सैनिक व तकनीकी सहायता दी थी।

पाकिस्तान ने इस सहायता का प्रयोग भारतीय हितों के खिलाफ किया। इस प्रकार उसने जिम्मेदारी टालने का दृष्टिकोण अपनाया जो उसके आंतरिक व विदेशी नीति संतुलन की तुलना में बेहतर था। हर टकराव के पहले पाकिस्तान उम्मीद करता था कि अमेरिका उसकी सुरक्षा की गारंटी करे। पहले मामले में, 1965 के युद्ध से पहले अयूब खान ने मांग की थी कि अमेरिका भारत के 'आक्रमण' के खिलाफ पाकिस्तान की सुरक्षा की गारंटी करे। यह अमेरिका के साथ उसके गठबंधन की स्थिति में अनिवार्य गारंटियों का आवश्यक तत्व था। हालांकि, पाकिस्तान युद्ध में हार गया, पर अमेरिकन सैनिक सप्लाई से उसे यह विश्वास पैदा हुआ कि वह भारत के खिलाफ लड़ सकता है। लेकिन जल्द ही इस्लामाबाद ने भी समझ लिया कि वाशिंगटन उसे भारत के खिलाफ 'ब्लैंक चेक' नहीं देगा। 1971 के युद्ध में स्थितियां फिर भारत के खिलाफ बन गईं।

हालांकि, पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 1971 में युद्ध छेड़ा था, पर अमेरिका के सातवें बेड़े ने सुनिश्चित किया कि भारत पूर्वी पाकिस्तान को आजाद कराने के बाद पाक अधिकृत कश्मीर–पीओके पर कब्जे का विचार न करे। बाद में अफगानिस्तान पर सोवियत हमले के बाद पाकिस्तान को 1980 से 1990 तक 3.2 बिलियन डालर की वित्तीय सहायता मिली जिससे उसने मुजाहिदीन को सोवियत संघ के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार किया। इसके साथ ही अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ–16 लड़ाकू विमान भी दिए। नाभिकीय परीक्षणों के बाद पाकिस्तान ने यही दृष्टिकोण अपनाया और उसने हमेशा इस्लामिक देशों का प्रयोग नाभिकीय हथियार प्राप्त करने में यथास्थिति बनाए रखने के लिए किया। इस प्रकार नाभिकीय ब्लैकमेल से उसे काफी लाभ मिला। कारगिल संकट और संसद पर आतंकी हमलों के पश्चात भारत की पाकिस्तान के खिलाफ सीमित सैनिक कार्रवाई की तैयारी के बाद अमेरिका ने 'सामान्य स्थिति' बहाली के नाम पर हस्तक्षेप कर भारत की प्रतिक्रिया को काफी सीमित कर दिया।

9–11 के बाद अमेरिका व पाकिस्तान फिर टैक्टिल रूप से एक दूसरे के निकट आए। पाकिस्तान प्रमुख गैर–नाटो सहयोगी बन गया और सिप्री के आंकड़ों के अनुसार 2002–14 के बीच उसने 5.81 बिलियन डालर की सैनिक सहायता प्राप्त की जिसमें 3.2 बिलियन डालर हथियारों की बिक्री के लिए था। एबटाबाद में ओसामा के मारे जाने के बाद सीआरएस रिपोर्ट के अनुसार, 2014–15 में वित्तीय व सैनिक सहायता में 40 प्रतिशत कमी आई। अफगानिस्तान से अमेरिका के जाने के पहले वाशिंगटन राजनयिक व रणनीतिक रूप से इस्लामाबाद पर निर्भर था जो उस पर क्षेत्र से सुरक्षित निकासी के लिए तालिबान से वार्ता के लिए दबाव डाल रहा था। इस प्रक्रिया में उसने स्वयं व तालिबान को क्षेत्र में महत्वपूर्ण पक्ष बना दिया। पाकिस्तान की केस स्टडी से स्पष्ट है कि कमजोर देश महाशक्तियों की असुरक्षाओं व अंतरराष्ट्रीय राजनीति के कुप्रबंधन पर फलते–फूलते हैं। वर्तमान समय में पाकिस्तान में अमेरिका की फिर से जागी दिलचस्पी का कारण रूस व पाकिस्तान के बीच ऐतिहासिक संबंध तथा रूस, चीन व पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय स्थितियां हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के काफी पहले से ही रूस पाकिस्तान को सकारात्मक संकेत दे रहा था। 2010 के मध्य में ईरान–पाकिस्तान पाइपलाइन की खबरों के साथ ही रूस, चीन, पाकिस्तान व ईरान के बीच व्यापक निकटता पैदा हुई। 2015 में रूस ने पाकिस्तान पर लगी हथियारों की ब्रिकी से प्रतिबंध हटा लिया। इसके बाद से दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों का विस्तार हुआ है। इसके चलते एक रक्षा समझौता हुआ है, एमआई–35एम हाइंड–ई हेलीकाप्टरों की सप्लाई हुई है तथा 2018 में हुए 'विरल सैनिक सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर के साथ संयुक्त सैनिक अभ्यास भी हुए हैं। पाकिस्तान के सैनिक आयुधों में रूस के क्लिमोव आरडी–93 इंजन भी शामिल हैं जिनका प्रयोग जेएफ–17 थंडर विमानों में होता है।

रूस ने पुनः ईरान व पाकिस्तान की पाइपलाइन राजनीति में दिलचस्पी दिखाई है और वह पाकिस्तान को कच्चा तेल बेचने का इच्छुक है। यह समझौता 'मित्र देशों की मुद्रा' में हो सकता है जिससे रूस के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों को धक्का लग सकता है। इसके साथ ही कजाखिस्तान–पाकिस्तान पाइपलाइन भी स्थितियां उलटने व नए ऊर्जा ढांचे तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। दूसरे दृष्टिकोण से 'व्यावहारिक संबंधों' पर रूस व पाकिस्तान समझौते से दोनों क्षेत्रों में अफगान तालिबान का मुद्दा भी गंभीर हो सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति, 2022 में आतंकवाद के मुद्दे पर जोर दिया गया है, पर जानबूझ कर पाकिस्तान के आतंकी संगठनों तथा आतंक के स्रोत के तौर पर उसका नाम नहीं लिया गया है, हालांकि इसमें चुनौती के रूप में तालिबान का उल्लेख है। यह दस्तावेज 'विश्वस्त साझीदारों के बीच सहयोग व समर्थन' बढ़ाने तथा रणनीति में परिवर्तन कर इसे 'अमेरिका–नीत, साझीदार–सक्षम' के बजाय 'साझीदार–नीत, अमेरिका–सक्षम' करने के पक्ष में है। इससे संकेत मिलता है कि अमेरिका रूस–चीन संबंधों में उभरते विरोधों का लाभ उठाने में दिलचस्पी दिखा रहा है जो यूक्रेन युद्ध के परिणामस्वरूप पैदा हुए हैं। इसके साथ ही अमेरिका आने वाले दिनों में सी5प्लस1 राजनयिक मंच के माध्यम से मध्य एशिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहता है जिसमें कजाखिस्तान, किर्गीज़ गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमानिस्तान, उज्बेकिस्तान व अमेरिका शामिल हैं।

अब यह समझने की जरूरत है कि पाकिस्तान आतंकवाद समाप्त करने की अमेरिका की बदली रणनीति में कहां है? पाकिस्तान रूस, अमेरिका और चीन की असुरक्षाओं व भय का कैसे लाभ उठा सकता है? पाकिस्तान को इस नए उभरते ग्रेट गेम में सैनिक व वित्तीय पैकेज कैसे मिल सकते हैं? क्या अफगान तालिबान, तहरीके तालिबान पाकिस्तान–टीटीपी व अन्य इस्लामी समूहों को अंततः कुचल दिया जाएगा? क्या अफगानिस्तान पर फिर 1979–80 की तरह एक और हमला होगा? भारतीय दृष्टिकोण से देखें तो टीटीपी को कुचलने के लिए अमेरिका के साथ समन्वय बनाने के साथ पाकिस्तान भारत–अमेरिका रणनीतिक संबंधों की परीक्षा के लिए कश्मीर में परोक्ष रूप से आतंकी हमले करने पर विचार कर सकता है। यदि ऐसा होता है तो क्या अमेरिका फिर 'सामान्य स्थिति बहाली' के नाम पर तटस्थ रहेगा? अमेरिका व रूस के संबंध में पाकिस्तान की सुनियोजित रणनीति है कि वह भारत के खिलाफ अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए इनका प्रयोग कर सकता है। भारत द्वारा किसी दुःसाहस के जवाब में वह सैनिक व वित्तीय पैकेज प्राप्त कर सकता है और अंततः अमेरिका–चीन दुश्मनी की धार कम कर सकता है। इन सभी स्थितियों के कारण महत्वपूर्ण भावी घटनाक्रमों में भारत को अपने विकल्प निर्धारित करने में कठिनाई हो सकती है। उभरती विभाजक रेखाओं से हमें अमेरिकन गणितज्ञ जान एलेन पालुस याद आते हैं। उन्होंने कहा था, 'अनिश्चितता ही एकमात्र निश्चितता है और इस असुरक्षा के साथ जीना सीखना ही एकमात्र सुरक्षा है।'

# उद्योग के लिए हानिकारक विघटनकारी प्रयोग

> "व्यवधान होने के लिए, एक कंपनी को एक उपेक्षित ग्राहक आधार को लक्षित करना होगा, उत्पाद या सेवा का सही फिट प्रदान करना होगा।"



हिमा बिंदू कोटा
(लेखिका एक स्तम्भकार हैं)

नवाचार, जो किसी मौजूदा उत्पाद या विचार पर उन्नति है, निरंतर सुधार के लिए एक शर्त है। लेकिन एक विघटनकारी नवाचार उद्योग को एक बार में हिला देता है। व्यापार में विघटनकारी नवाचार कोई नई अवधारणा नहीं है। इसका जन्म 1995 में हुआ जब इसे नवाचार पर दुनिया के अग्रणी विचारकों में से एक क्रिस्टेंसन ने अपने सह–लेखकों के साथ प्रस्तावित किया था।

हालांकि, वर्षों से, इस अवधारणा को गलत समझा गया है। यह आम तौर पर एक ऐसी स्थिति में गलत तरीके से लागू किया गया है जहां उद्योग के मानदंडों को हिला दिया गया है और मौजूदा खिलाड़ियों में हड़कंप मच गया है। और यहां पकड़ है। मूल रूप से, क्रिस्टेंसेन ने व्यवधान की अवधारणा को डेविड और गोलियथ स्थिति की तरह अधिक समझा – कम संसाधनों वाली एक छोटी कंपनी एक स्थापित व्यवसाय को सफलतापूर्वक चुनौती दे रही है। अपने मौजूदा बहुसंख्यक लक्ष्य ग्राहक आधार को बनाए रखने के प्रयास में स्थापित व्यवसाय, मुख्य रूप से अपने वर्तमान उत्पादों या सेवाओं को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और बड़े पैमाने पर अन्य बाजार क्षेत्रों की उपेक्षा करते हैं। नए प्रवेशकर्ता जो इस अंतर को महसूस करते हैं वे अनदेखी किए गए सेगमेंट के लिए आकर्षक उत्पाद या सेवाएं प्रदान करते हैं।

जबकि स्थापित व्यवसाय इन नए प्रवेशकों पर ध्यान नहीं देते हैं, वे धीरे–धीरे अपमार्केट में पैठ बनाते हैं, अधिकांश ग्राहकों को समान उत्पाद या सेवाएं प्रदान करते हैं, जबकि उनके पहले के लाभ–कम कीमतों को बनाए रखते हैं। एक बार जब ये मुख्यधारा के ग्राहक बड़ी मात्रा में नए उत्पादों या सेवाओं को अपना लेते हैं, तो कोई कह सकता है कि व्यवधान उत्पन्न हुआ है। क्रिस्टेंसन के अनुसार, विघटनकारी नवाचारों की संभावना इसलिए पैदा होती है क्योंकि स्थापित व्यवसाय निम्न–अंत और नए बाजारों दोनों की उपेक्षा करते हैं। अधिक लाभदायक होने के प्रयास में, स्थापित व्यवसाय उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं के साथ मुख्यधारा के ग्राहकों को प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और अपने मौजूदा उत्पादों और सेवाओं को अपग्रेड करने, बढ़ाने और पूर्ण करने में संसाधन लगाते हैं, जबकि कम अंत वाले बाजार की उपेक्षा करते हैं। इस अवसर को भांपते हुए, नए प्रवेशकर्ता कम लागत वाले व्यवसाय मॉडल का उपयोग करके इस अंतर में प्रवेश करते हैं। एक लो–एंड डिसरप्टर इस सेगमेंट में मार्केट शेयर छीन लेता है और स्थापित व्यवसायों को अपमार्केट में धकेल देता है। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं के लिए कम कीमत और स्वीकार्य गुणवत्ता पर नए उत्पाद विकसित करके, जहां कोई अस्तित्व नहीं था, नए बाजार बनाकर व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। पर्सनल कंप्यूटर और बाद में स्मार्टफोन का आगमन नए बाजार में व्यवधान के आदर्श उदाहरण हैं।

मेनफ्रेम के रूप में जाने जाने वाले पहले कंप्यूटर विशाल और बहुत महंगे थे। 2 मिलियन डॉलर तक की लागत और एक पूरे कमरे को भरने जितना बड़ा आकार के साथ, कंप्यूटिंग तकनीक आम आदमी के लिए सीमा से बाहर थी। पर्सनल कंप्यूटर के आविष्कार के साथ, मशीन का एक छोटा और सस्ता टुकड़ा, व्यक्तियों का एक नया बाजार खंड बनाया गया था।

इन वर्षों में, अपनी क्षमताओं में निरंतर सुधार के साथ, एक विनम्र व्यक्तिगत कंप्यूटर ने मेनफ्रेम कंप्यूटरों को लगभग अप्रचलित बना दिया। नए बाजार व्यवधान में अगला कदम स्मार्टफोन का उभरना है, जो दो स्तरों पर व्यवधान पैदा कर रहे हैं। एक, पर्सनल कंप्यूटर की लागत के एक अंश पर फोन में इंटरनेट का उपयोग करने की क्षमता पर्सनल कंप्यूटर के उपयोग को कम आवश्यक बना रही है। दो, स्मार्टफोन की फोटो लेने की क्षमता डिजिटल फोटोग्राफी उद्योग को बाधित करने के लिए तैयार है। हालांकि, वर्षों से, उपरोक्त अवधारणा का दुरुपयोग कई लोगों द्वारा किया गया है जिन्होंने इस धारणा के बारे में गंभीरता से विचार नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, उबेर को एक व्यवधान के रूप में देखा गया है। यह उन उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करता है, जिन्हें राइड की आवश्यकता होती है, जो उन्हें प्रदान करने के इच्छुक हैं। 2009 में स्थापित, कंपनी ने शानदार विकास का आनंद लिया है और अभी भी विस्तार कर रही है। इसने फंडिंग राउंड और बढ़ते मूल्यांकन के साथ जबरदस्त वित्तीय सफलता की सूचना दी है। बेशक, उबर ने परिवहन के कारोबार को बदल दिया है।

लेकिन क्या इससे व्यवधान आया है? व्यवधान होने के लिए, एक कंपनी को एक उपेक्षित ग्राहक आधार को लक्षित करना होता है, आमतौर पर कम लागत पर उत्पाद या सेवा का सही फिट प्रदान करना होता है। उबेर ने अंतिम उपयोगकर्ताओं, यानी कैब सेवाओं को लेने वाले ग्राहकों को सेवा प्रदाताओं से जोड़ा। इसलिए, उबेर ने व्यवधान पैदा करने वाली दो शर्तों में से किसी को भी पूरा नहीं किया – सबसे पहले, यह उस बाजार खंड को अपने दायरे में नहीं लाया जो कैब सेवाओं का उपयोग नहीं करता था; और दूसरी बात, कैब और टैक्सी सेवाएं निश्चित रूप से कोई नया बाज़ार नहीं थीं। अंत में, उबर से कार उद्योग को कोई खतरा नहीं है।

सिलिकॉन वैली में प्रचलित एक प्रसिद्ध उद्धरण 'बाधित या बाधित' यह सब कहते हैं। सभी व्यवसाय लगातार नए नवोन्मेषी विचारों, उत्पादों या व्यवसाय मॉडल के साथ विघटनकारी बनने के अवसरों की तलाश में रहते हैं। परन्तु विघ्न डालने वाले विरले ही बन पाते हैं। विघटनकारी नवाचार जटिल और महंगे उत्पादों या सेवाओं को सरल और उचित विकल्पों में बदल देता है। हालांकि बहुत समय लेने वाला और अत्यधिक जोखिम भरा, व्यवधान पैदा करना किसी भी उद्योग की सीमाओं को आगे बढ़ाकर मौजूदा स्थापित उत्पादों और सेवाओं को हिला देता है।

## आप की बात

### गुलामी के प्रतीक

**ग्रेट ब्रिटेन** के औपनिवेश में कभी रहे देशों में से 15 देश ऐसे हैं जहां आज भी न सिर्फ संवैधानिक राजतंत्र के तहत परोक्ष रुप में ब्रिटिश हुकूमत चल रही है, बल्कि ब्रिटिश सम्राट चार्ल्स को आज भी ये देश अपना राजा मानते हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया। में 26 जनवरी को वहां के मूलनिवासी एवं आदिवासियों ने अंग्रेज़ों के स्वागत में मनाए जाने वाला विशेष दिन का धरना–प्रदर्शन के जरिये विरोध किया था। लगता है उस विरोध का असर अब दिखना शुरू हो गया है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि अपने 5 डालर के नोट पर महारानी एलिजाबेथ के चित्र को हटा दिया जायेगा। इसके स्थान पर एक नए डिजाइन का प्रयोग होगा जो स्वदेशी संस्कृति को दर्शाता हो। नोट के दूसरे हिस्से में ऑस्ट्रेलियाई संसद की तस्वीर बनी रहेगी। धीरे–धीरे बाकी नोटों से भी ब्रिटिश राजघराने को बाहर कर दिया जायेगा। बहुत संभव है कि जल्द ही 26 जनवरी अब छुट्टियों का दिन न रहे। इस प्रकार अंग्रेज़ों के स्वागत में स्तुतिगान का दिन अब ऑस्ट्रेलिया में इतिहास के पन्नों में सिमटने जा रहा है। गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति का स्वागत किया जाना चाहिए और भारत में अंध मोदी–विरोधियों को भी यह बात समझनी चाहिए।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कल्याणकारी बजट

**अर्थव्यवस्था** के कोरोना से उबर आने के चलते यह स्पष्ट था कि इस बार का आम बजट कुछ भिन्न होगा। मोदी सरकार के वर्तमान कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया कि सरकार लोकलुभावन राजनीति से दूर रहेगी। यह इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि कुछ राजनीतिक दल रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। यह बजट आने वाले 25 वर्षों में देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को रेखांकित भी करता है। बजट के माध्यम से स्पष्ट है कि सरकार विकास दर के साथ खपत बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए उसने आधारभूत ढांचे को विकसित करने हेतु बजट आवंटन को बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए करने की घोषणा की है जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। आम बजट ग्रामीण विकास और शहरी विकास के साथ सामाजिक विकास पर भी केंद्रित है। बजट घोषणाओं को जमीन पर उतारने के लिए अतिरिक्त ध्यान दिया जाना दिया जाना चाहिए क्योंकि घोषणाओं के तत्काल जमीनी क्रियान्वयन से जनता को लाभ होगा तथा चुनावी राजनीति पर सच्ची अर्थनीति को बढ़ावा मिलेगा।

**सदन जी,** पटना

### चिकित्सक को सम्मान

**गणतंत्र** दिवस की पूर्व संध्या पर जब राष्ट्र अपने कर्मवीरों के सम्मानों का एलान कर रहा था। इन कर्मवीरों की सूची में मध्यप्रदेश जबलपुर के डॉक्टर मुनीश्वर चंदर डावर भी शामिल थे। वे आम लोगों का इलाज बहु कम फीस पर करते हैं। मात्र 20 रु में चिकित्सकीय सेवा देने का यह कार्य बरसों से जारी है। पहले वे यह कार्य मात्र 2 रु में करते थे। इस महान शख्स को भारत सरकार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के चौथे बडे पुरुस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया है। डॉक्टर मुनीश्वर चंदर डावर को मिला यह सम्मान आमजन को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के मानवीय एवं नेक कार्य के परिणाम स्वरूप दिया गया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 16 जनवरी 1946 को जन्मे डॉक्टर मुनीश्वर विभाजन के बाद भारत आ गए। जबलपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। वे सेना में भी रहे हैं। 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना में उन्होंने अपना अमूल्य योगदान दिया है। जनता के चिकित्सक के इस सम्मान से स्वयं पुरस्कार तथा उसका निर्धारण करने वालों का भी गौरव बढ़ा है।

**नरेंद्र तिवारी,** बड़वानी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**यह** अब तक के सबसे अच्छे बजटों में से एक है, सचमुच समावेशी तथा समाज के हर वर्ग का ध्यान रखने वाला।

– **अनिल अग्रवाल**
वेदांता के अध्यक्ष



**यह** लापरवाह बजट है जिसने बहुसंख्य जनता की उम्मीदों के साथ धोखा किया है।

– **पी. चिदम्बरम**
पूर्व वित्त मंत्री



**भारत** या इस्राइल में पूजा करते समय लोगों को नहीं मारा जाता है, पर पाकिस्तान में ऐसा होता है।

– **ख़्वाजा आसिफ़**
पाकिस्तानी रक्षा मंत्री

# पूर्ण निर्माण कार्यों की रिपोर्ट हैंडओवर करें: मंडलायुक्त

● साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए गए निर्देश



**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में स्थापित करने तथा भव्य एवं समग्र विकास योजना (अयोध्या विजन) की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आहुत की गयी। मण्डलायुक्त ने कहा कि जिन भी निर्माण कार्यो के कार्य लगभग पूरे हो गये है उनकी सूची बनाकर हैंडओवर की प्रक्रिया जल्द से जल्द प्रारम्भ करें। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद द्वारा अयोध्या में विकसित की जा रही ग्रीन टाउनशिप के प्रगति की समीक्षा की। सम्बंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि कुल 1194.33 एकड़ भूमि अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित हैए जिसमें प्रथम चरण के अन्तर्गत 487.41 एकड़ भूमि का क्रय किया जा चुका है। प्रथम चरण में होटल व्यवसायिक भूखण्ड सामुदायिक सुविधायें, संस्थागत भूखण्ड, अन्तर्राष्ट्रीय एवं राज्यों के भवनों हेतु प्रस्तावित भूखण्ड, अल्प आय वर्ग एवं दुर्बल आय वर्ग हेतु आरक्षित भूखण्ड आदि के निर्माण हेतु भूखण्ड आरक्षित किये गये है, जिनके ले आउट प्लान पर कार्य चल रहा है। मण्डलायुक्त ने आवास विकास परिषद निर्माण खण्ड.2 के द्वारा निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुनबाए आईटीआई मिल्कीपुर, आईटीआई सोहावल के कार्यो के प्रगति की समीक्षा की।

एनएचआई द्वारा प्रस्तावित 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के सर्वे आदि के कार्यो की समीक्षा की तथा आगामी बैठक में एनएचआई के कन्सलटेंट को भी बुलाने के निर्देश दिये तथा सभी कार्य समय से करने के निर्देश दिये। परियोजना निदेशक से कहा कि ऐसे सभी कार्य जिनमें रिवाइज स्टीमेट के मांग की आवश्यकता है उनकी एक सूची बनाकर प्रस्तुत करेंए जिससे कि शासन में जल्द से जल्द पैरवी कराकर और पैसा मांगा जा सकें और कार्य समय से पूर्ण हो सकें।

मण्डलायुक्त ने कहा कि अयोध्या में निर्माणाधीन सभी कुण्डों तथा सभी निर्माणाधीन 33 पार्क किन.किन स्थानों पर बन रहे है उनकी सूची बनाकर प्रस्तुत करें तथा सभी पार्क गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण हों। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अन्य सभी बिन्दुओं की गहन समीक्षा करते हुये सम्बंधित अधिकारियों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समयबद्व निर्माण कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिये।

डीएम ने निर्माणाधीन कार्यों के गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा संबंधित विभागो को अपने अपने विभाग से संबंधित कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर आगणन की विशेषताओं के अनुरूप कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। डीएम ने कलेक्ट्रेट के निकट निर्माणाधीन स्मार्ट पार्किंग के कार्य को निर्धारित समय में पूर्ण कर उसका संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए जिससे कलेक्ट्रेट के आस पास के वाहनों को पार्किंग की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। ग्राम पिखरौली में निर्माणधीन सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट का 62 प्रतिशत कार्य पूर्ण शेष कार्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अनिता यादव, एडीएम (एलए) प्रभाकान्त अवस्थी, परियोजना निदेशक आरपी सिंह सहित कार्यदायी संस्थाओं के अधिशाषी अभियन्ता व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएचसी मिल्कीपुर का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

● सीएचसी पर गंदगी व भारी अव्यवस्थाओं को देख भड़के एसडीएम, अधीक्षक को लगाई कड़ी फटकार



**मिल्कीपुर, अयोध्या।** एसडीएम मिल्कीपुर द्वारा बुधवार को सीएचसी मिल्कीपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी पर गंदगी व भारी अव्यवस्थाओं को देख एसडीएम मिल्कीपुर ने नाराजगी जताते हुए सीएचसी अधीक्षक को लगाई कड़ी फटकार। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र स्थित सीएचसी मिल्कीपुर का एसडीएम मिल्कीपुर अमित कुमार जायसवाल द्वारा बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी मिल्कीपुर की खुली पोल। एसडीएम मिल्कीपुर अमित कुमार जायसवाल ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पर गंदगी व भारी अव्यवस्थाओं का बोलबाला व्याप्त है। ब्लॉक द्वारा निर्मित 2 शौचालय लगभग पूर्ण होने के पश्चात भी हैंडोवर नहीं किए गए हैं, क्षेत्र पंचायत मिल्कीपुर के जेई को निर्देशित किया गया की कमियों को पूर्ण करके तत्काल हैंडोवर करें द्य श्री जायसवाल ने यह भी बताया कि निरीक्षण के दौरान वार्ड में चादर एवं बेड गंदे पाए गए। जिसके लिए अधीक्षक हसन किदवई को निर्देशित किया गया की सीएससी में व्याप्त गंदगी एवं अव्यवस्थाओं को अविलंब दुरुस्त कराएं।

प्रदेश सरकार द्वारा जहां प्रसूताओं तथा रोगियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा भोजन तथा दूध दिए जाने का फरमान जारी किया गया वहीं दूसरी ओर सीएचसी मिल्कीपुर द्वारा प्रसूताओं को भोजन व दूध सहित अन्य सामानों की आपूर्ति नहीं की जा रही है। सीएचसी अधीक्षक हसन किदवई ने बताया कि जिले से जिस प्रतिष्ठान को टेंडर दिया गया वह कभी नहीं आए जिससे यहां रोगियों के लिए भोजन की व्यवस्था नहीं की जा रही है। निरीक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवनों का अनुरक्षण रोगी कल्याण समिति फंड के माध्यम से कराने को कहा गया। रोगी कल्याण समिति की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की विद्युत उपकरणों की मरम्मत समय.समय पर कराया जाए तथा सीसीटीवी को भी ठीक कराया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए प्रचलित ऑपरेशन कायाकल्प के सभी मानकों को पूरा किया जाए तथा अगली बैठक में उक्त बिंदुओं की गहनतापूर्वक समीक्षा की जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने टीबी मरीज से भी वार्ता की और उनका स्वास्थ्य एवं कुशल क्षेम पूछा द्य टीबी मरीज दवा के सेवन से लगभग टीबी मुक्ति के कगार पर है।

# आरोपी गिरफ्तार, आलाकत्ल कुल्हाड़ी और हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद

**अम्बेडकरनगर।** बसखारी थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव में लगभग एक पखवाड़े पूर्व हुए मारपीट में एक युवक की मौत हो गई थी, जिसमे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुकदमे में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एक अभियुक्त अमरेश साहनी फरार हो गया था। उक्त घटना से आक्रोशित गांव वालों ने शीघ्र खुलासे की मांग की थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुकामी पुलिस ने गुरुवार को डोंडो तिराहे से आरोपित अमरेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से मौके पर आलाकत्ल कुल्हाड़ी और हत्या में प्रयुक्त डंडा भी पुलिस ने बरामद किया है।

बसखारी थाना क्षेत्र के भोजपुर में बीते 21 जनवरी को दो पक्षों में हुई मारपीट में रणविजय निषाद गंभीर रूप से घायल हो गया था। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक सप्ताह बाद उसकी मौत हो गई, पुलिस ने उसके पिता बिकानू की तहरीर पर मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था जबकि एक आरोपी फरार हो गया था। इस घटना के बाद परिजन आक्रोशित हो गए थे तथा तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए थे। डीएम सैमुएल पॉल, एडीएम सदानंद गुप्ता तथा पुलिस अधीक्षक अजीत सिन्हा ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा बुझाकर उनकी मांग को मानते हुए तत्काल गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक अश्विनी मिश्रए उपनिरीक्षक शशिकांत पांडेयए उपनिरीक्षक नासिर कुरेशी व अभिषेक सिंहएकृष्णकांत ठाकुर समेत अन्य पुलिस बल के साथ गुरुवार को डोंडो तिराहे पर पहुँचे ही थे किएउसी समय एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस टीम रोकना चाहा तो संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा। पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम अमरेश साहनी पुत्र अच्छेलाल निवासी भोजपुर बताया। मौके पर पुलिस ने अभियुक्त के निशानदेही पर आलाकत्ल कुल्हाड़ी तथा डंडा भी बरामद कर लिया।

## गौरवशाली तीस वर्ष पर आयोजित होगा समारोह

**प्रयागराज।** मीडिया एवं एंटरटेनमेंट का दिग्गज ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइसेस लिमिटेड बॉलीवुड के सबसे बड़े समारोह ज़ी सिने अवॉर्ड के साथ वापस आ रहा है। भारत के अग्रणी टेलीविजन ज़ी के चीफ क्लस्टर ऑफिसर हिंदी मूवी चैनल्स फिल्म लाइसेंसिंग एवं सिंडिकेशन कहते हैं जहां ज़ी टीवी ने भारतीय दर्शकों का मनोरंजन करते हुए हाल ही में तीस गौरवशाली वर्षों का एक भव्य पड़ाव पार किया है। वहीं इंडियन सिनेमा का हमारा सालाना जलसा और भी ज्यादा खास हो गया है। इस साल हम बॉलीवुड सुपरस्टार्स के शानदार लाइन अप के साथ मनोरंजन को एक नए स्तर पर ले जाना चाहते हैं। जिनमें सबसे पहले नाम हैं आलिया भट्ट और वरुण धवन का। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो ने अपने पिछले संस्करणों के साथ दुनिया भर में धूम मचाई और इतने वर्षों में बहुत से प्रतिभाशाली कलाकारों फिल्म मेकर्स और टेक्नीशियनों के प्रेरणादायक सफर का स्वागत किया है।

# एनटीपीसी टांडा में ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन



**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा में खेल परिषद द्वारा 23 जनवरी से 31 जनवरी तक ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट.2023 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कर्मचारीयों, महिलाओं, युवक.युवतियों और बच्चों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में लगभग 105 प्रतिभागियों ने अपनी.अपनी श्रेणियों में बैडमिंटन कौशल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुखए टांडा बी सी पलेई की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गयाण् इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) के गंगोपाध्याय, महाप्रबंधक (परियोजनाएं) अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक (प्रचालन) अभय कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एस एन पाणीग्राही एवं उपाध्यक्षा गरिमा महिला मंडल श्रीमती अपर्णा गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

टूर्नामेंट में विकास के नेतृत्व में टीम रैकेट रेंजर्स विजेता रही वहीं श्री नरेश कुमार के नेतृत्व में टीम पावर स्मैशर्स ने उपविजेता की ट्राफी अपने नाम की। महिला वर्ग में गरिमा खाती व शुभी शर्मा की टीम चैम्पियन बनीं तथा शिखा राजपूत व कल्पना सिंह की टीम उपविजेता रहीं। किशोर वर्ग में शौर्य गंगवार और तन्मय वर्मा की टीम विजेता एवं पुनीत और कृष्णा की टीम उपविजेता रही। बाल वर्ग में आरव सक्सेना और लक्ष्य मौर्या की टीम विजेता एवं विरोचन मांडलिया और मरविन की टीम उपविजेता रही। वहीं किशोरी वर्ग में जाहन्वी शर्मा एवं नतानिया कमल की टीम विजेता एवं दिव्या सिंह और शिवांशी शंकर की टीम उपविजेता रहीं। बालिका वर्ग में अन्वी और प्रियल मिश्रा की टीम विजेता और लक्षिका और ओजस्वी सिंह की टीम उपविजेता रहीं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री पलेई ने दर्शकों और प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने विजेताओं और सभी प्रतिभागियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। श्री पलेई ने बैडमिंटन टूर्नामेंट के आयोजन और टाउनशिप को जीवंत और मनोरंजन पूर्ण बनाए रखने के लिए स्पोर्ट्स काउंसिल टीम के प्रयासों की भी सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन खेल परिषद के जनरल सेक्रेटरी हैमेंद्र कुमार ने किया।

## क्विक न्यूज

### हाईकोर्ट ने रिजवान सोलंकी की जमानत याचिका खारिज की

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर के रिजवान सोलंकी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। सोलंकी के खिलाफकानपुर नगर के थाना जमऊ में एक प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता की धारा 436, 506, 147, 327, 427, 386, 504 एवं 120 बी के तहत दर्ज कराई गई है। कानपुर नगर के ट्रायल कोर्ट ने याची की जमानत अर्जी 22 दिसंबर 2022 को खारिज कर दिया था। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट ने रिजवान सोलंकी की जमानत अर्जी को खारिज करते हुए दिया है। याचिका पर बहस याचिकाकर्ता की ओर से गौरव दीक्षित ने की। जबकि अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम पारितोष कुमार मालवीय ने बहस की। जमानत अर्जी को खारिज करके कोर्ट ने साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया है कि ट्रायल कोर्ट दिन प्रतिदिन के आधार पर केस का ट्रायल छह माह में पूरा करें। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि गवाहों की हाजिरी के लिए हर जरूरी कदम उठाया जाए और विलंब करने वालों पर जरूरी हो तो भारी हर्जाना भी लगाया जाए।

### कमिश्नर ने महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा की

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह जनवरी 2023 की प्रगति रिपोर्ट की मण्डलीय समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष अम्बेडकरनगर में 13 फरवरी 2023 को पूर्वान्ह 10:30 बजे से किया गया है। विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा व आईसीडीएस के अन्तर्गत आधार नामांकन किट के संचालन संबंधी समीक्षा 10:30 बजे से 12:30 बजे तक, कानून व्यवस्था की समीक्षा 12:45 बजे से 1:30 बजे तक तथा राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा 2:45 बजे से 4 बजे तक की जायेगी। समस्त जनपद माह जनवरी 2023 की सूचना 07 फरवरी 2023 तक आनलाइन फीड अवश्य करा दें।

### पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक कल

**अयोध्या।** पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक नरेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष, पूर्वांचल विकास बोर्ड की अध्यक्षता में 04 फरवरी 2023 पूर्वान्ह 11 बजे से आयुक्त सभागार अयोध्या मण्डल अयोध्या में आहूत की गयी है। उक्त के सम्बंध में मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने सम्बंधित अधिकारीगणों को अपने विभागीय अद्यतन सूचनाओं के साथ बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये गये है।

### रामचरितमानस पर टिप्पणी करने वाले सपा नेता के विरूद्ध मुकदमा

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** पवित्र ग्रन्थ श्रीराम चरित मानस पर विवादित टिपण्णी करने वाले सपा नेता लालजी पटेल के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करने के बाद पुलिस ने रात्रि में ही उसे गिरफ्तार कर आज न्यायालय में चालान पेश किया जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। 31 जनवरी को सपा के पूर्व जिला महासचिव लालजी पटेल पुत्र जयराम निवासी ग्राम दुल्लहपुर माशमूले पिपरी मोहम्मदी कोतवाली टाण्डा ने रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी की थी। पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर लाल जी पटेल के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा बीते सोमवार को एक सिपाही की तहरीर पर पंजीकृत किया था।

### जन्म मृत्यु पंजीकरण के संबंध में डीएम ने की बैठक

**श्रावस्ती। भिनगा।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जन्म.मृत्यु पंजीकरण के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जन्म.मृत्यु पंजीकरण शासन की एक अति महत्वपूर्ण योजना हैए जिसमें प्रत्येक जन्म व मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य हैं। इससे सरकार को जनता के हित मे जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन एवं कार्यक्रम आदि करने मे सहायता मिलती है। साथ ही यह व्यक्ति की पहचानए पासपोर्ट, नागरिकता, स्कूल में प्रवेश आदि में आवश्यक होता है।

### कर्नल विनय कुमार ने मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव का पदभार संभाला

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शासन ने कर्नल विनय कुमार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का कुल सचिव नियुक्त किया है। गुरुवार को कर्नल विनय कुमार ने कुलसचिव का पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व मध्य यूपी सब एरिया लखनऊ में कार्यरत रहे विनय कुमार इसी वर्ष 31 जनवरी को कर्नल रैंक से सेवानिवृत्त हुए हैं। सेना में रहते हुए श्री कुमार ने जम्मू एवं कश्मीर मणिपुर तथा यूएन मिशन में अपनी सेवाएं दी। इसके साथ ही मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन में निर्देशक के पद पर भी कार्य किया। श्री कुमार के कार्यभार ग्रहण करने पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी। अभी तक विश्वविद्यालय के कुलसचिव का अतिरिक्त चार्ज कृषि विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर पी पी दुबे के पास था। नवनियुक्त कुलसचिव श्री कुमार ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता नई शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू कराने की होगी। उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा सभी को शिक्षा का समान अवसर प्रदान करती है। नौकरी में रहते हुए भी ज्ञानार्जन के लिए दूरस्थ शिक्षा माध्यम से पढ़ाई की जा सकती है।

## अवध हॉस्पिटल में कैंसर जांच कैम्प कल

**गोंडा।** कैंसर के प्रति आम जनमानस में जागरूकता बढ़ाने एवं इसकी रोकथाम, पहचान तथा उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष 04 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। आगामी 04 फरवरी दिन शनिवार को सुबह 9.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक अवध हॉस्पिटल में एक निशुल्क कैंप कैंसर के मरीजों की जांच व उपचार हेतु लगाया गया है। अवध हॉस्पिटल गोंडा के डायरेक्टर डा. एन.एन. तिवारी ने बताया कि इस वर्ष की थीम क्लोज द केयर गैप रखा गया। डा. तिवारी ने आगे बताया कि प्रत्येक 90 भारतीयों में से एक व्यक्ति को कैंसर होने की संभावना है। केयर गैप को दूर करने के लिए अवध हॉस्पिटल ने कैंसर के उपचार की उपलब्धता शुरू किया है। वर्तमान में कैंसर विशेषज्ञ डा. विभोर महेंद्रु एवं डा. आनंद द्वारा कैंसर के मरीजों का सफल उपचार किया जा रहा है। 4 फरवरी दिन शनिवार को सुबह 9.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक अवध हॉस्पिटल में आयोजित निशुल्क कैंप कैंसर के मरीजों की जांच व उपचार करेंगे।

# पति ने पत्नी का पेट फाड़ा तो पत्नी ने पति का काटा गला

**नैनी प्रयागराज।** यमुना नगर के घूरपुर इलाके में बुधवार की रात एक पति पत्नी में विवाद हो गया। जिससे नाराज होकर दोनों लोगों ने एक दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। पति ने 40 वर्षीय पत्नी का पेट फाड़ दिया तो पत्नी ने पति के गले पर हमला कर दिया। पति पत्नी घर में अकेले थे। इसलिए कोई तीसरा इसका गवाह भी नही बन सका। पत्नी की अस्पताल ले जाते समय ही मौत हो गई। पति अभी भी स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में जीवन और मौत के बीच जूझ रहा है। परिवार में दोनों बेटे पिता की जिंदगी के लिए दुआ मांगे कि मां के अंतिम संस्कार में लगे। रिश्तेदार उन्हें समझने में जुटे हैं। बेटे का कहना है कि पिता मां के चरित्र पर शक करते थे। इसी बात को लेकर विवाद होता था। घूरपुर थाना क्षेत्र के नीबी गांव निवासी मक्खन लाल भारतीया 46 गांव में ही अमरूद नींबू बैर की बाग किराये पर लेकर उसकी देखरेख करता है। उनके फलों की बिक्री करके वह परिवार का भरण पोषण करता है। परिवार में पत्नी सुमन 40 के अलावा तीन बच्चे हैं। बेटी की शादी हो चुकी है। दो बेटे शिवम 18 और छोटा विवेक 16 काम करते है। दोनों बेटे बुधवार को अपने काम पर नैनी गए थे।

घर पर मक्खन लाल और पत्नी सुमन भारतीय थे। दोनों के बीच में चरित्र पर शक को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। रात करीब 8 बजे के आस पास दोनों के बीच मारपीट होने लगी। इस बीच दोनों ने चाकू से हमला कर दिया। सुमन का पेट फट गया। शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटे आई। जवाब में सुमन ने मक्खन का गला काट दिया। शोर शराबा सुनकर जब गांव के लोग उनके घर पहुंचे तो दोनो को वहा लहू लुहान हालत में पाया। दोनो को लोग नजदीकी अस्पताल लेकर भागे। जहा डाक्टरों ने उन दोनो को शहर ले जाने की सलाह दी। गांव वाले दोनों को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने सुमन भारतीय को मृत घोषित कर दिया मक्खन लाल को गंभीरावस्था में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उसके गले में गहरा घाव है। हालत बेहद चिंताजनक है।

### शक की वजह से आए दिन दोनों में होती थी मारपीट

**प्रयागराज।** पड़ोस के रहने वाले रामकरण छोटू गुड्डू आदि ने बताया कि का मक्खन और सुमन में आए दिन विवाद होता था। मक्खन दारू पीकर झगड़ा करता था। दोनों में अक्सर मारपीट भी होती थी। परंतु किसी को यह एहसास नहीं था कि इतनी बड़ी बात हो जाएगी। हैरानी की बात यह है कि रात आठ भाई की घटना की सूचना घूरपुर पुलिस को करीब 10ण्45 बजे हुई। उसके बाद सक्रियता बढ़ी। इंस्पेक्टर घूरपुर ने बताया कि दोनों बेटे मजदूरी करने जाते है। कल भी मजदूरी करने ही गए थे। बेटे ने जो तहरीर दी है। उसके मुताबिक पापा मम्मी पर शक करते थे। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद और मारपीट अक्सर होता था। बुधवार को भी दोनों के बीच में इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। अभी मक्खन की हालत गंभीर बनी हुई है। आपरेशन हो रहा है।

# परम्परागत माध्यम डिजिटल मीडिया में सहायक है: डॉ. शाहयाज सिद्दीकी

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में गुरूवार को डिजिटल मीडिया में कॅरियर विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता आईसीएन अन्तरराष्ट्रीय मीडिया ग्रुप लखनऊ के मुख्य संपादक डॉ. शाहयाज सिद्दीकी ने कहा कि विद्यार्थियों को डिजिटल मीडिया के लिए साक्षर होना जरूरी है। इसमें परम्परागत माध्यम सहायक रहेगा। वर्तमान में कंटेंट राइटर का अभाव है। इसके पीछे विद्यार्थियों द्वारा पर्याप्त अध्ययन न होना पाया गया है। संगोष्ठी में डॉ0 सिद्दीकी ने मीडिया के विद्यार्थियों से कहा कि डिजिटल मीडिया में कॅरियर बनाने के लिए कम्यूनिकेशन स्किल के साथ राइटिंग स्किल पर जोर देना होगा।

आगे उन्होंने कहा कि डिजिटल मीडिया में ग्लैमर है लेकिन संघर्ष काफी है। इसके लिए विद्यार्थियों को सौ प्रतिशत प्रोफेशन पर ध्यान देना होगा। विद्यार्थी सृजनात्मकता के साथ डिजिटल मीडिया में कदम बढ़ा सकते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमसीजे समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने कहा कि परम्परागत मीडिया के अलावा डिजिटल मीडिया में कॅरियर की बेहतरीन संभावनाएं है। समाचार.पत्रों व टीवी चैनलों के न्यूज पोर्टल तथा वेब पोर्टल पर आसानी से जॉब पा सकते है। न्यूज पोर्टल के लिए गूगल से अप्रूवल लेकर अपनी वेबसाइट पर विज्ञापन लगाकर कमाई कर सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि डिजिटल मीडिया में कंटेंट राइटर के अलावा कई विकल्प है। इसमें वीडियो एडिटर, ग्राफिक्स डिजाइनर व डिजिटल मार्केटिंग में पैर जमा सकते है। संगोष्ठी में विभाग के शिक्षक डॉ0 अनिल कुमार विश्वा द्वारा अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रम भेटकर किया गया।

# जैपुरिया के बच्चे इतिहास पढ़ते नहीं, बनाते हैं : मयंक गुप्ता

● खलीलाबाद विश्वस्तरीय सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल का हुआ शुभारम्भ

● 101 बच्चों के रजिस्ट्रेशन का सगुन के रूप में 101 रूपया ही लगेगा

**संतकबीरनगर।** सन् 1945 में स्थापित सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल ने अपनी धमक कबीर की धरती पर दी है। स्कूल की शुरूआत जनपद संतकबीरनगर में मशहूर चिकित्सक डॉ. एन.एन. श्रीवास्तव करेंगे। स्कूल के प्रबन्धक ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। समग्र शिक्षा का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करते हुए उनकी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सही कौशल प्रदान करना है। हम 21वीं सदी के विश्व स्तर पर जिम्मेदार नागरिक बनने के



जैपुरिया स्कूल प्रबन्धक का स्वागत करते डॉ. एन.एन. श्रीवास्तव

लिए छात्रों को आकार देते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक जिम्मेदार नागरिक बनने की मानसिकता को बढ़ावा देते है। ये बातें गुरूवार को एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए कनक गुप्ता डायरेक्टर सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल्स ने कही। हाल ही में हमें फिनलैंड के शिक्षा मंत्री द्वारा दुनिया में सर्वश्रेष्ठ स्कूल, भारत शिक्षा कांग्रेस द्वारा भारत में सर्वश्रेष्ठ के 12 स्कूल जैसे पुरस्कार दिए गए हैं और बर्कले विश्वविद्यालय द्वारा प्रदर्शित होने वाला पहला भारतीय स्कूल होने का सम्मान मिला है। मुझे विश्वास है कि खलीलाबाद कैंपस भी इसी तरह की प्रतिष्ठा की ओर अग्रसर होगा। खलीलाबाद में सेठ एम आर जैपुरिया स्कूल आ रहा है। अप्रैल 2023 में शुरू होने वाले सत्र के साथ स्कूल में 05 फरवरी 2023 से छात्रों का प्रवेश प्रारम्भ होगा। डॉ. एनएन श्रीवास्तव वरिष्ठ चिकित्सक/ चेयरमैन सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल खलीलाबाद ने कहा कि जैपुरिया खलीलाबाद के बच्चों को बेहतर जीवन के लिए तैयार करने के लिए शुरूआत कर रहा है। आशा है कि इस प्रयास के लिए सभी के समर्थन और शुभकामनाओं के परिणाम स्वरूप हर जगह गुणवत्ता होगी। उनके मार्गदर्शन में खलीलाबाद स्कूल जल्द ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का केन्द्र बन जाएगा। माता-पिता को स्कूल के बाद के टयूशन के बारे में सोचने की भी जरूरत नहीं है। डॉ. अशरफअली, महमूद खान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने दिया डेढ़ दर्जन अफसरों को नोटिस

**बस्ती।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किए जाने पर डीएम प्रियंका निरंजन ने लगभग डेढ़ दर्जन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन अधिकारियों को भेजे गए पत्र में पूछा है कि क्यों ना इस लापरवाही के लिए अनुशासनिक कार्यवाई शुरू की जाए। जनवरी में प्रकरणों के निस्तारण में अधिकारियों द्वारा घोर लापरवाही बरती गई, जबकि इसके लिए उन्हें बारंबार चेतावनी भी दी गई कि समय से प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करें। समीक्षा में पाया कि कुछ अधिकारियों ने माह के अंतिम दिन प्रकरण विभाग से संबंधित नहीं है, यह टिप्पणी लगाकर शिकायत वापस कर दिया। कुछ अधिकारियों ने आख्या के साथ स्थलीय फोटो अथवा आवेदक का हस्ताक्षरयुक्त बयान जैसा साक्ष्य नहीं संलग्न किया। आवेदक को निस्तारण के संबंध में सूचित कर दिया गया है, ऐसी आख्या भेजी गई परंतु जब आवेदक से दूरभाष पर संपर्क किया गया, तो उसने ऐसा होने से इनकार किया है। कुछ प्रकरणों में आख्या के सापेक्ष सही आख्या का चयन नहीं किया गया। आपत्ति दर्ज करने पर आंख्या का स्वरूप बदल दिया गया। संयुक्त जांच संबंधी प्रकरणों में पृथक एवं विरोधाभाषी आख्या प्रेषित की गई। कुछ प्रकरणों में सीएम हेल्पलाइन व तहसील दिवस के पुनर्जीवित प्रकरणों में नवीनतम जांच न करके पुरानी आख्या ही भेज दी गई। इन कारणों से प्रकरणों का समय से निस्तारण नहीं हो पाया और जिले की स्थिति शासन में खराब हुई। डीएम ने सीएमएस जिला चिकित्सालय, परियोजना अधिकारी डूडा, तहसीलदार हर्रैया, अधिशासी अभियंता विद्युत बस्ती एवं हर्रैया, उपखंड अधिकारी रुधौली एवं हर्रैया, बीडीओ कुदरहा, परशुरामपुर, बस्ती सदर, बनकटी, थानाध्यक्ष कप्तानगंज, सोनहा, कोतवाली, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान को भेजे गए पत्र में जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया है कि बार-बार दिए गए निर्देशों के बावजूद आईजीआरएस के प्रकरणों का ससमय निस्तारण नहीं किया गया, शासन स्तर से दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया प्रकरणों का निस्तारण प्रभावी रूप से न करते हुए निस्तारण में लापरवाही प्रदर्शित की गई।

# बस्ती के आर्यन ने बनाया तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड

**बस्ती।** पुराना डाकखाना मोहल्ला के दो वर्ष आठ माह के बच्चे आर्यन उपाध्याय ने तीन विश्व रिकॉर्ड, 2 व्यक्तिगत और एक समूह में' पी एंड पी इवेंट्स ने कई स्थानों पर खेल गतिविधियों का आयोजन किया और एक विश्व रिकॉर्ड बनाया जिसमें 347 लोगों ने भाग लिया। आर्यन इस समय अपने माता-पिता के साथ भरूच गुजरात में रहते हैं। उसके पिता डा. अजय उपाध्याय और माता गायत्री उपाध्याय पेशे से डाक्टर हैं। वे भरूच गुजरात में कार्यरत हैं। आर्यन के बाबा सेवानिवृत्त एवं पेंशनर एसो. जिलाध्यक्ष पुराना डाकखाना निवासी नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने बताया कि आर्यन को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से 'मैक्सिमम पीपल पार्टिसिपेटिंग इन स्पोर्ट्स एक्टिविटीज (मल्टीपल वेन्यूज)' के विश्व रिकॉर्ड में भाग लेने के लिए सर्टिफिकेट और मेडल मिला है। इस रिकॉर्ड में आर्यन की भागीदारी योग के लिए थी। 'ए' से 'जेड' और एक से 20 योग को एक अभिनव तरीके से करने के लिए न्यूयॉर्क के योग प्रशिक्षक बारी कोरल (जिन्होंने कई






बार व्हाइट हाउस के लिए भी प्रदर्शन किया है) का अनुसरण किया था। आर्यन दो व्यक्तिगत विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। 1 साल 7 महीने 22 दिन की उम्र में सबसे ज्यादा रंगों को पहचानने और उन्हें नाम देने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने 2 साल 5 महीने 24 दिन की उम्र में सबसे ज्यादा विपरीत शब्दों का जवाब देकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।

घरवाले अपने नन्हे मुन्ने की इस उपलब्धि से बेहद खुश हैं। उसकी सफलता पर दादी चन्द्रकला, किरन, शशि, शिल्पी, डा. अवधेश उपाध्याय, दिवाकर प्रसाद, प्रभाकर प्रसाद, अरूण कुमार, अभिषेक कुमार, आदर्श कुमार, अमन कुमार, शिल्पी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेन्द्र नाथ, सोहन सिंह, प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय, विपिन बिहारी त्रिपाठी, प्रांतीय अध्यक्ष अमरनाथ यादव, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्याक्ष बी.एल. कुशवाहा, प्रांतीय महामंत्री ओ.पी. त्रिपाठी, उपाध्यक्ष रामेश्वर पांडेय, जिला मंत्री उदय प्रताप पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनाथ, उपाध्यक्ष सुरेषधर दूबे, प्रेमशंकर लाल, राधेश्याम त्रिपाठी, सुरेन्द्रनाथ उपाध्याय, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, मुनीश चन्द श्रीवास्तव, छोटेलाल यादव, आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये उसके सुखद जीवन की कामना किया है।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 3 फरवरी 2023



# 245 सरकारी वाहन 1 अप्रैल को होंगे कण्डम

संवाददाता। सीतापुर

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्रालय के एक आदेश ने यूपी के सीतापुर में खलबची मचा दी है। जिले की सड़कों पर दौड़ रहे सरकारी अफ्सरों के करीब 245 वाहन एक अप्रैल से कबाड़ हो जाएंगे। मसलन, इन वाहनों को सड़क से हटाने का फैसला लिया गया है।

इस आदेश ने मुश्किलें उन चालकों की भी बढ़ाई हैं, जिनके पास प्राइवेट वाहन हैं। उन्हें भी पुन: पंजीयन कराना होगा, नहीं तो सड़कों पर उनके वाहन फर्राटा नहीं भर सकेंगे। आइए आपको केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के उस आदेश से रूबरू कराते हैं, जिसके बाद सीतापुर में सरकारी महकमे में 15 साल की उम्र पूरी कर चुके वाहनों को सड़कों से हटाने की कवायद शुरू हो चुकी है।

**● 15 साल की उम्र पूरी कर चुके सरकारी वाहनों को हटाने का फैसला**

आपको बता दें कि सीतापुर में मौजूदा समय में 92881 ऐसे वाहन दर्ज हैं, जो एक अप्रैल को 15 साल की उम्र पूरी कर रहे हैं। इसमें सबसे पहले बात सरकारी वाहनों की करते हैं। ऐसे वाहनों की संख्या 245 हैं।

अब 1 अप्रैल 2023 से इन सरकारी वाहनों को सड़कों से हटाने का आदेश जारी हो चुका है, जो कबाड़ हो जाएंगे, उसमें एडीजी, आईजी, डीआईजी, जिला मजिस्ट्रेट, एसपी, एसपीएमवीओ, कमांडेट, पीएसी, 27वीं वाहिनी, पीटीसी, फायर स्टेशन, शहर कोतवाली, पुलिस लाइंस आदि के नाम से वाहन रजिस्टर्ड हैं। ये तो रही सरकारी वाहनों की बात। अब इसी के साथ प्राइवेट वाहनों की बात कर लेते हैं। जिले में 83301 प्राइवेट वाहन हैं। एक अप्रैल को इनकी भी 15 साल की उम्र पूरी हो चुकी है। इसी तरह से 9335 वाहन कमर्शियल हैं, इनकी भी उम्र 1 अप्रैल को पूरी हो जाएगी। इन सभी वाहनों के स्वामियों को पुन: पंजीयन कराना होगा। अन्यथा आने वाले समय परेशानी में आ सकते हैं। सीतापुर की एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने 'पायनियर' को बताया कि सड़क परिवहन मंत्रालय की ओर से 1 अप्रैल से 15 साल की उम्र पूरी कर चुके सरकारी वाहनों को हटाने का फैसला लिया गया है। सीतापुर में 245 सरकारी वाहन हैं, जिन्हें सड़कों से हटाया जाएगा। प्राइवेट और कमर्शियल वाहन के स्वामियों को भी 15 साल की उम्र पूरी कर चुके वाहनों का पुन: पंजीयन करा लेना चाहिए, जिससे आने वाले समय में उन्हें दिक्कतें न उठानी पड़े।

# मानक विहीन बनता पाया गया डफरा पीएचसी भवन

संवाददाता। सीतापुर

**सरकारी** भवनों के निर्माण में मानकों की अनदेखी खुलकर सामने आ रही है। विकास कार्यों के मद में आई धनराशि का बंदरबांट हो रहा है, मानकों को दरकिनार कर सरकारी भवन बनाए जा रहे है। गुरूवार को महमूदाबाद विधायक द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में भी ऐसा ही पाया गया। ग्रामीणों की शिकायत पर महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या ने तहसील महमूदाबाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत डफरा में निर्माणाधीन पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्वयं अपने हाथों से ईंटों की मजबूती परखने के लिए तोड़ना शुरू कर दिया।

मानकविहीन निर्माण देख वह भड़क उठी और फटकार लगाई। उन्होंने मौके पर पाया कि भवन निर्माण में खुलेआम पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। भवन निर्माण के लिए प्रयोग की जा रही सीमेंट और मौरंग की मात्रा भी सही नहीं पाई गई, इतना ही नहीं मजबूती के लिए वैसे तो गिट्टी की कुटाई होनी चाहिए थी, लेकिन विधायक ने वहां मौजूद ग्रामीण से नींव खुदवा कर देखा तो बिना गिट्टी के ही नींव की चुनाई कर दी गई थी, यह देख विधायक ने गहरी नाराजगी जताई और सख्त लहजे में कहा कि यहां लूटने वाला कोई काम नहीं, काम की गुणवत्ता से कोई कंप्रोमाइज नहीं किया जाएगा। उन्होंने ठेकेदार के विषय में जानकारी की, लेकिन वहां मौजूदा ग्रामीण इस विषय में कुछ नहीं बता सके, विधायक आशा मौर्या ने पीली ईंटों को वापस कराकर अव्वल का ही प्रयोग करने के निर्देश दिए।

# सीतापुर में भी न जाने कितने 'स्वामी', भड़का रहे माहौल

संवाददाता। सीतापुर

**रामचरित** मानस को लेकर दिए गए विवादित बयानों के बीच प्रमोशन पाए सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार टिप्पणियां कर सियासी तापमान बढ़ा रहे हैं, लेकिन यूपी के सीतापुर में भी हर दिन नए-नए स्वामी प्रसाद मौर्य सामने आ रहे हैं। गुरुवार को एक युवक ने सिधौली में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है, इससे माहौल काफी गरमा गया है।

मामले की सूचना मिलते ही हिंदूवादी संगठन के लोग भड़क गए और जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया। मामले में केस दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आइए आपको इस पूरे मामले से रूबरू कराते हैं। दरअसल, सीतापुर की सिधौली कोतवाली इलाके में एक

**● फेसबुक पर भगवान राम और लक्ष्मण को लेकर की विवादित पोस्ट**

**● सिधौली के एक युवक ने माहौल खराब करने की कोशिश की**

**● पोस्ट से भड़के हिंदू संगठन ने जमकर किया हंगामा और प्रदर्शन**

व्यक्ति ने अपनी फेसबुक पर भगवान राम और लक्ष्मण, भीमराव अंबेडकर को लेकर विवादित पोस्ट की है। पोस्ट डालने वाले युवक ने पोस्टर के साथ ही कुछ अमर्यादित शब्दों का भी इस्तेमाल किया है। फेसबुक पर विवादित पोस्ट पड़ते ही वायरल हो गई है। इसकी जानकारी हिंदू संगठनों तक पहुंचते वह आक्रोशित हो गए। आनन-फानन में बजरंग दल ने पुलिस से शिकायत की। शिकायत में लिखा है कि हिंदू धर्म के आस्था के केंद्र आराध्य प्रभु राम के विरुद्ध अपमानजनक पोस्ट की गई है। ऐसी पोस्ट करने वाले का नाम गोलू है। इसको लेकर हिंदू संगठनों में आक्रोश है। फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए सिधौली पुलिस ने गोलू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। यही नहीं, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। आई इंडिया की अपील है कि लोगों को ऐसे विवादित पोस्टों और बयानों से बचने की जरूरत है।

ऐसा करने से माहौल खराब होता है और कहीं न कहीं इसका परिणाम विवाद में पड़ने वालों को ही भुगतना पड़ता है। जैसा गोलू के साथ हुआ। अब कानूनी पचड़े में पड़ते ही होश पाख्ता हो जाएंगे। हालांकि, कुछ लोग सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए ऐसा करते हैं, लेकिन इससे बचने की जरूरत है।

# पूर्ति निरीक्षक व राशन कोटेदार की शिकायत विधायक व एसडीएम गोला से

संवाददाता। गोलागोकर्णनाथ खीरी



**तहसील** गोला विकास खंड बांकेगंज के ग्राम पहाड़पुर में राशनकार्ड धारकों को खाद्यान्न सामग्री का वितरण राशन कोटेदार अजय कुमार करता है इसकी मनमानी व भ्रष्टाचार के चलते गरीब राशनकार्ड धारकों में आक्रोश फैल रहा है।

जानकारी के अनुसार तहसील गोला ब्लाक बांकेगंज के ग्राम पहाड़ .पुर न्यायपंचायत कुकरा के राशनकार्ड धारकों ने कोटेदार अजयकुमार पर तमाम गंभीर आरोप लगाएं है जिसमें खाद्य सामग्री के वितरण में घटतौली करना, गेंहू व चावल में कंकड़ पत्थर व अन्य की मिलावटी करना, राशनकार्ड धारक के अंगूठे का निशान लगाने के बाद तकनीक खराबी बताकर राशन हड़पने, आंगनबाड़ी केंद्र व सरकारी स्कूल के बच्चों को वितरण होने वाले पोषाहार में गड़बड़ी जैसे मामलों की जांच व कार्रवाई होनी चाहिए।

ग्राम पंचायत पहाड़पुर के गरीब राशनकार्ड धारकों व प्राइमरी पाठशाला के शिक्षक ने लिखित शिकायत उप जिलाधिकारी गोला से की पर आजतक भ्रष्ट कोटेदार व जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार अगर एक सप्ताह में कोई कार्रवाई नहीं होती है तब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से ग्रामीण शिकायत करेंगे।

# ट्रैफिक नियमों का पालन करें, जुर्माना-कार्रवाई से बचें

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश ?य से खीरी मे ष्सड़क सुरक्षा माहष् मनाया जा रहा।

सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में गुरुवार को सभी बस यूनियन, ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों, वाहन स्वामियों को परिवहन कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन हुआ।

एआरटीओ ;प्रशासनद्ध आलोक सिंह ने उपस्थित लोगो को सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं में कमी लाने, सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, सड़क पर लग रहे अकारण जाम के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए अपेक्षा की कि सभी यूनियन पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनकी यूनियन से संचालित होने वाले वाहन अपने निर्धारित स्थान से सवारियॉ चढ़ायें, उतारे। माल वाहन की दशा में अपनी वाहनों पर माल लोडिंग, अनलोडिंग का कार्य अपने नियत स्थान पर ही किया जाये, जिससे मार्ग पर जाम की स्थिति न पैदा हो। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि यदि भविष्य में ऐसी शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित यूनियन पदाधिकारी, वाहन स्वामी के विरूद्ध कठोर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने यूनियन पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपनी यूनियन से संचालित वाहनों के चालकों को जागरूक करें कि वह अपनी वाहन को भीड़.भाड़ वाले मार्गो पर यदि रोकने की आवश्यकता है तो सड़क किनारे उचित स्थान पर खड़ी करें, जिससे मार्ग पर चलने वाले अन्य लोगों एवं वाहनों को कोई असुविधा न हो और जाम जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। विशेष रूप से इस बात का ध्यान रखा जाये कि यदि मार्ग पर एम्बूलेंस निकल रही है तो अपनी वाहन को किनारे करते हुए एम्बूलेंस को आगे बढ़ने में प्राथमिकता दी जाये।

उक्त कार्यक्रम में जनपद के अलग.अलग स्थानों में संचालित वाहन यूनियन के 100 से अधिक पदाधिकारियों, वाहन स्वामियों, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक पंकज, कार्यालय कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। लोगो को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी पेम्फ्लेट्स, स्टीकर्स व हैंडबिल वितरित किए।

सड़क सुरक्षा माह के तहत एआरटीओ ;प्रवर्तनद्ध रमेश कुमार चौबे ने गोला क्षेत्र में भ्रमणसील रहकर प्रवर्तन अभियान चलाया। हैदराबाद थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले दो वाहनों को सीज कर थाने में खड़ा कराया। एआरटीओ ने बजाज चीनी मिल गोला में गन्ना परिवहन कर रहे बिना फिटनेस, कर बकाया वाले 05 ट्रक का गन्ना लोड होने के कारण सीज न करते हुए चालान किया। एआरटीओ ने चीनी मिल को चेताया कि यदि इसकी पुनरावृति मिली तो वह वाहनों को सीज कर देंगे।

एआरटीओ ने गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र में बिना फिटनेस, कर बकाया वाले संचालित चार स्कूली वाहनों को चालान किया। चेकिंग में स्कूली वाहनों में बच्चे सवार मिलने पर एआरटीओ ने वाहनों को सीज न करते हुए केवल उक्त वाहनों का चालान कर छोड़ दिया। एआरटीओ ने चेताया की स्कूल प्रबंधन बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ ना करें। बिना फिटनेस वाले स्कूली वाहनों का संचालन कदापि ना कराएं, फिटनेस कराने के बाद ही वाहनों का संचालन हो।

## अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

**निघासन** अधिवक्ता संघ निघासन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण तहसील सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता मंत्री हरि नंदन लाल यादव को बार काउंसिल ऑफउत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व सदस्य श्री अजय कुमार शुक्ला ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई ।बुधवार को तहसील सभागार में तहसील अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि श्री अजय कुमार शुक्ला व विशिष्ट अतिथि सिविल जज धर्मेंद्र कुमार यादव व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह व मंत्री मनोज जायसवाल कार्यक्रम व एसडीएम राजेश कुमार तहसीलदार भीमचंद व नायब तहसीलदार हरिराम व सुधांशु शाही रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। डाक्टर शशि श्रेया ने सरस्वती बंदना की।संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने अतिथिगणों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।संघ के अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता मंत्री हरिनंदन लाल यादव को बार काउंसिल के सदस्य ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई उपाध्यक्ष राकेश कुमार शुक्ला और संयुक्त मंत्री को सिविल जज धर्मेंद्र कुमार यादव ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।अन्य पदाधिकारीयो को जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व मंत्री ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।इसके बाद आमंत्रित कवियों में फारुख सरलए प्रमोद पांडे नीरज पांडे डॉक्टर शशि श्रेया ने ने काव्य पाठ किया जो वकीलों को तालियां बजाने और हंसने पर मजबूर किया। संघ के अध्यक्ष द्वारा पत्रकारों बं सम्मान किया। सभा को अतिथि गणों ने संबोधित करते हुए कहा नई कार्यकारिणी के लोगों से अधिवक्ताओं के हित व सम्मान से कोई समझौता न करने की बात कही। संघ का संचालन रवि गुप्ता ने किया किसके साथ सुबोध पांडे एरामकृष्ण चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## बैंक मैनेजर के रवैया से परेशान किसान व क्षेत्रवासी

**ढखेरवा** चौराहा. खीरी। पंजाब नेशनल की शाखा ढखेरवा चौराहा में आए दिन केवाईसी के नाम पर किसानों को बैंक के कई बार बुलाया जाता हैं उसे कभी सर्वर डाउन होने की बात बताई जा सीसीती हैं कई बार शाखा प्रबंधक से कई पंचायत के प्रधानों ने इस विषय पर चर्चा की तो अभद्र व्यवहार से बात कृत्य करता है किसान व आम जनता जनार्दन पीएन बी शाखा प्रबंधक परेशान है ग्राम पंचायत ढखेरवा नानकार के प्रधान प्रतिनिधि आशीष मिश्र ने मैनेजर से केवाईसी से संबंधित बात की मैनेजर साहब ने अभद्र टिप्पणी में बात करना शुरू कर दिया और सरवर ना होने की बात कही जबकि सरवर बैंक में था और जब उनका वीडियो क्लिप बनने लगी तो सहायक मैनेजर माफी मांगने पर आमादा हो गए।

## ग्राम जडौरा में वनदरोगा ने कटवा दिया आम का वृक्ष

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ.खीरी

**दक्षिण** खीरी वनप्रभाग की वनरेंज मोहम्मदी की बीट बिलहरी के ग्राम जडौरा में वनरक्षक. वनदरोगा सेमिलकर वृहस्पतिवार दिनांक 2फरवरी को सुबह सुबह लकड़ी ठेकेदार ने देशी आम के वृक्ष का कटान कराने के बाद लकड़ी भी उठा ले गया है।

गौरतलब हो कि चोरी से शीशम के वृक्षों का कटान कराने की चर्चा पहले से आ रही थी पर वह सही वृहस्पतिवार को साबित हुई जब हराभरा देशी आम के खड़े वृक्ष का कटान कर लकड़ी का उठान भी हुआ है इस वृक्ष का कटान वनरक्षक व वनदरोगा अशोक वर्मा की मिली भगत के चलते हुआ है। इससे पहले भी कई बार बगैर परमिट व निकासी के कटान क्षेत्रीय वनदरोगा अशोक वर्मा ने कराया था जिसकी शिकायत भी आप से कर चुका हूं।

# सुलह अधिकारी अब वरिष्ठ नागरिकों के मददगार बनें

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**बूढ़े** माता.पिता व वरिष्ठ नागरिकों के भरण.पोषण व जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए प्रत्येक तहसील अभिकरण में नियुक्त सुलह अधिकारियो की गुरुवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने अपने कार्यालय कक्ष में बैठक ली। बैठक में भरण पोषण नियमावली के अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिकों को कैसे अधिक से अधिक लाभ पहुचाया जाय तथा उनके अधिकारों को कैसे सुरक्षित किया जाये इस सम्बंन्ध में विचार .विमर्श हुआ। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने उपस्थित सुलह अधिकारियों को अपने अधिकरण से सम्बंधित उपजिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुये अधिकरण के क्षेत्र में आने वाले थानों के थानाध्यक्षों, विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारियों, चिकित्सालयों के चिकित्साधिकारियों, नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क स्थापित कर कार्यशाला आयोजित करते हुये कार्यशाला में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों उनकी सुरक्षा आदि के सम्बंध में जानकारी देने, प्रचार.प्रसार करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी ;विकासद्ध नीरज पटेल, पटल सहायक अंशुमान सिंह, सुलह अधिकारी तहसील सदर आनन्द किशोर सोनी एड0 ए तहसील धौरहरा रामकिशोर मिश्र तहसील पलिया राजीवकुमार शुक्ला ;एड0द्धए तहसील निघासन शशिकान्त चतुर्वेदी एड0और तहसील मितौली से सरोज कुमार अवस्थी एड0 उपस्थित रहे।

## नेशनल पब्लिक स्कूल को बड़ी सौगात, मिली मिनी साइंस लैब

**ओयल खीरी।** जिससे नेशनल पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र . छात्राओ के चेहरे खुशी से चमक उठे। इनर व्हील क्लब लखीमपुर नवदिशा की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डाव वर्षा विनय कुमार केमिस्ट्री में मास्टर और डॉक्टरेट हैं एवं सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टिट्यूट में एक रिसर्च एसोसिएट के रूप में काम भी कर चुकी हैं और मैम, हैलो वुमैनिआ मैगज़ीन की पेपर हेड भी रह चुकी है, जिनके द्वारा छात्रों की विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन कराया गया। इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रिचा अगरवाल द्वारा विद्यालय प्रबंधिका दीपाली गोयल का आभार व्यक्त किया गया एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु आशीर्वाद दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तनु, दीपिका, विभा, नीतू, कुमकुम, सपना, हर्षा एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारीयों की सराहनीय प्रतिभागीता रही।

# इमरजेंसी में उपचार व अन्य सेवाओं में बढ़ोतरी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी




**प्रारंभिक** उपचार हेतु जिला चिकित्सालय के पुराने भवन में संचालित इमरजेंसी के स्थानांतरित के बाद इमरजेंसी मरीजों को उपचार हेतु अन्य सेवाओं में बढ़ोतरी की गई है। जिनमें नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर सुबह 9 से 5 तक सेवाएं दी जाएंगी। वहीं रात्रि में आने वाले इमरजेंसी मरीजों के लिए एंबुलेंस सेवा की व्यवस्था की गई है।

प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् अनिल कुमार गुप्ता द्वारा बताया गया कि सीएमओ डॉण् संतोष गुप्ता के निर्देश के क्रम में जिला पुरुष चिकित्सालय के पुराने भवन में संचालित इमरजेंसी के विस्थापन के बाद से शहर के मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के लिए नगरीय स्वास्थ्य केंद्र गोट्टैया बाग, निर्मल नगर और नौरंगाबाद में मरीजों को सुबह 9रू00 बजे से शाम 5: 00 बजे तक सेवाएं दी जाएंगी। वहीं रात्रि कालीन इमरजेंसी के लिए एक एंबुलेंस शाम 4 बजे से सुबह 10 बजे तक पुरानी इमरजेंसी के सामने खड़ी रहेगी जो इमरजेंसी में मरीजों को जिला पुरुष चिकित्सालय तक ले जाएगी।

यह सेवा 8 फरवरी तक जारी रहेगी। जिसके बाद मरीजों और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए एंबुलेंस सेवा को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में मरीज व उनके तीमारदार 108 व 102 के नोडल डॉ धनीराम भार्गव से संपर्क कर सकते हैं।

वहीं पुरानी इमरजेंसी भवन में संचालित एकीकृत कोविड कमांड सेंटर पर इमरजेंसी प्राथमिक दवाओं की उपलब्धता रहेगी, जहां पर मरीजों को रात्रि में भी प्राथमिक दवाओं का लाभ दिया जाएगा।

## जमीनी विवाद में ग्रामीण की हत्या

**बरेली।** खेत की मेड को लेकर हुए विवाद के बाद दबंगों ने एक ग्रामीण पर रास्ते मे घेर कर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां भीती रात मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। पीलीभीत से बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव अकबर गंज निवास 50 वर्षीय छोटेलाल पुत्र श्यामलाल की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसके घर वालों ने बताया कि छोटे लाल का कल दिन में अपने पड़ोस के गांव रुरिया के रहने वाले वीरेंद्र से खेत की मेड़ को लेकर छोटे लाल का विवाद हो गया लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने मामले को रफा-दफा करा दिया वीरेंद्र छोटेलाल से रंजिश मान बैठा और उसने शाम के समय खेत पर जा रहे छोटे लाल पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

## ट्रेन से गिरकर घायल व्यक्ति की हुई मौत

**बरेली।** चलती ट्रेन से गिरकर घायल हुए एक व्यक्ति की बीती रात इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया निवासी 42 वर्षीय रमाकांत तिवारी पुत्र शिव चरण लाल तिवारी की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल दोपहर घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के परिजनों ने बताया कि रविकांत कल सुबह शाहजहांपुर से नोएडा जाने के लिए ट्रेन पर सवार हुए थे लेकिन कुछ दूर चलने के बाद वह चलती ट्रेन से गिरकर घायल हो गए सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल शाहजहांपुर में भर्ती कराया और घरवालों को सूचना दे दी अस्पताल पहुंचे घरवाले हालत नाजुक देख कर उन्हें बरेली ले आए जहां बीती रात उनकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी

# दो हिस्ट्रीशीटर असलहों के साथ किए गए गिरफ्तार

संवाददाता। बरेली

**डी** आई जी ध् एसएसपी अखिलेश चौरसिया के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एसपी सिटी के निर्देशन में और सीओ द्वितीय के कुशल नेतृत्व में थाना किला पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटर अपराधियों अनुज सक्सेनाउर्फ धंशु पुत्र अनिल सक्सेना निवासी छोटी बमनपुरी थाना किला और पीयूष शंखधार पुत्र स्वर्गीय अजय कुमार निवासी बड़ी बमनपुरी थाना किला को मय नाजायज असलाहो के साथ गंगा देवी मंदिर के पीछे खाली पड़े मैदान से गिरफ्तार किया है पकड़े गए दोनों अपराधी हिस्ट्रीशीटर हैं एक फरवरी की रात को अनुज सक्सेना अपने मुकदमा वादी को धमका रहा था की पुलिस वहां पहुंच गई और उसने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जब दोनों अभियुक्तों की तलाशी ली गई उनके पास से एक तमंचा 12 बोर मैं जिंदा कारतूस 12 बोर और एक तमंचा 315 बोर जिंदा कारतूस 315 बोर के बरामद किए हैं अनुज सक्सेना हिस्ट्रीशीटर है और इसके ऊपर अनेक मुकदमे दर्ज हैं अभी उधार भी हिस्ट्रीशीटर है उसके ऊपर 8 मुकदमे दर्ज हैं।

दोनों हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार उप निरीक्षक प्रदीप कुमार उपनिरीक्षक आशुतोष द्विवेदी कांस्टेबल प्रीओम, कांस्टेबल सचिन कुमार कांस्टेबल आशीष कुमार और चालक भगत मौजूद रहे।

## भारतीय किसान मजदूर यूनियन ने गन्ने के बकाया भुगतान को लेकर किया प्रदर्शन

संवाददाता। बरेली

**भारतीय** किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष राम सिंह लोधी के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया और किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान ना होने पर रोष व्यक्त करते हुए अविलंब भुगतान कराने की मांग की है उन्होंने बताया कि पिछले 2 महीने से गन्ना मिले चालू है लेकिन किसानों का बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है गन्ने का मूल्य स्वामीनाथन आयोग के अनुसार 450 में प्रति कुंटल के हिसाब से किया जाए चीनी मिलों द्वारा बायप्रोडक्ट इथेनॉल और अन्य केमिकल ओके उत्पादन में किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 15 फरवरी तक किसानों की मांगें नहीं मानी गई तो 18 फरवरी से चक्का जाम कर आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में कल्याण डालचंद ईश्वरी प्रसाद हरीश राजपूत जय वीर सिंह राम सिंह लोधी आदि उपस्थित थे ।

# लापता बच्चे का सुराग नहीं पुलिस पर लापरवाही का आरोप, अपहरण की आशंका

संवाददाता। बरेली

**थाना** सीबीगंज के खडाऊआ निवासी एक महिला ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसका नाबालिग धैवता पिछले काफी समय से लापता है। पुलिस उसे ढूंढने के लिए कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। एसएसपी को लिखे शिकायती पत्र में महिला ने बताया कि उसका धैवता 27 जनवरी से लापता है। उसने उसके मालिक पर अपहरण का शक जताया है। पुलिस ने अपहरण की जगह गुमशुदगी में रिपोर्ट दर्ज की है।थाना सीबीगंज निवासी सुशीला देवी पत्नी बेचेलाल ने बताया कि उसका 14 वर्षीय धैवता करन पुत्र कुमरसेन बादशाह नगर में एक नर्सरी में काम करता हैं। रोज की तरह 27 जनवरी को काम पर गया था और रात तक वापस नहीं आया।

महिला ने बताया उसके धैवता करन का नर्सरी में ही काम करने वाले शेखर से झगड़ा हो गया था। शेखर से करन के बारे में पूछने पर वह बहकी बहकी बाते करने लगा और अब गांव से फरार हो गया है। महिला को नर्सरी के मालिक और शेखर पर उसके करन के अपहरण का शक है। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। इस संबंध में महिला ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की हैं।

## ट्रेन की चपेट में आकर मजदूर की जान गई

**बरेली।** प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करने के लिए जा रहे मजदूर की घर से कुछ ही दूरी पर ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव बकैनिया स्वाले निवासी पुष्पेंद्र पुत्र बेदराम कि बीती रात घर से कुछ ही दूरी पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि पुष्पेंद्र गांव के पास ही स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था और कल शाम को पैदल ही फैक्ट्री में ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकला था लेकिन रास्ते में ही उसकी रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई लेकिन सुबह होने पर ही घरवालों को घटना की जानकारी मिली वह तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दे दी जिसने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक दो बेटों का पिता था उसकी पत्नी का नाम मिथिलेश कुमारी है ।

# बाइक सवार को टक्कर मार कर भाग रही कार से मांस बरामद

संवाददाता। बरेली

**मोटरसाइकिल** सवार एक युवक को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे युवक घायल हो गया ग्रामीणों ने कार का पीछा करते हुए उसका पीछा किया और रोक लिया तलाशी के दौरान कार से बड़ी मात्रा में मांस बरामद हुआ पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी।हाफिज गंज थाना क्षेत्र के रिठौरा स्थित नई बस्ती में रहने वाले धनवीर को उसके घरवालों ने आज इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उन्होंने बताया कि धनवीर मोटरसाइकिल से अपनी किसी काम से कहीं जा रहा था इसी दौरान रास्ते में तेजी से आ रही एक बोलेरो कार ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद भागने की कोशिश कर रही कार को स्थानीय लोगों ने पीछा करने के बाद पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने कार की तलाशी ली तब उसमें से बड़ी मात्रा में मांस बरामद हुआ पूछे जाने पर ड्राइवर ने बताया कि वह पीलीभीत सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के गांव भिखारीपुर का रहने वाला और संभल से मास लेकर पीलीभीत के सुनगढी जा रहा था उसने पुलिस को डेढ़ कुंतल मास की पर्ची भी दिखाई लेकिन मास अधिक मात्रा में था पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी ।

## दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली**। दो कुख्यात बदमाशों को पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार कर लिया उनके पास से अवैध हथियार भी पुलिस ने बरामद किए और जेल भेजा।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला छोटी बमन पुरी निवासी हिस्ट्रीशीटर अनुज सक्सेना उर्फ धशु पुत्र अमित सक्सेना और बड़ी बमन पुरी निवासी पीयूष शेखर पुत्र अजय कुमार को पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान गिरफ्तार किए गए बदमाशों के पास से दो तमंचे और कारतूस भी बरामद हुए।

# अमित गुप्ता हत्याकांड में पत्नी समेत चार गिरफ्तार

संवाददाता। फतेहपुर

**बिंदकी** कस्बे में चार दिन पूर्व व्यापारी अमित गुप्ता के सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा गुरुवार को बिंदकी कोतवाली पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने करते हुए हत्याकांड में शामिल पत्नी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अवैध संबंधों में रोड़ा बनने पर पत्नी



ने अपने प्रेमी व जीजा के साथ मिलकर सात लाख रुपये में पति की हत्या करवाई थी। एसपी ने खुलासा करने वाली टीम को पच्चीस हजार रूपये का ईनाम दिए जाने की घोषणा की है। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि 29/30 जनवरी की रात बिंदकी कस्बे के कजियाना महाजनी गली निवासी व्यापारी अमित कुमार गुप्ता की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी थी और पत्नी को कमरे में बांध दिया था। इस मामले में मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। प्रथम दृष्टया पुलिस को पत्नी पर शक हुआ और जब उसको हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो मामला खुलकर सामने आ गया। पत्नी पूनम गुप्ता के अनुसार उसने अपने प्रेमी अविनाश यादव उर्फ उमेंद्र पुत्र राकेश निवासी ग्राम वीरनखेड़ा थाना साढ़ जनपद कानपुर नगर, जीजा रामखेलावन के साथ मिलकर मोहित पासवान पुत्र सुरेंद्र पासवान निवासी चमनगंज थाना औंग के माध्यम से शेरा उर्फ अंकित सिंह पुत्र वीर सिंह

● **पत्नी ने प्रेमी व जीजा के साथ मिलकर सात लाख में दी थी हत्या की सुपारी**

निवासी ग्राम बसावनपुर थाना औंग को सात लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी थी। 85 हजार रुपये बतौर पेशगी पंजाब नेशनल बैंक के खाते में दिये थे।

अविनाश व मोहित ने शेरा उर्फ अंकित, केशव गुप्ता पुत्र विजय कुमार गुप्ता निवासी हरदेवनगर थाना बर्रा जनपद कानपुर व अंशुल पासवान पुत्र राम कृपाल पासवान निवासी दुर्गागंज थाना औंग के साथ मिलकर अमित कुमार गुप्ता की हत्या कर दी थी। एसपी ने बताया कि मृतक की पत्नी ने स्वयं ही घटना को कारित करवाया था क्योंकि मृतक अमित को उसकी पत्नी के उसके जीजा व मित्र अविनाश यादव उर्फ उमेंद्र के बीच अवैध संबंधों की जानकारी हो गई थी। इस कारण अमित और उसकी पत्नी के बीच आये दिन झगड़ा होता था। जब मृतक ने काफी विरोध किया तो पूनम ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बना ली और उसकी हत्या करवा दी। एसपी ने बताया कि जिन अपराधियों को हत्या की सुपारी दी गई थी वह पेशेवर अपराधी हैं। जिनकी गिरफ्तारी के समय उनके पास से थाना औंग में 30 दिसंबर 2022 को अभिमन्यु सिंह पुत्र स्व. फतेह बहादुर सिंह निवासी हटिया चौराहा ग्राम बड़ाहार, थाना औंग के घर से लैपटाप, एलईडी टीवी, कैमरा व गहने आदि चोरी किए थे।

## पति ने पत्नी पर गर्म तेल डालकर जलाया, पुलिस ने शुरू की जांच

**राठ( हमीरपुर )।** युवक ने बहनोई पर उसकी बहन के चेहरे पर गर्म तेल डालकर जलाने का आरोप लगाया है। युवक ने जरिया थाने में बहन के ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

जनपद जालौन रिरूआ गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र ओमप्रकाश राजपूत ने बताया कि उसने अपनी बहन संगीता की शादी 2018 में बबलू राजपूत पुत्र प्रताप निवासी परछा थाना जरिया के साथ हिंदू रिति रिवाज के साथ की थी। उसकी बहन का एक ढाई साल का पुत्र भी है।

बताया कि शादी के बाद से उसकी बहन के पति, सास मीरा, ससुर प्रताप बहन को मारते पीटते है। बताया कि 25 जनवरी 23 को शाम करीब आठ बजे बहनोई ने उसकी बहन के चेहरे पर गर्म तेल डाल कर जला दिया। जिससे उसकी बहन का चेहरा खराब हो गया है।

# सिविल जज जूडि. की मध्यस्थता के बाद वकीलों की हड़ताल समाप्त

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** आज कायमगंज बार एसोसिएशन द्वारा 20 जनवरी से चली आ रही हड़ताल समाप्त हो गई। इसकी जानकारी देते हुए एसोसिएशन अध्यक्ष राघव चंद्र शुक्ला ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी कायमगंज की पहल पर सिविल जज जूनियर डिवीजन कायमगंज एवं सीओ की मध्यस्थता में वकीलों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता हुई।

उसके अनुसार पुतला दहन के दौरान कोतवाली कायमगंज में तैनात दरोगा विक्रम सिंह यादव पर अभद्रता करने का आरोप था। इस एसआई को लाइन हाजिर करने तथा अधिवक्ता रामबरन के विरुद्ध दर्ज मुकदमा विवेचना करके एफ आर लगाने एवं अधिवक्ता की तहरीर पर भी मुकदमा लिखने वही अधिवक्ता बिलाल गौस खान का एमबी एक्ट में किया गया चालान बाला प्रकरण भी समाप्त करने के साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जांच के उपरांत प्रभारी निरीक्षक थाना कंपिल को स्थानांतरण के साथ ही दंडित किए जाने का आश्वासन मिलने पर धरना प्रदर्शन तथा हड़ताल समाप्त कर दी गई है। उन्होंने कहा कि समझौते की शर्तों के अनुसार अब सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य करने लगेंगे। वार्ता में मुख्य रूप से बार एसोसिएशन कायमगंज अध्यक्ष राघव चंद्र शुक्ला, सचिव सफीक खान, कोषाध्यक्ष सर्वेश यादव ,अनिल कुमार सिंह ,अधिवक्ता संघ अध्यक्ष शिवशरण अवस्थी, सचिव रमेश चंद यादव, उपाध्यक्ष स्नेह दुबे आदि उपस्थित रहे। एसोसिएशन अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारियों ने आंदोलन में सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए जिला बार एसोसिएशन फतेहगढ़ ,अधिवक्ता संघ फतेहगढ़, रेवेन्यू बार एसोसिएशन कायमगंज , बार एसोसिएशन तहसील अलीगंज तथा भारतीय कृषक एसोसिएशन कायमगंज सभी का आभार व्यक्त किया ।

## तहसील सदर बार एसोसिएशन के अतर सिंह कटियार छठी बार अध्यक्ष, अतुल मिश्रा सचिव

**फर्रुखाबाद।** तहसील सदर बार एसोसिएशन के चुनाव में अतर सिंह कटियार छठी बार अध्यक्ष बने हैं। अतर सिंह कटियार ने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सत्येंद्र सिंह शाक्य को 32 वोटों से पराजित किया है। उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी योगेश चंद दीक्षित को 47वोट पाकर विजयी हुए। सचिव पद के प्रत्याशी अतुल कुमार मिश्रा 52 वोट जिताये हुए। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अतर सिंह कटियार को 57, फरहत अली खां को 12, एवं सत्येंद्र सिंह शाक्य को 25 वोट मिले वहीं उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी योगेश चंद दीक्षित को 47 रविनेश चंद यादव को वोट 45 वोट मिले। सचिव पद के प्रत्याशी अतुल कुमार मिश्रा 52 वोट व जनार्दनराज राजपूत को 40 वोट मिले। संयुक्त सचिव पद के प्रत्याशी संजय पावला को 28 वोट सुनील कुमार सक्सेना को 09 वोट एवं विकास सक्सेना को 56 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमित कुमार को 70 वोट व जगवीर सिंह कुशवाह को 22 वोट मिले।प्रकाश कुमार द्विवेदी ऑडिटर पद के लिए एवं आधा दर्जन कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए आशुतोष कुमार कटियार, अजय प्रताप सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रुकमंगल सिंह चौहान, उमेश कुमार सारस्वत एवं वेद प्रकाश निर्विरोध विजयी हुये थे।

## बदमाश बाइक सवार को मारपीट कर नकदी व मोबाइल लूटकर रफूचक्कर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** बदमाशों के हौसले बुलंदए आए दिन दे रहे हैं किसी न किसी घटना को अंजाम। ससुराल से घर वापस जा रहे युवक को डंडे मार कर बदमाशों ने गिरा लिया। इसके बाद उसके पास से मोबाइल एवं लगभग 5 – 6 हजार की नकदी लूट ली। घायल युवक को 108 एंबुलेंस द्वारा कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम बरझाला निवासी प्रवेश कुमार ;35 वर्ष पुत्र जयनंदन देर शाम अपनी ससुराल कायमगंज के मोहल्ला मछली मंडी नोनियमगंज निवासी राम लड़ैते के घर से बाइक वापस जा रहा था। तभी रास्ते में टेडी कोन के पास अज्ञात लाठी.डंडों से लैस बदमाशों ने डंडे मारकर बाइक सवार प्रवेश कुमार को गिरा दिया। इसके बाद उसकी जमकर पिटाई कर दी।

वही उसके पास से लगभग 5 से 6 हजार रुपए की नगदी एवं मोबाइल लूट ले गए। इसके बाद बदमाश बड़े आराम से लहूलुहान अवस्था में प्रवेश को मरणासन्न हालत में छोड़कर वहां से निकल भागे।

जैसे तैसे प्रवेश पैदल ही लहूलुहान अवस्था में अपने घर पहुंचा। जहां उसने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। आनन.फानन में परिजन प्रवेश की हालत को देखते हुए। 108 एंबुलेंस द्वारा कायमगंज सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ विपिन सिंह ने प्राथमिक उपचार देकर युवक को लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया।

## जीएसटी छापा के विरोध में प्रदेश बंद की बनी रणनीति

**हमीरपुर।** उप्र प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की प्रांतीय कार्य समिति की एक आवश्यक बैठक चित्रकूट धाम में संपन्न हुई। जिसमें जनपद हमीरपुर के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने प्रदेश कार्य समिति सभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश नेतृत्व से कहा है कि जीएसटी छापों के विरोध में पूरे प्रदेश को एक साथ बन्द करने का आवाहन किया।

प्रांतीय कार्य समिति की बैठक में विशेष तौर पर उप्र उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्वर्ण जयंती वर्ष मनाने की रूपरेखा तय की गई। जिसमें तेरह मार्च से एक रथ लेकर प्रांतीय अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा अपनी कार्यकारिणी के साथ प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं नगरों में भ्रमण करेंगे एवं 23 दिसंबर 2023 को बरेली में समापन किया जाएगा। बैठक में राठ नगर के अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शिव शरण सोनी, अमरजीत अरोरा सहित विभिन्न व्यापारियों ने मौजूद रहे।

## कब्रिस्तान, होलिका दहन स्थल पर अवैध कब्जे को निर्वतमान चेयरमैन ने रुकवाया

**रामपुरा ( जालौन )।** आदर्श नगर पंचायत रामपुरा में अम्बेडकर चौराहे के पास स्थित प्राचीन होलिका दहन स्थल पर हो रहे अवैध कब्जे को निवर्तमान चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह व नगर के एक सैकड़ा लोगों ने मौके पर पहुंचकर रुकवाया।

रामपुरा नगर में प्राचीन समय से होलिका दहन समुजे नगर में सिर्फ एक ही जगह अंबेडकर चौराहे पर पचोखरा रोड़ पर किया जाता रहा है। जिस पर गुरुवार को नगर के ही अजीजुल पुत्र अलाबक्स अपने पुत्रों के साथ होलिका दहन स्थल व होलिका दहन से सटे कब्रिस्तान पर अवैध कब्जे की नियत से पहुँचे। जिस पर वहां मौजूद लोगों ने उक्त लोगों को ऐसा करने से रोका। परन्तु उक्त लोगो द्वारा किसी की बात न मानते हुए होलिका दहन स्थल की जगह में खम्भे गाड़ने लगे। जिसकी सूचना निवर्तमान चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह को दी गई। सूचना पाकर शैलेन्द्र सिंह ने उक्त लोगों को सार्वजनिक स्थल पर कब्जा करने से मना किया। निवर्तमान चेयरमैन ने बताया कि आज से लगभग 7 से 8 वर्ष पूर्व जिलाधिकारी की स्वीकृति के अनुसार नियमानुसार टेंडरिंग कर नगर पंचायत द्वारा होलिका दहन स्थल की बाउंड्री व चबूतरे का निर्माण कराया गया था। जिस समय निर्माण कराया जा रहा था तब उक्त लोग कहा थे। निवर्तमान चेयरमैन ने कहा होलिका दहन स्थल पर उक्त लोगों द्वारा किये जा रहे अवैध कब्जा कही न कही हिन्दू समुदाय के लोगों की धार्मिक भावनाओं को आघात किया जा रहा हैं तथा कब्रिस्तान की जगह पर हो रहे कब्जे से मुस्लिम समुदाय में भी काफी रोष हैं।

## क्विक न्यूज

### फली व्यापार संघ ने एसडीएम से भेंट, दाम स्थिर रखने के दिये सुझाव

**जालौन (उरई)।** हरी मटर के दामों को लेकर फली व्यापार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से मुलाकात कर दामों को स्थिर रखने के संदर्भ में सुझाव दिए। जिस पर एसडीएम ने विचार करने का आश्वासन दिया। नगर में हरी मटर का बड़ा क्षेत्र है। हरी मटर के दाम पिछले कुछ दिनों से अस्थिर बने हुए हैं। जिसको लेकर किसान व्यापारियों पर आरोप लगा रहे हैं। इस समस्या को लेकर फली व्यापार संघ के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम सना अख्तर से मुलाकात की। जिसमें मटर के व्यापारियों ने बताया कि फली का व्यापार अभी इसलिए प्रभावित हो रहा है क्योंकि किसान जो पैकेट लेकर आते हैं उनमें 75 से लेकर 95 किग्रा तक हरी मटर की पैकिंग की जाती है। इससे पल्लेदारी बढ़ जाती है। पल्लेदारों को भी दिक्कत होती है। बड़ी पैकिंग के कारण बाहर की मंडियों में यहां की मटर सस्ते दामों पर खरीदी जाती है। जबकि अब हरी मटर की लगभग सभी स्थानों पर पैदावार की जाने लगी है। जहां 45 से लेकर 50 किग्रा तक की पैकिंग होती है। किसान पैकिंग के साथ खरपतवार भी भर लाते हैं। ऐसे में मटर के दामों पर फर्क पड़ना स्वभाविक हैं। क्योंकि पैकिंग में ही खरपतवार की भी तौल हो जाती है। ऐसे में मटर के दामों पर असर पड़ता है। पैकिंग और खरपतवार के कारण किसानों को नुकसान हो रहा है।

### डीपीओ के निरीक्षण में पांच आंगनबाड़ी केद्रों में लटका मिला ताला

**उरई (जालौन)।** गुरुवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद ने ग्राम रूरा मल्लू, खर्रा, हरकौती एवं गायर विकास खण्ड जालौन में संचालित 11 आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान 5 आंगनबाड़ी केन्द्र रूरा मल्लू के दो केन्द्र एवं खर्रा के 3 केन्द्र बन्द पाये गये है तथा सभी संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थित संख्या बहुत कम थी। निरीक्षण दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री राजेश्वरी हरकौती, रामजानकी खर्रा, शीला, श्रीमती रेखा, देवी निरंजन गायर के केन्द्र के अभिलेख मौके पर नहीं मिले। जिससे अभिलेखों का सत्यापन नहीं किया जा सका। लाभार्थियों में वितरित किये जाने वाले ड्राई राशन सामग्री की मात्रा हेतु दीवाल लेखन नहीं कराया गया है। उपरोक्त सभी केन्द्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्र पर विभागीय ड्रेस में उपस्थित होकर नियमानुसार केन्द्र का संचालन करें तथा भविष्य में यदि केन्द्र पर बच्चों की संख्या, उपस्थिति में सुधार नहीं होता है तो सम्बन्धित का मानदेय रोकते हुये आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। आंगनवाडी कार्यकत्री, सहायिका अमिता, संतोषी, मीरा, माया रूरा मल्लू, राजेश्वरी हरकौती, नीलम पाण्डेय, कौशल्या एवं शिवबती खर्रा का एक दिन का मानदेय रोका गया है। इसके साथ ही बाल विकास परियोजना अधिकारी जालौन को एक सप्ताह में सुधार न होने पर प्रतिकूल प्रबृष्टि तथा क्षेत्रीय मुख्य सेविका का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये है।

### बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों का होगा प्रवेशः बीएसए

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश के क्रम में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम- 2009 की धारा 12 एक ग के तहत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को गैर सहायता मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक व पूर्व माध्यमिक कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं लॉटरी को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के संबंध में कार्य एवं तिथियां निर्धारित की गई हैं। गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव ने बताया कि प्रथम चरण में छह से 28 फरवरी आवेदन करने की तिथि एक से 10 मार्च तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के यहां से आवेदन पत्र का सत्यापन कर लाक करने की तिथि 12 मार्च को लॉटरी निकालने व चार अप्रैल तक बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालयों में प्रवेश कराने की तिथि, द्वितीय चरण में 14 मार्च से छह अप्रैल तक आवेदन करने की तिथि सात से 17 अप्रैल तक सत्यापन कर लाक करने की तिथि 19 अप्रैल को लॉटरी निकालने की तिथि एवं 28 अप्रैल तक विद्यालयों में प्रवेश कराने की तिथि तथा तृतीय चरण में 20 अप्रैल से 12 मई तक आवेदन करने की तिथि 11 मई से 23 जून तक आवेदन पत्र का सत्यापन कर लाक करने की तिथि 25 जून तक लॉटरी निकालने की तिथि पांच जुलाई तक विद्यालय में प्रवेश कराने की तिथि निर्धारित की गई है।

### नाबालिंग के साथ की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर की एक महिला शिक्षामित्र ने घर में मौजूद अपनी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी करने वाले युवक के खिलाफकोतवाली मौदहा में मुकदमा दर्ज कराया है। नगर के एक प्राथमिक विद्यालय की महिला शिक्षामित्र ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी युवक आरिफ उसकी नाबालिग पुत्री को काफी अरसे से परेशान कर रहा है बुधवार को जब वह अपने विद्यालय में थी तभी आरोपी ने उसके घर में घुस घर में मौजूद नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी कर अश्लील हरकतें की। बालिका द्वारा विरोध करने पर आरोपी पीड़िता को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी मौके से भाग निकला। तहरीर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने हैं आरोपी युवक के खिलाफ छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट-तहसील का निरीक्षण कर पटलों को दुरुस्त करने के दिये निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेªट कार्यालय व तहसील कार्यालय कर्वी के विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण कर ईडिस्ट्रिक्ट, न्याय सहायक, अभिलेखागार, डीएलआरसी कक्ष, राजस्व लेखागार, जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि सभी पटलों की अच्छी ढंग से सफाई करवाई जाये। अलमारी आदि पेंट कराकर डस्टबिन रखवाई जाये। सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे। गुरुवार को उन्होंने निरीक्षण में नाजिर सदर अरुण कुमार शुक्ला को निर्देश दिये कि कलेक्टेªट के सभी पटलों को दुरुस्त रखें। एसडीएम रामजन्म यादव से कहा कि घरौनी वरासत, कृषक दुर्घटना बीमा आदि राजस्व की योजनाओं की स्टैंडी बनवाकर लगवाई जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीधर यादव को निर्देश दिये कि अलमारी-मेज की रंगाई-पुताई कराकर अच्छे से सफाई करायें। खराब फोटोकापी मशीन हटवायें। उन्होंने कर्वी, मऊ, राजापुर तथा मानिकपुर तहसील के रखे रिकार्ड को देखा। अभिलेखागार प्रभारी चुनकावन प्रसाद को निर्देश दिये कि अच्छे से सफाई करके नकल रजिस्टर अपडेट रखें। आयुध सहायक मनोज कुमार मिश्रा से शस्त्र की मंजूरी, नवीनीकरण, आर्म्स रजिस्टर को देखकर न्याय सहायक अवधनारायण को निर्देश दिये कि गार्ड फाइल अवश्य बनाई जाये। शस्त्र, खाद्य सुरक्षा, धारा 51, जिला बदर, गुंडा नियंत्रण, फौजदारी आदि की निर्णित पत्रावली का सही से रख-रखाव किया जाये। सम्पूर्ण विवरण अभिलेखागार के बाहर प्रदर्शित किया जाये। डीएलआरसी कक्ष में सामान्य लिपिक जेपी पाण्डेय को निर्देश दिये कि भू-लेख पत्रावलियों को तत्काल मंगाकर रखा जाये।

### दो देसी बमों के साथ शातिर गिरफ्तार

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना पुलिस ने गश्त के दौरान साढ़ मार्ग मार्ग में स्थित सीके पब्लिक स्कूल के समीप नया पुरवा जाने वाले मोड़ पर से दो अदद देसी बम के साथ युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जहानाबाद थाने के उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने गश्त के दौरान साढं मार्ग में स्थित सीके पब्लिक स्कूल के समीप नया पुरवा जाने वाले मोड़ पर से दो अदद देशी बम के साथ हिमांशु उर्फछोटू निषाद निवासी रोशनपुर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफथाना में चोरी के कई मुकदमे दर्ज है।

# उद्योग व्यापार मंडल की ताकत देख रुका जीएसटी का छापा

संवाददाता। चित्रकूट

**उत्तर** प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन और प्रदेश कार्यसमिति की बैठक जिले के एक प्रतिष्ठित होटल श्रीजी में संपन्न हुई। जिसमें हजारों की तादाद में दूरदराज से आए समाजसेवी और व्यापारियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुवे दीप प्रज्वलन कर इसकी शुरुआत की।

स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में साल भर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही कल पेश किए गए आम बजट पर व्यापारियों की मांग हेतु सुझाव का भी विवरण दिया गया। इसके अलावा प्रदेश भर में व्यापारियों के यहां जीएसटी छापे पर भी जनरल एवं सर्वे की विरोध समीक्षा भी की गयी और जीएसटी के आपराधिक प्रोविजन में संसोधन कराए जाने पर भी चर्चा, संगठन में अनुशासन, एवं अनुशासनहीनता के सम्बद पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने




● **देश में व्यापारियों का सबसे मजबूत संगठन है व्यापार मंडल-भैरों प्रसाद मिश्रा**

भगवान कामतां नाथ का जयघोष करा ब्यापारियों में उत्साह भरा। उन्होंने कहा कि ब्यपारीयों का यह कार्यक्रम बहुत भव्य होने वाला है। जब 50 साल पहले ब्यपारीयों का कोई मंच नही था तो ब्यापारी अपनी आवाज को नही उठा पाता था। लेकिन आज व्यापार मण्डल की ताकत देखकर सरकारें भी मजबूर हो गयी, जो हर समय ब्यपारीयों को पूंछने लगीं क्योंकि उनको लगा कि हमारे साथ अगर ब्यापारी हो जाये तो हम किसी भी कार्यक्रम को सफल बना सकते हैं, । मुकुंद मिश्रा ने कहा कि हम जरूर किसी न किसी राजनैतिक पार्टीयों से जुड़े हैं लेकिन हैं तो सबसे पहले ब्यापारी ही , हमने एक 24 दिसम्बर को एक साथ प्रदेश के 75 जिलों की 310 तहसीलों में बड़ी भव्यता के साथ सम्पन्न हुवा था।हमने 65 जिलों में जीएसटी छापेमारी के खिलाफ200 विधायकों को एक साथ ज्ञापन दिया जिसके बाद अगले दिन छापेमारी पर रोक लगी यह सब आप सभी के सहयोग से ही हो पाया है। अब ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किसी न किसी रूप में होता ही रहेगा तांकि हम व्यपारीयों का एकजुटता का सन्देश जन– जन तक पहुंच जाए। हम आने वाले समय मे इतनी बड़ी ताकत के साथ मिलकर काम करें कि छोटे ब्यापारीयों की के लिए कुछ काम कर सकें और उनकी समस्या का निस्तारण करवा सकें।

साथ ही 13 मार्च 2023 सहारनपुर से ब्यापारी स्वाभिमान यात्रा निकालने जा रहे हैं जिसमे आप सभी ब्यापारीयो को सहयोग अपेक्षित होगा, इस यात्रा में डिजिटल रथ और सुझाव पेटी भी होगी, जिसमे आम व्यापारी अपनी समस्याओं को संगठन को अवगत करा सकें, जिसके बाद उन समस्याओं को लेकर ब्यापार मण्डल केन्द्र और प्रदेश सरकार के मंत्रियों के माध्यम से समाधान कराने का काम करेगा। इस यात्रा में शामिल प्रमुख वरिष्ठ समाजसेवियों को जिला इकाई द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सम्पूर्ण प्रदेश का भ्रमण करने के बाद ब्यापारी श्याम बिहारी की जयंती 8 मई 2023 को राजधानी लखनऊ में समापन किया जाएगा। सितम्बर 2023 कानपुर में व्यापारीयों का एक विशाल सम्मेलन किया जाएगा जिसमे 25 हज़ार व्यापारी सहभागिता करेंगे, 23, 24 दिसम्बर 2023 को बरेली में स्वर्ण जयंती वर्ष का समापन किया जाएगा।

# एक ही वर्ष में बीएड-बीटीसी कर बन गईं शिक्षिका

संवाददाता। फतेहपुर

**फर्जी** दस्तावेजों के सहारे नौकरी पाने के तो शिक्षा विभाग में अनगिनत मामले मिल जाएंगे लेकिन एक नया मामला सामने आया है जिसमें एक ही साल में बीएड व बीटीसी की रेगुलर पढ़ाई करके डिग्री हासिल करने वाली ने अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक जूनियर हाईस्कूल में शिक्षिका की नौकरी प्राप्त कर ली। मामला संज्ञान में आया है तो अब दस्तावेज खंगालने का काम शुरू हुआ है।

वैसे तो ऐसे कई उदाहरण हैं जहां शिक्षक बनने के लिए लोगों ने गलत हथकंडे अपनाए।किसी ने दूसरे के दस्तावेजों से नौकरी कर ली तो कोई जाली सर्टिफिकेट बनवाकर नौकरी हासिल करने में सफल हो गया लेकिन इस नए मामले ने बेसिक शिक्षा विभाग में एक बार फिर हलचल मचाई है। जनपद के भिटौरा विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय गोपालपुर में शिक्षिका के पद पर तैनात प्रीति वर्मा ने बड़ा कारनामा कर दिखाया। बीटीसी 2011 के द्विवार्षिक पाठ्यक्रम में रोल नंबर 13437138 से परीक्षा पास कर ली जबकि 2011–12 के सत्र से ही छत्रपति शाहू जी महाराज विश्व विद्यालय से रोल नंबर 0713291 से बीएड की डिग्री भी हासिल कर ली। मौका आया तो समयानुसार अपनी डिग्रियों का उपयोग शुरू कर दिया। सफलता भी मिली और वह जूनियर हाईस्कूल में शिक्षिका बन गई।अब मामला प्रकाश में आया है तो इनके दस्तावेजों की जांच शुरू हुई है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार कुशवाहा ने कहा है कि विश्वविद्यालय से डिग्री की हकीकत जानने के लिए पत्र लिखा गया है और जैसे ही वहां से जवाब आएगा कार्रवाई की जाएगी। उधर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट) के प्राचार्य नजरुउद्दीन अंसारी ने साफ कहा है कि संस्थागत तरीके से एक ही वर्ष में दो डिग्री नहीं ली जा सकती हैं। पूरी तरह से अवैध हैं और जिसने भी ये डिग्री हासिल कर नौकरी ली है उसे अपनी नौकरी से हांथ धोना पड़ेगा। विषय जांच का है लेकिन फिलहाल तो शिक्षिका ने करिश्मा कर दिखाया है।

# चोरों के कब्जे से साढ़े 11 लाख किये बरामद

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से 72 घंटे में छह चोरों को दबोचकर उनके कब्जे से 11 लाख 35 हजार रुपये व सोने–चांदी के जेवर तथा रिवाल्वर, तमंचा और कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक ने टीम को 25 हजार का नकद पुरस्कार दिया है।

ज्ञात है कि 29 जनवरी की रात राजापुर कस्बे के जितेन्द्र कुमार द्विवेदी पुत्र वीरेन्द्र प्रसाद द्विवेदी निवासी कस्बा राजापुर के घर में चोरों ने जंगला काटकर 11 लाख 60 हजार रुपये व सोने–चांदी के जेवर आदि चुरा ले गये थे। इस बाबत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि राजापुर थानाध्यक्ष व सर्विलांस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तुलसी स्मारक के अन्दर गेस्ट हाउस के पीछे से बाल अपचारी प्रशान्त चतुर्वेदी पुत्र विष्णुकान्त चतुर्वेदी निवासी देबिन



टोला राजापुर, बाल अपचारी बेटू सोनी उर्फ अनिकेत सोनी पुत्र बब्बू सोनी निवासी सोनरहटी, शीलू सोनकर पुत्र रोशन निवासी भैरमबाबा हनुमानगंज, आकाश सेन उर्फ अर्जुन सेन पुत्र गणेश सेन निवासी गोसाईपुरवा, रामबाबू मेहतर पुत्र बचानलाल निवासी सरांय तलैया व अर्जुन मेहतर पुत्र धनराज निवासी हनुमान वार्ड एक सभी कस्बा राजापुर को दबोचकर जामा तलाशी में देशी रिवाल्वर, तमंचा, कारतूस समेत सोने–चांदी के जेवर व 11 लाख 25 लाख रुपये बरामद किये। चोरों ने बताया कि एक अगस्त 2022 को रुपौली गांव में हुई चोरी के 3380 रुपये भी बरामद हुए हैं। आरोपियों ने पूंछताछ में बताया कि वे महंगे फैशन के शौकीन हैं। इसीलिए चोरी की घटनायें कर खर्च करते थे। सोने–चांदी के गहनों को राह चलते लोगों को बेंच देते थे।

## पिता पुत्र ने कुल्हाडी मार कर किसान को किया घायल

**राठ( हमीरपुर )।** कोतवाली के रौरौ गांव में खेत जा रहे किसान को पिता पुत्र ने कुल्हाड़ी मार गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

रौरौ गांव निवासी राममिलन पुत्र सूरज प्रसाद ने बताया कि गुरूवार सुबह करीब आठ बजे वह खेत पर सिंचाई करने जा रहा था। तभी रास्ते में गांव के बद्री पुत्र रामजीवन और उसका असवेंद्र ने उसे रोक लिया। बताया कि उक्त लोग अवैध शराब बेंचते है।

कुछ दिन पहले पुलिस ने उक्त लोगों के पास से अवैध शराब पकड़ी थी। बताया कि जिससे वह उस पर शक करने लगे थे। इसी बात को लेकर पिता पुत्र गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर असवेंद्र ने दाहिने पैर में कुल्हाड़ी मार गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

# विचारों में परिवर्तन लाकर प्रदेश को अपराध मुक्त बनायेंगे : धर्मवीर

संवाददाता। कालपी (जालौन)

**गुरुवार** को प्रदेश सरकार के होमगार्ड एवं कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जालौन जिले के प्रभारी बनने के बाद प्रथम बार जनपद आगमन पर बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कस्बा कालपी में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि कैदियों के भी हृदय होता है हमारा प्रयास है कि उनमें भी मानवता की अलख जगाएं। इसी उद्देश्य के साथ हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की सरकार काम कर रही है।

श्री प्रजापति ने कहा कि कोई समझदार व्यक्ति जेल जाना नहीं चाहेगा जबसे हमें कारागार का प्रभार मिला हमारा तभी से बराबर प्रयास है कि कैदियों के विचारों को बदलने का प्रयास हो ताकि वे कभी कोई ऐसा कार्य न करें जो उन्हें दुबारा जेल जाना पड़े वैचारिक क्रांति बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति का हिर्दय परिवर्तन हो जाये तो फिर वह अपराध की दुनिया ही छोड़ देगा इस लिए



### जिले के प्रभारी मंत्री का यमुना पुल पर समर्थकों ने किया स्वागत

**कालपी।** जालौन जिले के प्रभारी मंत्री बनकर आये होमगार्ड कारागार मंत्री का गुरुवार को यमुना पुल पर जोरदार स्वागत किया गया। उनके चाहने वालों को जैसे ही पता चला कि उत्तर प्रदेश सरकार में होमगार्ड और कारागार मंत्री जालौन जिले के प्रभारी बनकर कालपी होकर गुजरेंगे तभी से उनके चाहने वालों की कालपी यमुना पुल में भीड़ जमा होने लगी उपस्थित जन समूह मोदी योगी जिंदाबाद, धर्मवीर प्रजापति जिंदाबाद के नारे लगने लगे। इस विशेष मौके पर पूर्व प्रधान सिम्हारा अरुण प्रजापति, संजीव निरंजन भाई जी, सौरभ पटेल, दीप चंद्र सैनी वरिष्ठ पत्रकार, रिंकू कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, अमित कुशवाहा, आशीष सविता, अश्वनी निषाद, रामकुमार पटेल, सुमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

हमारा सतत प्रयास है कि कैदियों का हृदय परिवर्तन करें हमारा मानना है कि यदि हम इसमे कामयाब हो गये तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा हम बहुत शुक्र गुजार हैं। योगी जी के जो उन्होंने हमें ऐसा विभाग दिया जहां हम सामूहिक रूप से इतने सारे लोगों से एक साथ संवाद कर लेते हैं उन्होंने कहा कि जबसे हमारा जेल आना जाना शुरू हुआ तब पता चला कि वास्तविक हकीकत कुछ और ही है आखिर किन्हीं पारिस्थितियों से जेल में पहुंचे व्यक्ति के क्या हृदय नहीं होता है हम ऐसा प्रयास कर रहे हैं कि उनके हृदय का परिवर्तन विचारों के परिवर्तन से करें। श्री प्रजापति ने बताया कि रक्षा बंधन में करीब 70,148 बहिनों ने राखी बांधकर कैदी भाईयों की सूनी कलाईयों को भर दिया था। भैया दौज में करीब 60 हजार लोगों को तिलक कराया गया। सबसे बड़ा ऐतिहासिक कार्य करवा चौथ व्रत में बहनो को अपने अपने पति की मान्यतानुसार पूजा अर्चना करने की व्यवस्था जेल परिसर में करवाई थी। इतना ही नहीं 14 जेलों में बच्चों के खेल कूद के लिए चिल्ड्रेन पार्क और 42 जेलों में बच्चों की पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था कराई। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि देश में पहली बार बिना किसी दबाव के मुस्लिम समुदाय के कैदियों ने नवरात्रि में 702 कैदियों ने व्रत रखा।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 3 फरवरी, 2023



# अमेरिका की राजनीति में बढ़ रहा भारतीयों का प्रभाव

● प्रमिला जयपाल, एमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति और रो खन्ना- अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की तीन प्रमुख समितियों का सदस्य बने

## भारतीय-अमेरिकी सांसदों को शीर्ष पदों पर किया गया नियुक्त



**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय मूल के चार** सांसदों- प्रमिला जयपाल, एमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति और रो खन्ना- को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की तीन प्रमुख समितियों का सदस्य नियुक्त किया गया है, जो अमेरिका की राजनीति में भारतीय समुदाय के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। एक विज्ञप्ति के मुताबिक, महिला सांसद प्रमिला जयपाल (57) को आव्रजन पर अमेरिकी संसद के निचले सदन की शक्तिशाली न्यायिक समिति का रैंकिंग सदस्य नामित किया गया है। नियुक्ति के बाद जयपाल ने कहा, अमेरिका की प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी गई पहली दक्षिण एशियाई महिला के रूप में, मैं आव्रजन पर सदन की उपसमिति की रैंकिंग सदस्य के रूप में सेवा देने का अवसर मिलने से सम्मानित महसूस कर रही हूं। जयपाल ने कहा कि जब वह अमेरिका आई थीं तब वह 16 वर्ष की थीं। साथ ही उन्होंने अमेरिका में अपने जीवन के सफर को शानदार बताया। वहीं, भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति को चीन पर नवगठित समिति का रैंकिंग सदस्य बनाया गया है, जो चीन की उन कार्वाइयों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गौर करेगी, जिससे अमेरिका और दुनिया को खतरा हो सकता है। भारतीय-अमेरिकी सांसद डॉ. एमी बेरा को खुफिया मामलों से जुड़ी सदन की एक शक्तिशाली संसदीय समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। द हाउस परमानेंट सेलेक्ट कमेटी ऑन इंटेलिजेंस पर केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए), नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर (डीएनआई) के कार्यालय, नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी (एनएसए) के साथ-साथ सेना के खुफिया कार्यक्रमों सहित देश की खुफिया गतिविधियों की निगरानी करने का प्रभार है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अल्पसंख्यक मामलों के नेता हकीम जेफरीज ने बुधवार को अमेरिका और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा पर सदन की चयन समिति के रैंकिंग सदस्य के रूप में कृष्णमूर्ति की नियुक्ति की घोषणा की।

भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना को भी इस नई समिति का सदस्य बनाया गया है। इसका गठन प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी द्वारा 118वीं कांग्रेस (संसद) में अमेरिका की चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ आर्थिक, तकनीकी व सुरक्षा संबंधी प्रतिस्पर्धा से निपटने, उसकी जांच करने व नीति विकसित करने के उद्देश्य से किया है। कृष्णमूर्ति (49) ने कहा, अमेरिका और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा पर सदन की चयन समिति में रैंकिंग सदस्य के रूप में मुझे नियुक्त करने के लिए मैं नेता जेफरीज का आभारी हूं। उन्होंने कहा, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी, अमेरिका और दुनिया भर में लोकतंत्र व समृद्धि के लिए गंभीर आर्थिक व सुरक्षा संबंधी खतरे उत्पन्न करती है, जो ताइवान के लोकतंत्र के खिलाफ उसके खतरों, टिकटॉक (एप) को एक हथियार बनाने और सैकड़ों अमेरिकी डॉलर की बौद्धिक संपत्ति की चोरी से स्पष्ट है। बेरा (57) ने कहा, मैं हकीम जेफरीज द्वारा हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के लिए मुझे नियुक्त करने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जो अमेरिका की सुरक्षा व राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा, देश और विदेश, दोनों जगह बढ़ते खतरों के बीच मुझे अमेरिकी परिवारों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है और मैं इस नई भूमिका को गंभीरता से लेता हूं।

# एमक्यू 9बी प्रीडेटर आर्म्ड ड्रोन सौदे को जल्द अमली जामा पहनाना चाहते हैं भारत-अमेरिका

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारत और** अमेरिका तीन अरब डॉलर से अधिक की लागत वाले 30 एमक्यू 9बी प्रीडेटर आर्म्ड ड्रोन के सौदे को जल्द से जल्द पूरा करना चाहते हैं। भारत को इससे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) और हिंद महासागर के आसपास अपने समग्र निगरानी तंत्र को मजबूत करने में मदद मिलेगी। मामले से अवगत अधिकारियों ने विस्तृत ब्यौरा दिए बिना बुधवार को बताया कि पांच साल तक इस पर काम करने के बाद अब भारत की ओर से फैसला किया जाना है। एमक्यू 9बी प्रीडेटर आर्म्ड ड्रोन को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा तथा रक्षा जरूरतों के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। 30 ड्रोन में से तीनों सेनाओं को 10-10 ड्रोन दिए जाएंगे। राजनीतिक सैन्य मामलों की सहायक विदेश मंत्री जेसिका लेविस ने इस सौदे में हो रहे विलंब पर किए गए एक सवाल पर कहा, मुझे इस बारे में जानकारी हासिल करनी होगी। इस सौदे की घोषणा 2017 की गर्मियों में की गई थी। ऐसा माना जा रहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर भी चर्चा की। डोभाल ने अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सहित कई शीर्ष अधिकारियों से यहां मुलाकात की है। ऐसा माना जा रहा है कि बैठकों में दोनों पक्ष इस बात पर सहमत दिखे कि सौदे को जल्द अंतिम रूप दिया जाना चाहिए।

भारत इसे इसलिए भी जल्द हासिल करना चाहता है क्योंकि एमक्यू 9बी प्रीडेटर आर्म्ड ड्रोन से उसे न केवल हिंद महासागर में, बल्कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भी राष्ट्रीय सुरक्षा और निगरानी को मजबूत करने में मदद मिलेगी। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन जल्द से जल्द इस सौदे को अमली जामा पहनाना चाहता है।

## ब्रिटेन ने किया बीबीसी की स्वतंत्रता का बचाव

### कहा- भारत के साथ संबंधों में भारी निवेश

**भाषा।** लंदन

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी पर बनाए गए विवादास्पद वृत्तचित्र के खिलाफ प्रवासी भारतीय समुदाय के व्यापक विरोध के मद्देनजर ब्रिटेन सरकार ने बीबीसी का बचाव करते हुए कहा है कि यह एक स्वतंत्र मीडिया प्रतिष्ठान है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रवक्ता ने बुधवार को डाउनिंग स्ट्रीट में पत्रकारों के साथ बातचीत में इस सप्ताह के शुरू में संसद में विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली द्वारा दिए गए बयान को दोहराया, जिसमें कहा गया था कि ब्रिटेन सरकार भारत के साथ अपने संबंधों में निवेश करना जारी रखेगी। वृत्तचित्र इंडिया: द मोदी क्वेश्चन की भारत की निंदा के बारे में एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने कहा,"बीबीसी अपने काम में स्वतंत्र है और हम इस बात पर जोर देंगे कि हम भारत को एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय साझेदार के रूप में मानते हैं।

## ऑस्ट्रिया ने वियना से चार रूसी राजनयिकों को निष्कासित किया

**वियना।** आस्ट्रिया सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने वियना में सेवा दे रहे चार रूसी राजनयिकों को देश छोड़ कर जाने का आदेश दिया है। इनमें से दो राजनयिक संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों में तैनात हैं। आस्ट्रिया के विदेश मंत्रालय ने यहां एक संक्षिप्त बयान जारी कर कहा कि रूसी दूतावास के दो राजनयिकों तथा वियना में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों में तैनात दो अन्य रूसी राजनयिकों को देश छोड़ कर जाने को गया है। बयान में कहा गया है कि ए चारों राजनयिक अपने राजनयिक दर्जे और संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय समझौते से असंगत कार्यों में लिप्त पाए गए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इन राजनयिकों को आस्ट्रिया छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। वियना में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी और मादक पदार्थ एवं अपराध पर संयुक्त राष्ट्र का कार्यालय सहित वैश्विक संस्था की अन्य एजेंसियां स्थित हैं।

## शहबाज शरीफ ने कराची में परमाणु संयंत्र की तीसरी इकाई का उद्घाटन किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को महत्वाकांक्षी चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत बीजिंग की सहायता से निर्मित कराची परमाणु ऊर्जा संयंत्र की तीसरी इकाई का उद्घाटन किया। के-3 के रूप में पहचाने जाने वाली यह इकाई राष्ट्रीय ग्रिड को।,100 मेगावाट बिजली प्रदान करेगी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान का ऊर्जा ईंधन आयात बिल 27 अरब डॉलर तक पहुंच गया है और देश को तत्काल ऊर्जा के वैकल्पिक और सस्ते स्रोतों की जरूरत है जिनमें सौर, पवन, जलविद्युत और परमाणु ऊर्जा शामिल हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान के पास पनबिजली के जरिए 60,000 मेगावाट उत्पादन की क्षमता है, लेकिन अभी तक केवल 10,000 मेगावाट का ही उत्पादन हो रहा है।

## पुतिन ने स्टालिनग्राड युद्ध की बरसी पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन स्टालिनग्राड की लंबी लड़ाई में नाजी ताकतों पर सोवितयत की जीत की 80वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम में शामिल हुए। पुतिन ने वोल्गोग्राड में रेड आर्मी के शहीद सैनिकों को समर्पित स्मारक परिसर में उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्टालिनग्राड में अगस्त, 1942 से फरवरी 1943 तक पांच महीने लड़ाई चली थी और इसे इतिहास की सबसे रक्तरंजित युद्ध माना जाता है क्योंकि इसमें करीब 20 लाख सैनिकों एवं आम नागरिकों की जान गई थी। दो फरवरी, 1943 को नाजी शक्तियों के आत्मसमर्पण से पहले शहर का ज्यादातर हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया था।

# डोभाल ने ब्लिंकन से वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की



**भाषा।** वाशिंगटन

**राष्ट्रीय सुरक्षा सला**हकार अजित डोभाल ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात कर वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान दोनों ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर चर्चा की।

इजराइल और मिस्र समेत पश्चिम एशिया के दौरे से स्वदेश लौटने के तुरंत बाद ब्लिंकन ने बुधवार को डोभाल से मुलाकात की।

ब्लिंकन ने बैठक के बाद ट्वीट किया, अमेरिका वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। उन्होंने ट्वीट में कहा, हमारी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर चर्चा करने के लिए आज भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के साथ मेरी अच्छी बैठक हुई। भारतीय दूतावास ने भी एक ट्वीट में कहा, दोनों पक्षों ने आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर विचारों का आदान-प्रदान किया और चर्चा की कि कैसे भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत किया जाए। डोभाल अमेरिका में एक उच्चाधिकार प्राप्त भारतीय प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जैक सुलिवन से भी मुलाकात की थी। डोभाल और सुलिवन ने यहां व्हाइट हाउस में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ इनीशिएटिव फॉर क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (आईसीईटी) की पहली उच्च-स्तरीय बैठक की थी।

## आईसीईटी अमेरिका, भारत के लिए लोकतांत्रिक प्रौद्योगिकी पारितंत्र बनाने में अहम : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज (आईसीईटी) पर भारत-अमेरिका की पहल दोनों देशों के वास्ते एक लोकतांत्रिक प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। भारत-अमेरिका संबंधों में आईसीईटी को नेक्स्ट बिग थिंग (एक बड़ा कदम) बताया जा रहा है। मंगलवार को यहां व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और भारत के अजित डोभाल द्वारा इसकी शुरुआत की गई थी।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, राष्ट्रपति का मानना है कि यह पहल अमेरिका और भारत के लिए एक लोकतांत्रिक प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों व हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए, हम इसे भारत के साथ बेहद महत्वपूर्ण पहल और साझेदारी के रूप में देखते हैं। आईसीईटी का मई 2022 में तोक्यो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच बैठक के बाद पहली बार एक संयुक्त बयान में उल्लेख किया गया था। इसका मकसद दोनों देशों की सरकारों, व्यवसायों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सामरिक प्रौद्योगिकी साझेदारी तथा रक्षा औद्योगिक सहयोग को बढ़ाना तथा उसे विस्तार देना है। ज्यां-पियरे ने बुधवार को एक सवाल के जवाब में कहा, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी ने इस पहल की घोषणा तब की जब वे पिछले साल मई 2022 में एक बैठक में (तोक्यो में) मिले थे और अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों को महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों में हमारी साझेदारी का नेतृत्व करने का निर्देश दिया।

# पुलिस की वर्दी में घुसा था पेशावर की मस्जिद में विस्फोट करने वाला आत्मघाती हमलावर

**भाषा।** पेशावर



**उत्तर** पश्चिम पाकिस्तान के पेशावर शहर की एक मस्जिद में आत्मघाती हमला कर 101 लोगों की जान लेने वाला हमलावर पुलिस की वर्दी पहनकर उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में घुसा था तथा हेलमेट और मास्क पहनकर मोटरसाइकिल से वहां आया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

खैबर-पख्तुनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक मोअज्जम जाह अंसारी ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा कि पुलिस लाइन्स के मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा जांच चौकी पर तैनात कर्मियों ने पुलिस वर्दी पहने हुए हमलावर की जांच नहीं की और उसे अंदर जाने दिया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि हमलावर खैबर रोड के रास्ते पुलिस लाइन्स क्षेत्र में आया था। अंसारी के मुताबिक हमलावर ने एक पुलिस अधिकारी से मस्जिद की ओर जाने वाले रास्ते के बारे में भी पश्तो भाषा में पूछा था। उन्होंने कहा कि उक्त मोटरसाइकिल के पंजीकरण नंबर का पता लगा लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमलावर अकेला नहीं था और एक पूरा नेटवर्क उसकी मदद कर रहा था।

## फिलीपीन अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने पर सहमत

**मनीला।** अमेरिका और फिलीपीन ने बृहस्पतिवार को दक्षिण पूर्व एशियाई देश में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति का विस्तार करने के लिए एक समझौते की घोषणा की है। इस समझौते के तहत अमेरिकी सेना को फिलीपीन के चार और सैन्य शिविरों तक पहुंच प्रदान की गई।इससे अमेरिका को चीन के खिलाफ क्षेत्र में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए नया आधार मिलेगा। काफी समय से दोनों देशों के बीच संधि है और 2014 के रक्षा समझौते के तहत अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की यात्रा के दौरान इसे सार्वजनिक किया गया था। ऑस्टिन ने ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच एशिया में अमेरिका के सुरक्षा गठजोड़ को मजबूत करने के प्रयासों का नेतृत्व किया है। सहयोगी देशों ने एक संयुक्त बयान में यह भी कहा कि फिलीपीन के पांच सैन्य ठिकानों पर परियोजनाओं में पर्याप्त प्रगति हुई है, जहां अमेरिकी सैन्य कर्मियों को पहले फिलीपीन के अधिकारियों द्वारा संवर्धित रक्षा सहयोग समझौते (ईडीसीए) के तहत पहुंच प्रदान की गई थी।

# फ्रांस ने यमन भेजी जा रही ईरान के असॉल्ट राइफलें, मिसाइलें जब्त कीं

**भाषा।** दुबई,

**फ्रांस के** नौसैनिकों ने ओमान की खाड़ी में एक अज्ञात जहाज से पिछले महीने हजारों की संख्या में असॉल्ट राइफलें, मशीनगन एवं टैंक निरोधक मिसाइलें जब्त की हैं। इन हथियारों को कथित तौर पर ईरान से यमन के हूथी विद्रोहियों के लिए भेजा जा रहा था। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। हथियार जब्ती की यह कार्वाई ओमान की खाड़ी में 15 जनवरी को हुई, जो होरमुज जलडमरूमध्य से संबद्ध एक जल निकाय है। यह फारस की खाड़ी का संकरा मुहाना है, जो अरब सागर से होते हुए हिंद महासागर तक जाता है। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने इस जब्ती को ईरान से यमन तक हथियारों की तस्करी करार दिया है। एक अज्ञात जहाज पर लदे इन हथियारों की तस्वीर अमेरिकी केंद्रीय कमान ने बुधवार को जारी की। तस्वीरों से पता चलता है कि इन हथियारों में चीन निर्मित टाइप 56 राइफलें, रूस निर्मित मोलोट एकेएस20यू और पीकेएम-पैटर्न मशीन गन शामिल हैं। केंद्रीय कमान ने कहा है कि जब्त किए गए हथियारों में तीन हजार से अधिक राइफल और 578,000 कारतूस शामिल हैं। हथियारों की जारी की गई तस्वीरों से पता चलता है कि इसमें 23 टैंक निरोधक मिसाइल भी हैं जो कंटेनर से संचालित होती हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव में ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों को हथियारों की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हूथी विद्रोहियों ने 2014 के आखिर में देश की राजधानी पर कब्जा कर लिया था, और मार्च 2015 से देश की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार का समर्थन करने वाले सऊद्री अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ संघर्षरत हैं। ईरान ने हालांकि, फ्रांस द्वारा जब्त किए गए हथियारों के बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने पकड़े गए हथियारों की तस्वीरें जारी कीं। तस्वीरों में ए हथियार अमेरिकी सेना द्वारा पकड़े गए ईरान के अन्य हथियारों के समान ही नजर आ रहे हैं।

## ईरान ने ड्रोन हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया, जवाबी कार्वाई की धमकी दी

**भाषा।** दुबई

**ईरान ने** गत सप्ताहांत में इसफाहान शहर में एक सैन्य वर्कशाप को निशाना साधकर किए गए ड्रोन हमले के लिए औपचारिक रूप से इजराइल को जिम्मेदार ठहराया और चेतावनी दी कि उसे जवाबी कार्वाई करने का वैध अधिकार है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने एक पत्र में शनिवार देर रात हुए हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया। यह पत्र मिशन की वेबसाइट पर जारी किया गया। पत्र में ईरानी राजदूत आमिर सईद इरावनी के दस्तखत हैं। पत्र के मुताबिक, शुरुआती जांच से पता चलता है कि हमले की कोशिश के लिए इजराइली शासन जिम्मेदार है। शनिवार देर रात 11:30 बजे हुए ड्रोन हमले का पूरा विवरण अभी तक नहीं मिला है। ईरान की समाचार एजेंसी इरना ने ड्रोन को "बम से लैस क्वाडकोप्टरै करार दिया। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा तीन ड्रोन में से दो को सफलतापूर्वक मार गिराया गया। इजराइली अधिकारियों ने घटनाक्रम पर कोई टिप्पणी नहीं की।

# श्रीलंका में बौद्ध धर्मगुरुओं ने तमिलों को राजनीतिक स्वायत्तता देने का विरोध किया

**भाषा।** कोलंबो

**अल्पसंख्यक तमिलों** को राजनीतिक स्वायत्तता देने के लिए भारत समर्थित 13वें संशोधन को पूरी तरह से लागू करने की श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की योजना को बृहस्पतिवार को तब झटका लगा जब शक्तिशाली बौद्ध धर्मगुरुओं ने इसका कड़ा विरोध किया और दावा किया कि यह देश की एकात्मक प्रकृति को चुनौती देता है। मुख्य बौद्ध संप्रदायों के चार प्रमुख धर्माध्यक्षों ने कैंडी शहर में विक्रमसिंघे को एक पत्र सौंपा। पत्र में आरोप लगाया गया है कि विक्रमसिंघे की योजना ने देश में असंतोष पैदा कर दिया है क्योंकि यह कदम श्रीलंका की संप्रभुता को चुनौती देता है। पत्र में विक्रमसिंघे को याद दिलाया गया कि उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति देश की एकता के लिए उत्पन्न खतरे के कारण 13वें संशोधन के पूर्ण कार्यान्वयन पर आगे नहीं बढ़े। पत्र में चेतावनी दी गई है कि राष्ट्रपति को ऐसा करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए और लोगों में गुस्सा नहीं भड़कने का कारण पैदा नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने देश में अल्पसंख्यक तमिलों को राजनीतिक स्वायत्तता प्रदान करने के लिए संविधान के 13वें संशोधन को पूरी तरह से लागू करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। पिछले हफ्ते, उन्होंने श्रीलंका में तमिल समुदाय की ओर से राजनीतिक स्वायत्तता की लंबे समय से चली आ रही मांग के समाधान के रूप में 13वें संशोधन के पूर्ण कार्यान्वयन की पेशकश की थी। संशोधन 13 ए श्रीलंका में तमिल समुदाय को सत्ता के हस्तांतरण का प्रावधान करता है। भारत 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते के बाद लाए गए संशोधन 13ए को लागू करने के लिए श्रीलंका पर दबाव बना रहा है। सर्वदलीय बैठक में विक्रमसिंघे ने कहा, राष्ट्रपति के रूप में, मैं देश के संबंधित कानून को लागू करने के लिए बाध्य हूं। उन्हें आठ फरवरी को संसद में अपने संबोधन में 13ए को पूरी तरह से लागू करने की घोषणा करनी है। पिछले महीने श्रीलंका की अपनी यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 13ए का पूर्ण कार्यान्वयन देखने की भारत की इच्छा पर जोर दिया था। विक्रमसिंघे ने दिसंबर के मध्य में अल्पसंख्यक तमिल राजनीतिक समूहों के साथ बातचीत शुरू की थी ताकि ब्रिटेन से श्रीलंका की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर चार फरवरी तक सुलह की जा सके। सिंहलियों में ज्यादातर बौद्ध हैं जो श्रीलंका की दो करोड़ 20 लाख की आबादी का लगभग 75 प्रतिशत हैं जबकि तमिल 15 प्रतिशत हैं।

## पृथ्वी के बारे में नई खोजों के लिए नासा और आईबीएम ने हाथ मिलाया

**भाषा।** वाशिंगटन

**नासा और** आईबीएम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित ऐसे मॉडल विकसित करने के लिए साझेदारी की है जो पृथ्वी के बारे में आधुनिक वैज्ञानिक जानकारी आसानी से जुटाने में मदद करने के साथ ही दुनिया को बदलते पर्यावरण के लिहाज से ढलने में मददगार हो सकते हैं। नासा ने एक बयान में कहा कि इस संयुक्त उपक्रम में पहली बार नासा के पृथ्वी अवलोकन उपग्रह के आंकड़ों में एआई फाउंडेशन मॉडल का इस्तेमाल किया जाएगा।

## प्रतिबंधित निधि मामला: पाक अदालत में निर्वाचन आयोग के खिलाफ इमरान की याचिका खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को झटका देते हुए उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित निधि मामले में निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ दायर उनकी याचिका खारिज कर दी। नवंबर 2014 में दायर एक बहुप्रतीक्षित मामले में पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने पिछले साल दो अगस्त को अपना फैसला सुनाया था। इस फैसले में उसने इमरान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) को निधि (फंडिंग) की जानकारी को छिपाने के लिए जिम्मेदार ठहराया था।

# उत्तर कोरिया ने कड़ी प्रतिक्रिया की चेतावनी दी

## अमेरिका के गठबंधन सहयोगियों के साथ सैन्याभ्यास के खिलाफ दिखाए तीखे तेवर

**एपी।** सियोल



**उत्तर कोरिया** ने बृहस्पतिवार को अमेरिका के दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास का दायरा बढ़ाने के खिलाफ परमाणु शक्ति के जरिए कठोरतम प्रतिक्रिया की धमकी दी है। उत्तर कोरिया ने दावा किया कि गठबंधन देश तनाव को बेहद गंभीर स्थिति की तरफ ले जा रहे हैं। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय का बयान अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की टिप्पणियों के जवाब में आया है। ऑस्टिन ने मंगलवार को सियोल की यात्रा के दौरान कहा था कि दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त सैन्याभ्यास को मजबूत करते हुए अमेरिका लड़ाकू जेट और विमान वाहक पोत सहित कोरियाई प्रायद्वीप में उन्नत सैन्य साजोसामान की तैनाती में वृद्धि करेगा। विदेश मंत्रालय के एक अज्ञात प्रवक्ता के हवाले से दिए गए बयान में उत्तर कोरिया ने कहा कि सहयोगियों के अभ्यास का विस्तार कोरियाई प्रायद्वीप को विशाल युद्ध शस्त्रागार और अधिक जटिल युद्ध क्षेत्र में बदलने की धमकी साबित हो रहा है। बयान में कहा गया है कि उत्तर कोरिया गठबंधन द्वारा किसी भी अल्पकालिक या दीर्घकालिक सैन्य चुनौतियों का सबसे सक्षम परमाणु शक्ति के साथ मुकाबला करने के लिए तैयार है। उत्तर कोरियाई प्रवक्ता ने कहा, डीपीआरके अमेरिका के किसी भी सैन्य प्रयास के खिलाफ परमाणु (बम) के लिए परमाणु और पूर्ण सैन्य टकराव के लिए पूर्ण सैन्य टकराव के सिद्धांत के साथ प्रतिक्रिया देगा। इस बीच, दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के पश्चिमी जल क्षेत्र के ऊपर दक्षिण कोरियाई लड़ाकू विमानों के साथ बुधवार को बी- ।बी बमवर्षक और एफ-22 और एफ-35 लड़ाकू जेट के साथ अभ्यास किया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया इस महीने एक संयुक्त अभ्यास की योजना बना रहे हैं, जिसका उद्देश्य उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु हथियारों का उपयोग करने पर इसके खिलाफ जवाबी हमले को मजबूत किया।

# चीन को अधिकार हनन, भारत व ताइवान के प्रति आक्रमकता के लिए जवाबदेह ठहराया जाए : अमेरिकी सांसद

**भाषा।** वाशिंगटन

**कई प्रभावशाली** रिपब्लिकन सांसदों ने विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से आग्रह किया है कि चीन को हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साथ ही भारत व ताइवान के खिलाफ अस्वीकार्य व भड़काऊ व्यवहार के लिए जवाबदेह ठहराया जाए।अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री और वित्त मंत्री जेनेट एलेन को उनके बीजिंग दौरे से पहले लिखे एक पत्र में उनसे चीन को घोर मानवाधिकार उल्लंघन, अनुचित व्यापार प्रथाओं तथा अमेरिका और उसके सहयोगियों के प्रति आक्रामकता के लिए भी जिम्मेदार ठहराने की मांग की।ब्लिंकन रविवार को चीन रवाना होंगे जबकि एलेन के इसी महीने बाद में वहां का दौरा करने की उम्मीद है। फ्लोरिडा से रिपब्लिकन सांसद मार्को रुबियो ने बुधवार को लिखे पत्र में कहा, सीसीपी (चीन की कम्युनिस्ट पार्टी) ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उसके इतर भी अपनी आक्रामकता बढ़ा दी है। उन्होंने उनसे आग्रह किया कि वे सत्तारूढ़ सीसीपी को प्रचार हथकंडों में बढ़त हासिल करने देने से बचें और सीसीपी को उसके घोर मानवाधिकारों के हनन, अनुचित व्यापार प्रथाओं, फेंटेनाइल (एक दर्दनिवारक दवा) संकट में अग्रणी भूमिका और हिंद-प्रशांत में सहयोगियों और भागीदारों के प्रति आक्रामकता के लिए जवाबदेह ठहराएं। रुबियो के अलावा इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में सीनेटर चुक ग्रैस्ली, बिल कास्सिडी, एरिक शिमट, डेन सुलिवन, केविन कार्मर, टेड बड, रिक स्कॉट, मार्शा ब्लैकबर्न, लिंडसे ग्राहम, शैली मूर कैपिटो, पीट रिकेट्स, जॉन होवन और बिल हेगर्जी शामिल हैं।

बाइडन प्रशासन की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के अनुसार, चीन अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को फिर से आकार देने के इरादे से एकमात्र प्रतियोगी है और ऐसा करने के लिए आर्थिक, कूटनीतिक, सैन्य और तकनीकी शक्ति तेजी से बढ़ा रहा है। पत्र में कहा गया, जैसा कि हमने हाल ही में देखा है, महासचिव शी ने ताइवा

# कई विस्फोटों में शामिल आतंकी गिरफ्तार

भाषा। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को कई विस्फोटों में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह आतंकवादी पहले एक सरकारी स्कूल का शिक्षक था। वह वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस में हुए विस्फोट की घटना में भी कथित तौर पर शामिल था। सिंह ने पत्रकारों को बताया कि जम्मू के नरवाल में हाल ही में हुए दोहरे विस्फोट की जांच के बाद रियासी जिले के निवासी आरिफ को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक आईईडी (संवर्धित विस्फोटक उपकरण) भी बरामद किया गया है, जिसे ईत्र की बोतल के अंदर लगाया गया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रमुख ने कहा कि पहली बार केंद्र शासित प्रदेश में इस तरह का बम बरामद हुआ है।

सिंह ने बताया कि आरिफ कथित तौर पर अपने पाकिस्तानी आकाओं के इशारे पर काम कर रहा था और वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस में विस्फोट में शामिल होने की बात उसने स्वीकार की है। इस विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई थी और 24 अन्य घायल हुए थे। उन्होंने बताया कि उसने फरवरी 2022 में जम्मू के शास्त्रीनगर इलाके में एक आईईडी विस्फोट के अलावा 21 जनवरी को नरवाल में दोहरे विस्फोट में भी अपनी भूमिका स्वीकार की, जिसमें नौ लोग घायल हो गए थे। सिंह ने कहा, सभी आईईडी सीमा पार से भेजे गए थे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## कानून प्रवर्तन एजेंसियां आतंकी कृत्यों को धर्म के चश्मे से नहीं देखतीं: सिंह

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां आतंकी गतिविधियों को धर्म के चश्मे से नहीं देखती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिंह ने कहा कि सीमा पार से अपने आकाओं के इशारे पर जम्मू क्षेत्र में हाल में किए गए आतंकवादी हमलों का उद्देश्य आतंकवाद को पुनर्जीवित करना और केंद्र शासित प्रदेश में सांप्रदायिक सद्भाव और भाईचारे को नुकसान पहुंचाना था। डीजीपी ने कहा, हम देश के कानून के अनुसार काम करते हैं और धर्म के चश्मे से (आतंकवाद से संबंधित किसी भी घटना को) नहीं देखते हैं। एक आरोपी के साथ धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि अपराध के आधार पर निपटा जाता है। वह पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की उस कथित टिप्पणी से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें पेशावर में एक मस्जिद में बम हमले के बाद मंत्री ने कहा था कि भारत में भी नमाज के दौरान नमाजी नहीं मारे गए। डीजीपी ने कहा, हमारी सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और उनके (आतंकवादियों) खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। कुछ लोग स्थिति में हेरफेर करने और जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हमें यकीन है कि लोग बहुत कुछ सीख चुके हैं और गुमराह नहीं होंगे।

## 78 मंत्रालयों और विभागों में 9.79 लाख पद रिक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को बताया कि केंद्र सरकार के 78 मंत्रालयों और विभागों में 9.79 लाख से अधिक रिक्तियां हैं। इनमें से रेलवे में 2.93 लाख, रक्षा (सिविल) में 2.64 लाख और गृह मंत्रालय में 1.43 लाख रिक्तियां हैं। राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य सुशील कुमार मोदी की ओर से पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोजगार देने के लिए सरकारी पहल पर रोजगार मेला कार्यक्रम जारी है तथा एक वर्ष की अवधि में यह 10 लाख युवाओं को लाभकारी सेवा के अवसर प्रदान करने के अलावा रोजगार और स्वरोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। देश भर में रोजगार मेला कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और युवाओं को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त निकायों में नियुक्त किया जा रहा है।

# 2018 से अब तक उच्च न्यायालयों में नियुक्त 554 न्यायाधीशों में से 430 सामान्य श्रेणी के हैं: रीजीजू

भाषा। नई दिल्ली



**कानून मंत्री किरेन रीजीजू** ने बृहस्पतिवार को राज्य सभा को बताया कि 2018 से अब तक देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में नियुक्त कुल 554 न्यायाधीशों में से 430 सामान्य श्रेणी के हैं। उन्होंने आगे कहा कि 58 न्यायाधीश अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और 19 अनुसूचित जाति से हैं। अनुसूचित जनजाति से केवल छह और अल्पसंख्यकों से 27 न्यायाधीश हैं। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों में 84 महिला न्यायाधीश भी शामिल हैं। कानून मंत्री ने बताया कि कुल नियुक्तियों में सामान्य श्रेणी के न्यायाधीशों की संख्या 77 प्रतिशत से अधिक है। रीजीजू ने भाजपा सांसद सुशील मोदी के एक सवाल का लिखित जवाब दिया। यह उल्लेख करते हुए कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति को निर्देशित करने वाले संवैधानिक प्रावधान किसी भी जाति या वर्ग विशेष के लिए आरक्षण प्रदान नहीं करते हैं, रीजीजू ने कहा कि सरकार उच्चतर न्यायपालिका में सामाजिक विविधता सुनिश्चित करने का प्रयास करती रही है। उन्होंने अपने जवाब में कहा, सरकार उच्चतर न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति में सामाजिक विविधता लाने के लिए प्रतिबद्ध है और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से अनुरोध करती रही है कि न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजते समय सामाजिक विविधता सुनिश्चित करने के वास्ते, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और महिलाओं में से उपयुक्त उम्मीदवारों के नाम पर उचित विचार किया जाए। उन्होंने बताया कि 2018 से उच्चतम न्यायालय में कुल 30 न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में आठ, वर्ष 2019 में 10, वर्ष 2020 में एक भी नहीं, वर्ष 2021 में नौ और वर्ष 2022 में तीन न्यायाधीश नियुक्त किए गए थे। उन्होंने कहा कि देश भर के जिला न्यायाधीशों में से 612 अनुसूचित जाति से, 204 अनुसूचित जनजाति से,1,329 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं, जबकि1406 महिलाएं हैं।

# कोंकण सीट पर भाजपा जीती, नागपुर में भाजपा समर्थित प्रत्याशी हारा

**परिषद चुनाव**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद के चुनाव में बृहस्पतिवार को भाजपा उम्मीदवार ज्ञानेश्वर म्हात्रे को कोंकण मंडल शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विजई घोषित किया गया। नागपुर मंडल शिक्षक सीट पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार को विपक्षी महा विकास अघाड़ी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। एमवीए समर्थित उम्मीदवार सुधाकर अडबले ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नागोराव गनार को हराकर नागपुर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी गनार इस सीट से मौजूदा एमएलसी हैं।

नागपुर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का गृह जिला है। तीन अन्य सीट औरंगाबाद, मंडल शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, अमरावती और नासिक मंडल स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना जारी है। विधानमंडल के उच्च सदन की सभी पांच सीट के लिए मतदान 30 जनवरी को हुआ और मतगणना बृहस्पतिवार सुबह शुरू हुई। भाजपा उम्मीदवार म्हात्रे को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली पार्टी बालासाहेबांची शिवसेना का समर्थन प्राप्त था, जिन्होंने कोंकण सीट पर एमवीए समर्थित उम्मीदवार बलराम पाटिल को हरा दिया। कोंकण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के परिणामों की घोषणा करने वाले रिटर्निंग ऑफिसर और डिवीजनल कमिश्नर महेंद्र कल्याणकर ने कहा कि म्हात्रे को 20,683 वोट मिले, जबकि पाटिल को 10,997 वोट मिले। औरंगाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में राकांपा के उम्मीदवार विक्रम काले पहले दौर की मतगणना के बाद आगे चल रहे हैं। पांच परिषद सदस्यों का छह साल का कार्यकाल (शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से तीन और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से दो) सात फरवरी को समाप्त हो रहा है।



मंगलुरू में भारतीय तटरक्षक बल के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदर्शन करते जवान

## रेलवे आईआरएमएस में सिविल सेवा परीक्षा के जरिए भर्ती करेगा

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने फैसला किया है कि भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के लिए अधिकारियों की भर्ती 2023 से संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के जरिए की जाएगी। मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह पहले के एक आदेश से अलग है जिसमें कहा गया था कि सेवा के लिए भर्ती 2023 से यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली विशेष रूप से तैयार की गई आईआरएमएस परीक्षा के जरिए की जाएगी। यूपीएससी और कार्मिक विभाग के साथ मशविरा कर निर्णय लिया गया है कि भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा में भर्ती यूपीएससी द्वारा वर्ष 2023 के लिए आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के जरिए की जाएगी। मंत्रालय ने इस फैसले के पीछे के कारणों को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है ऐसी संभावना है कि यह गैर-इंजीनियरिंग श्रेणी के अधिकारियों के दबाव में किया गया निर्णय है।

# सिद्धरमैया उत्तरी और शिवकुमार दक्षिणी कर्नाटक की अलग-अलग यात्रा करेंगे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में विपक्ष के नेता सिद्धरमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की प्रजा ध्वनि यात्रा के तहत शुक्रवार से अलग अलग बस से यात्रा पर निकल रहे हैं। इससे पहले दोनों ने उसके प्रथम चरण में एक साथ प्रदेश की यात्रा की थी। सिद्धरमैया की अगुवाई वाली कांग्रेस के नेताओं की टीम उत्तरी कर्नाटक के विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी जबकि शिवकुमार की अगुवाई वाला दल दक्षिणी कर्नाटक के जिलों को मथेगा।

उत्तरी कर्नाटक में लोकप्रिय बताए जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया बीदर जिले के बसावकल्याण से पार्टी के 35 नेताओं की टीम के साथ बस से यात्रा पर निकलेंगे। वह पहले अनुभव मंटपा जाएंगे जहां जनसभा को संबोधित करने से पहले 12 वीं सदी के समाज सुधारक बसवेश्वर की प्रतिमा पर उनके द्वारा माल्यार्पण करने की संभावना है। यह यात्रा 18 फरवरी तक चलेगी और इस बीच में वह अन्य कार्यक्रमों एवं विधानसभा सत्र में हिस्सा लेने के लिए अवकाश भी लेंगे। इस यात्रा के दौरान बीदर, कलबुर्गी, विजयपुरा, बागलकोटे, हुब्बली, धारवाड़ एवं कोप्पल जिलों के विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेंगे।

शिवकुमार पार्टी के 54 नेताओं के साथ तीन से नौ फरवरी तक बस से यात्रा करेंगे। वह प्रसिद्ध कुरुडमाले महा गणपति मंदिर में पूजा-अर्चना करने के उपरांत कोलार जिले के मालबुगल से यात्रा आरंभ करेंगे। वह कोलार, चित्रदुर्ग, बेंगलुरु ग्रामीण एवं शिवमोगा जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगे। शिवकुमार वोक्कलिगा समुदाय से आते हैं जो राज्य के दक्षिण जिलों के कई हिस्सों में प्रभावशाली समुदाय है। कांग्रेस ने इससे पहले 11 जनवरी को प्रजा ध्वनि यात्रा का पहला चरण शुरू किया था। तब सिद्धरमैया एवं शिवकुमार ने साथ मिलकर 29 जनवरी तक राज्य में यात्रा की थी। दोनों ही नेता कांग्रेस के सत्ता में आने की स्थिति में मुख्यमंत्री की कुर्सी के आकांक्षी हैं।

## इस साल हज कोटा 1.75 लाख यात्रियों का होगा: स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस साल भारत का हज कोटा 1.75 लाख हजयात्रियों का होगा। उन्होंने लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। ईरानी ने कहा, मंत्रालय ने हज प्रबंधन को लेकर राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की हज समितियों सहित सभी संबंधित पक्षों के साथ कई बार चर्चा की थी जिस दौरान पुराने हज कोटा की बहाली का आग्रह किया गया था। उन्होंने बताया, हज 2023 के लिए सऊदी अरब के साथ वार्षिक द्विपक्षीय समझौते के तहत इस मुद्दे का निदान किया गया। कोविड-19 की चुनौतियों के बावजूद इस साल के लिए1,75,025 हजयात्रियों का वास्तविक हज कोटा बहाल कर दिया गया है। हज कोटा में इजाफे के कारण अब सरकार विभिन्न राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से और लोगों को हज के लिए भेज सकेगी।

# भाजपा ने मुख्यमंत्री संगमा के खिलाफ पूर्व उग्रवादी नेता बर्नार्ड मारक को उतारा

**मेघालय चुनाव**

**शिलांग।** भाजपा ने अपनी प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष एवं पूर्व उग्रवादी नेता बर्नार्ड एन. मारक को मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा के खिलाफ दक्षिण तुरा सीट से पार्टी का आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा मेघालय विधानसभा की सभी 60 सीट पर चुनाव लड़ेगी और बृहस्पतिवार को अपने सभी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। पार्टी के प्रवक्ता ने यहां बताया कि भाजपा ने पिछले महीने सत्तारूढ़ मेघालय डेमोक्रेटिक गठबंधन से अलग होने और विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया था। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों की सूची में दो मौजूदा भाजपा विधायक संबोर शुल्लई और ए एल हेक शामिल हैं।

जो शहर में क्रमशः दक्षिण शिलांग और पायथोरुख्रा निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा, अन्य दलों को छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले मौजूदा विधायकों को भी सूची में शामिल किया गया है। इनमें एच एम शांगप्लियांग, फेरलिन संगमा, बेनेडिक्ट मारक और सैमुअल एम संगमा शामिल हैं, जो क्रमशः मावसिनराम, सेलसेला, रक्समग्रे और बाघमारा निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी पश्चिम शिलांग सीट से चुनाव लड़ेंगे। गौरतलब है कि मारक ने 2014 में हथियार डाल दिए थे और उग्रवादी संगठन अचिक नेशनल वालंटियर काउंसिल-बी को भंग कर दिया था। वह गारो जनजाति के लिए अलग राज्य बनाने की मांग को लेकर सशस्त्र उग्रवादी संगठन एनवीसी में शामिल हुए थे।

कोनराड संगमा के खिलाफ मुखर रहने के लिए जाने जाने वाले बर्नार्ड मारक को पिछले साल गिरफ्तार किया गया था और उन पर अनैतिक मानव तस्करी समेत तुरा स्थित अपने फार्महाउस में वेश्यालय चलाने का आरोप लगाया गया था। बर्नार्ड तुरा जिला परिषद के भी एक सदस्य हैं। पार्टी के मुताबिक वर्ष 2018 में नोंगथिम्मई निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव हारने वाले राज्य भाजपा अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी पश्चिम शिलांग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के मुताबिक उसके पार्टी प्रवक्ता एम.एच. खरक्रंग उत्तरी शिलांग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी ने एनपीपी की पूर्व विधायक फेरलिन संगमा सहित सात महिला उम्मीदवारों को भी टिकट दिया है।

## वीआरएस लेने वाले कर्मचारी कार्यकाल पूरा करने वालों से समानता का दावा नहीं कर सकते: सर्वोच्च न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को कहा कि सेवानिवृत्ति की तारीख से पहले स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेने वाले कर्मचारी, सेवानिवृत्ति की उम्र पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त होने वालों के साथ समानता का दावा नहीं कर सकते हैं। शीर्ष न्यायालय की यह टिप्पणी बंबई उच्च न्यायालय के एक फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान आई। याचिका वीआरएस लेने वाले कर्मचारियों ने दायर की थी, जिन्हें वेतनमान में संशोधन के लाभ से वंचित रखा गया था। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट की पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र राज्य वित्तीय निगम के वे कर्मचारी अलग स्थिति में हैं, जिन्होंने वीआरएस का लाभ लिया और सेवा को स्वेच्छा से छोड़ दिया। पीठ ने कहा, यह माना जाता है कि वीआरएस लेने वाले कर्मचारी ऐसे लोगों के साथ समानता का दावा नहीं कर सकते हैं जो कार्यकाल पूरा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। वे उन लोगों के साथ समानता का दावा नहीं कर सकते हैं, जिन्होंने लगातार काम किया, अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और उसके बाद सेवानिवृत्त हुए।

# सीबीआई अदालत ने पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी कर दी खारिज

**कोलकाता।** कोलकाता की एक सीबीआई अदालत ने सरकारी विद्यालयों में भर्ती अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए पश्चिमी बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी बृहस्पतिवार को खारिज कर दी और उनकी न्यायिक हिरासत 16 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। अदालत ने सीबीआई को शिक्षण एवं शिक्षणेतर कर्मियों की भर्ती से जुड़े पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग के इस घोटाले की जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया। अदालत ने सीबीआई के अनुरोध पर चटर्जी की न्यायिक हिरासत 16 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। उसने पूर्व मंत्री की जमानत अर्जी खारिज कर दी। सीबीआई ने एक अदालती आदेश पर चटर्जी को 16 सितंबर को हिरासत में लिया था।

प्रवर्तन निदेशालय ने चटर्जी की कथित करीबी अर्पिता मुखर्जी के अपार्टमेंट से ढेर सारा नकद, गहने और जमीन के कागजात मिलने के बाद 23 जुलाई को उन्हें (चटर्जी को) गिरफ्तार कर लिया था। जमानत की मांग करते हुए चटर्जी के वकीलों ने अदालत में दावा किया कि पिछले हिरासत आदेश के बाद से जांच में कोई प्रगति नहीं हुई है और ऐसे में उनके मुवक्किल को जेल में रखने का कोई तुक नहीं है।

सीबीआई के वकील ने कहा कि जांच चल रही है और इस पड़ाव पर पूर्व मंत्री को रिहा करने से जांच पर बुरा असर पड़ेगा। चटर्जी के पास 2014 से 2021 तक पश्चिम बंगाल का शिक्षा विभाग का प्रभार था तथा सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षण एवं शिक्षणेतर कर्मियों की भर्ती में अनियमितताएं कथित रूप से उसी दौर में हुई थीं। ईडी द्वारा गिरफ्तार कर लिए जाने के बाद चटर्जी को ममता बनर्जी सरकार ने मंत्रिपद से हटा दिया था। जब उन्हें गिरफ्तार किया गया था तब उनके पास संसदीय कार्य, उद्योग एवं वाणिज्य समेत कई विभागों का कामकाज था।

## नफरती भाषणों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही: न्यायालय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कहा कि उसके आदेशों के बावजूद नफरत फैलाने वाले भाषणों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। इसने कहा कि अगर शीर्ष अदालत को ऐसे बयानों पर रोक लगाने के वास्ते आगे निर्देश देने के लिए कहा गया तो उसे बार-बार शर्मिंदा होना पड़ेगा। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की पीठ ने कड़ी टिप्पणियां तब कीं, जब मुंबई में हिंदू जन आक्रोश मोर्चा द्वारा पांच फरवरी को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई का उल्लेख किया गया। पीठ शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हुई, जो प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की ओर से प्रशासनिक पक्ष पर निर्देश और अनुमोदन के अधीन होगी। इसने कहा, आप हमें एक आदेश लेकर बार-बार शर्मिंदा होने के लिए कहते हैं।

# नीतीश ने आयकर छूट सीमा में बढ़ोतरी पर किया कटाक्ष, कहा- यह चुनाव का समय है

**सहरसा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आयकर छूट की सीमा में प्रस्तावित बढ़ोतरी पर व्यंग्यात्मक लहजे में बृहस्पतिवार को कहा, यह चुनाव का समय है। सहरसा जिले में अपने जनसंपर्क कार्यक्रम 'समाधान यात्रा' के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने के दौरान कटाक्ष करते हुए बिहारी लहजे में जद (यू) नेता कुमार ने कहा, वोटेवा का समय है ना। कुमार की इस टिप्पणी से पहले राज्य के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आयकर छूट की सीमा में प्रस्तावित बढ़ोतरी पर कहा कि इस बजट में सबसे अधिक फायदा अमीरों को दिया गया है, जिनकी आमदनी अधिक है। चौधरी, नीतीश कुमार के साथ थे।



बुधवार को पेश बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने व्यक्तिगत आयकर पर उच्चतम अधिभार दर को 37 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करने और नई आयकर प्रणाली में कर छूट की सीमा को बढ़ाकर सात लाख रुपए करने का प्रस्ताव किया था नीतीश ने बुधवार को बजट को निराशाजनक करार दिया था। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री कृषि सम्मान योजना जैसी योजनाओं के लिए कम बजटीय आवंटन पर निराशा व्यक्त की। केंद्रीय बजट में महत्वपूर्ण योजनाओं की राशि में कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में मनरेगा और किसान सम्मान निधि योजना की राशि घटा दी गई है, यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मनरेगा काफी पुरानी योजना है, यह योजना विकास के लिए काफी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के लिए 2022-23 में 73,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था अब उसे घटाकर 60,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है। नीतीश कुमार ने कहा कि इसी तरह से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए 2022-23 में 68 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था जिसे घटाकर अब 60,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इस तरह से इस योजना में इस बार 8,000 करोड़ रुपए की कटौती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की भी राशि 2,167 करोड़ रुपए कम कर दी गई है। इसी तरह से कई योजनाओं की राशि घटा दी गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा मिशन में 600 करोड़ रुपए घटा दिए गए हैं जबकि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कम राशि का आवंटन किया गया है। नीतीश कुमार ने कहा, बिहार की सात निश्चय योजना की तरह ही इन लोगों ने सप्तऋषि योजना शुरू करने की बात की है। हम बिहार में सात निश्चय योजना काफी पहले से चला रहे हैं। अब बिहार में सात निश्चय -2 चलाई जा रही है।

# पेंशन के लिए कर्मचारियों को शेयर बाजार के भरोसे नहीं छोड़ सकते

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में हालिया गिरावट का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सरकारी कर्मचारियों को पेंशन के लिए उस शेयर बाजार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता जहां नई पेंशन योजना (एनपीएस) का पैसा निवेश किया जा रहा है। गहलोत ने देशभर में सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने की फिर वकालत करते हुए कहा कि देश में कर्मचारियों के लिए ओपीएस एक न एक दिन बहाल करनी ही पड़ेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस दिशा आगे आकर पुनर्विचार करना चाहिए।

गहलोत ने इसके साथ ही कहा कि केंद्र ने एनपीएस के तहत जमा पैसा राज्य को नहीं लौटाया तो राज्य सरकार अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। देश में कर्मचारियों के लिए ओपीएस एक न एक दिन बहाल करनी ही पड़ेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस दिशा आगे आकर पुनर्विचार करना चाहिए। गहलोत यहां राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा का उत्तर दे रहे थे। राज्य सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए एनपीएस की जगह ओपीएस बहाल करने के फैसले की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण मामला है।

अडाणी कंपनियों के शेयरों में हालिया गिरावट का जिक्र करते हुए



**गहलोत ने फिर की ओपीएस की वकालत, कहा- पुरानी पेंशन योजना एक न एक दिन बहाल करनी ही पड़ेगी**

गहलोत ने कहा, अभी जो अडाणी साब का शेयर गिर रहा है, पूरे देश दुनिया में तहलका मच गया है। हमने पहले ही कहा था कि हम एनपीएस के माध्यम से कर्मचारी बंधुओं को, जो हमारे ही भाई हैं, उन्हें शेयर बाजार को दया पर नहीं छोड़ सकते। यह मैंने कहा था, वही बात आज लागू हो गई। आज पूरा देश हिल गया और पूरी दुनिया में इसकी चर्चा है। गहलोत ने कहा, इसका जवाब दे प्रधानमंत्री मोदी जी पहले देश को कि एनपीएस लागू क्यों रखना चाहते हैं वे। मैंने उनसे बात भी की है... मैं छोड़ने वाला किसी को नहीं हूं। मुझे अगर आप सब ने मिलकर बैठाया तो मेरा कर्तव्य बनता है कि मैं खुलकर बात करूं। मैंने उनसे भी बात की है।

मुख्यमंत्री ने कहा, मैं फिर कहना चाहूंगा कि पूरे सदन को इस मुद्दे पर एकजुट होकर बात करनी चाहिए। ओपीएस लागू करनी पड़ेगी ... आज नहीं तो कल करना पड़ेगा यह मेरा मानना है। केंद्र सरकार द्वारा एनपीएस के तहत जमा पैसा राज्य सरकार को नहीं लौटाने पर गहलोत ने कहा, पूरा पैसा जो हमारा जमा है, वह भारत सरकार हमें वापस दे नहीं रही है... ओपीएस लागू करने के बावजूद नहीं दे रही है। और हम कहना चाहेंगे नहीं देंगे तो हम उच्चतम न्यायालय जाएंगे। उच्च न्यायालय जाएंगे लेकिन वह पैसा हम लेकर रहेंगे।

गहलोत ने कहा, भारत सरकार को आगे आकर ओपीएस बहाल करने पर पुनर्विचार करना चाहिए और पूरे देश में ओपीएस लागू होनी चाहिए। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने कहा था कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार समाज के सभी वर्गों व धर्मों को बिना भेदभाव साथ लेकर चल रही है। इस पर कटाक्ष करते हुए गहलोत ने कहा, हमारे हिंदुस्तान में तमाम जाति, वर्ग, धर्मों का साथ लेकर प्रधानमंत्री चल रहे हैं... राजग सरकार चल रही है... इससे बड़ा झूठ तो कोई हो ही नहीं सकता।

# मुझमें दबाव झेलने की क्षमता विकसित हुई : पांड्या

## ● धोनी की तरह भूमिका निभाना मेरी जिम्मेदारी: हार्दिक



भाषा। अहमदाबाद

**भारत के स्टार** हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या का मानना है कि उनमें दबाव झेलने की क्षमता विकसित हो गई है और उन्हें टीम के लिए महान महेंद्र सिंह धोनी की तरह भूमिका निभाने में कोई परेशानी नहीं है। इस 29 साल के ऑलराउंडर को आतिशी बल्लेबाजी के जाना जाता है लेकिन हाल में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं में टीम की अगुवाई करने वाले इस खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने पारी को संभालना सीख लिया है। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद के चरण में ऐसी भूमिका निभाया करते थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 168 रन की जीत के साथ श्रृंखला को 2-। से अपने नाम करने वाले भारतीय कप्तान ने कहा, मुझे दूसरे तरीके से जिम्मेदारी लेनी है। जहां मैं हमेशा साझेदारी में विश्वास करता हूं। मैं अपनी टीम और दूसरे अधिक भरोसा और आश्वासन देना चाहता हूं कि कम से कम मैं वहां मौजूद हूं। उन्होंने कहा, मैंने इस टीम (टी20 अंतरराष्ट्रीय) में शामिल अन्य खिलाड़ियों के मुकाबले अधिक क्रिकेट खेला है। ऐसे में अनुभव से मैंने दबाव को झेलने के साथ यह सुनिश्चित करना सीखा है कि हर परिस्थिति मे टीम में माहौल शांत रहे। धोनी को उनके शांत व्यवहार के लिए जाना जाता है और हार्दिक का मानना है कि अब यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे एक बल्लेबाज के रूप में दिग्गज विकेटकीपर की जगह लें। वह इस भूमिका को निभाने के लिए अपने स्ट्राइक-रेट को कम करने लिए तैयार हैं। हार्दिक ने कहा, इस तरह, शायद मुझे अपना स्ट्राइक रेट कम करना होगा या नई चुनौती स्वीकार करनी होगी। यह कुछ ऐसा है जिसे होते हुए मैं देख रहा हूं। मुझे इस तरह की भूमिका निभाने में कोई आपत्ति नहीं है जैसा की माही भाई (धोनी) करते थे। हार्दिक ने 87 टी20 मैचों में 142.17 के स्ट्राइक रेट से 1271 रन बनाए हैं। हार्दिक ने कहा, इमानदारी से कहूं तो मुझे छक्के लगाना पसंद है लेकिन एक खिलाड़ी के तौर पर आपको बेहतर होते रहना होता है। मुझे कुछ और भूमिका निभानी है और मैं बल्लेबाजी के समय साझेदारी में विश्वास करता हूं। हार्दिक ने तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करते हुए चार विकेट झटके।

### तकनीकी और रणनीतिक तौर पर मेरी यह पारी पूर्णता के करीब थीः गिल

**अहमदाबाद।** युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि उनकी 63 गेंदो मे नाबाद 126 रन की पारी रणनीतिक और तकनीकी रूप से पूर्ण बल्लेबाजी के करीब थी। गिल की इस पारी के दम पर भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मे 168 रन के विशाल अंतर से शिकस्त देकर तीन मैचो की श्रृंखला को 2-1 से जीता। गिल ने खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप मे अपने पहले शतक के दौरान 12 चौके और सात छक्के लगाए। भारत ने इस मैच मे चार विकेट पर 234 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड को 12.1 ओवर मे 66 रन पर आउट कर दिया। गिल ने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की वेबसाइट पर जारी कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बातचीत के वीडियो मे कहा, मै जिस तरह से बल्लेबाजी करता हूं उसके लिए मानसिक स्पष्टता की जरूरत होती है। और आप ने खासकर आज मुझे उस तरह की आजादी दी। आप ने कहा था, जैसा मै खेलता हूं वैसा ही खेलूं और कुछ अतिरिक्त करने की जरूरत नही है। मुझे लगता है कि यह छोटी-छोटी चीजे काफी मदद करती है। मिशेल सैंटनर के आखिरी ओवर मे, मै पूरी तरह से लय मे था और मैने बड़ा शॉट खेलने का मन बनाया था लेकिन आप ने मुझे खुद को रोकने और दूसरे गेंदबाज के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाने की सलाह दी क्योंकि सैंटनर ने पूरी श्रृंखला मे अच्छी गेंदबाजी की थी। ऐसे मे रणनीतिक और तकनीकी तौर पर यह मैच मेरे लिए पूर्णता के करीब था। मैन ऑफ द सीरीज हार्दिक ने इस मैच मे चार विकेट झटके। गिल ने जब इस बारे मे पूछा तो उन्होने कहा, ईमानदारी से कहूं तो चार विकेट खेल का हिस्सा है, लेकिन मुझे लगता है कि अगर मै गलत नही हूं तो मैने 145 (किमी प्रति घंटे) की रफ्तार से गेंदबाजी की और इस रफ्तार ने मुझे खुशी और मुस्कान दी जो आप देख सकते है। यह मेरा आखिरी (मौजूदा सत्र मे भारतीय टीम के लिए) मैच है। इसके बाद मै ब्रेक पर जा रहा हूं।

## आस्ट्रेलिया से टेस्ट की तैयारी : नागपुर पहुंचे खिलाड़ी



सुर्यकुमार



पुजारा

# भारत में अच्छी पिच मिली तो जीतेगा ऑस्ट्रेलियाः हीली



भाषा। मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया** पूर्व दिग्गज विकेटकीपर इयान हीली ने कहा कि भारत दौरे पर अगर पिच पूरी तरह से स्पिनरों की मददगार हुई तो घरेलू टीम का पलड़ा भारी होगा लेकिन अगर पिच बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए अच्छी हुई तो उनकी टीम के पास जीत दर्ज करने का मौका होगा। दोनों टीमें चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट श्रृंखला में नौ फरवरी से नागपुर में आमने सामने होगी। हीली ने एसईएनक्यू ब्रेकफास्ट से कहा, अगर वह ऐसी पिच तैयार करते हैं जो शुरुआत में बल्लेबाजी के लिए अच्छी हो और खेल के आगे बढ़ने के साथ स्पिनरों की मददगार हो तो ऑस्ट्रेलिया के जीतने की संभावना अधिक होगी। उन्होंने कहा, मैं पहले टेस्ट के लिए (मिचेल) स्टार्क और (नाथन) लियोन को लेकर चिंतित हूं। अगर वहां की पिच वैसी हुई, जैसा कि हमने पिछले दौरे में देखा था तो भारतीय टीम अच्छी स्थिति में होगी। उस समय पहले दिन से ही गेंद असामान्य उछाल ले रही थी और रूक कर आ रही थी। मुझे लगता है कि ऐसी परिस्थितियों में भारतीय टीम हमसे बेहतर है। हीली ने टीम के युवा खिलाड़ियों से दबाव झेलने और क्षेत्ररक्षण में कम गलतियां करने की सलाह दी। मैं चाहता हूं खिलाड़ी उस दबाव (स्थानीय टीम से) से बचने की जगह डटकर उसका सामना करें। भारत में 10 विकेट झटकने के लिए आपको 10 मौके ही मिलेंगे जबकि ऑस्ट्रेलिया में गेंद की उछाल और गति से आप 13 मौके बना सकते है। ऐसे में क्षेत्ररक्षण करते ऑस्ट्रेलिया में आप चूक कर सकते है लेकिन भारत में यह काफी महंगा पडेगा। ऑस्ट्रेलिया ने भारत में 2004 के बाद कोई टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है। टीम नौ फरवरी से नागपुर के बाद नई दिल्ली (17 से 21 फरवरी), धर्मशाला (एक से पांच मार्च) और अहमदाबाद (नौ से 13 मार्च) में मैच खेलेगी।

### भारत में आस्ट्रेलिया की सफलता में स्पिन की होगी अहम भूमिका : मैक्डोनाल्ड

**बेंगलुरू।** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड का मानना है कि आगामी बोर्डर-गावस्कर ट्राफी के चार टेस्ट मैचों मे उनकी टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती भारतीय स्पिनरो से निबटना होगी। आस्ट्रेलियाई टीम अभी नौ फरवरी से नागपुर मे होने वाले पहले टेस्ट मैच की तैयारियो में लगी है। मैक्डोनाल्ड ने इससे पहले अपने बल्लेबाजों को आगाह करते हुए कहा कि उन्हें स्लाइड स्पिन से निबटने के लिए अपने खुद के तरीके ढूंढने होगे। आस्ट्रेलिया ने अभ्यास मैच खेलने के बजाय खुद ही अभ्यास करने को प्राथमिकता दी है। मैक्डोनाल्ड ने बुधवार को टीम के बेंगलुरू रवाना होने से पहले कहा, मेरा मानना है की नई गेंद अधिक स्लाइड होती है। हम इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। यह स्लाइड स्पिन है। पूरी संभावना है कि हमारे सलामी बल्लेबाजो को शुरू मे स्पिन गेंदबाजों का सामना करना पड़ेगा, इसलिए अभ्यास के दौरान इस पर विशेष गौर किया जा रहा है तथा बल्लेबाजी कोच डिवा (माइकल डि वेंटो) इसमें अहम भूमिका निभा रहे है। सफलता की कुंजी इस तरह की गेंदबाजी को खेलने के लिए स्पष्टता होना है। यह व्यक्तिगत और परिस्थितियो पर निर्भर करेगी। आस्ट्रेलिया की टीम अभी यहां अलूर मे अभ्यास कर रही है। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे है कि बल्लेबाजो की अपने तरीके को लेकर स्पष्ट राय हो। आपको वैसी ही परिस्थितियां नही मिलेंगी जैसी मैच मे होती है और किसी क्रिकेट दौरे से इस तरह की जटिलताएं जुड़ी होती है।

### सुदेवा की पहली जीत राजस्थान यूनाईटेड को 3–2 से हराया

**नई दिल्ली।** सुदेवा दिल्ली ने गुरुवार को यहां अंबेडकर स्टेडियम मे खेले गए मैच मे राजस्थान यूनाईटेड को 3-2 से हराकर आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के वर्तमान सत्र में पहली जीत दर्ज की। सुदेवा के लिए सीलेथांग लोत्जेम (20वें मिनट), एलेक्सिस गोमेज (26वें) और शवक्ती खोतम (67वें) ने गोल किए, जबकि राजस्थान यूनाईटेड के लिए अताई जुमाशेव (31वें) ने गोल किया।

### सैफ अंडर–20 महिला चैंपियनशिप : भारत का पहला मैच भूटान से

**ढाका।** भारत की टीम सैफ अंडर-20 महिला चैपियनशिप के अपने पहले मैच मे शुक्रवार को यहां भूटान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। भारत को इस प्रतियोगिता मे खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। उसकी टीम मे अधिकतर खिलाड़ी वे ही है जो पिछले साल फीफा अंडर-17 विश्व कप में खेली थी।

### बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लि एबेल, रेहान अहमद इंग्लैंड की टीम में

**लंदन।** इंग्लैड ने बांग्लादेश के वनडे और टी20 के आगामी दौरे के लिए 28 वर्षीय बल्लेबाज टॉम एबेल के रूप मे टीम मे नया चेहरा शामिल किया है। श्रृंखला का पहला मैच वनडे के रूप मे एक मार्च को ढाका मे खेला जाएगा। श्रीलंका ए के खिलाफ 15 फरवरी से होने वाली अनधिकृत वनडे श्रृंखला के लिए इंग्लैड लायन्स के कप्तान एबेल के अलावा किशोर लेग स्पिनर रेहान अहमद को भी इंग्लैड की सीमित ओवरो की टीम मे शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज साकिब महमूद की भी वनडे टीम मे वापसी हुई है। वह पीठ की चोट के कारण टीम से बाहर थे।

### इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स फाइनल में

**लखनऊ।** मैन ऑफ़द मैच रोहित 6 विकेट की धारदार गेंदबाजी से इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स ने आइडियल अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट लीग के दूसरे सेमीफाइनल में कामर्शियल चैलेंजर्स को 6 रन से मात देते हुए फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। फाइनल इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स व सिक्योरिटी हंटर्स के मध्य मैच खेला जायेगा। इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.5 ओवर में 108 रन ही बना सका। कामर्शियल चैलेंजर्स से अजय शर्मा, मोनू राज, गुरमीत सिंह व इमरान हसन ने 2-2 विकेट हासिल किये। महेश प्रताप सिंह को एक विकेट मिला। जवाब में कामर्शियल चैलेंजर्स 19.3 ओवर में 102 रन ही बना सका। टीम से कप्तान अंबर प्रताप सिंह 18 व इमरान हसन 20 ने टिकाऊ पारी खेली।

### नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराकर मैनचेस्टर यूनाइटेड लीग कप के फाइनल में पहुंचा

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लीग कप फुटबॉल सेमीफाइनल के दूसरे दौर के मुकाबले मे नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-0 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई। टीम ने पहले चरण का मैच 3-0 से जीता था। नए कोच एरिक टेन हैग की देख रेख में टीम छह साल बाद पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है।

# साई प्रणीत क्वार्टरफाइनल में

## ●थाईलैंड ओपन : जॉर्ज और अस्मिता बाहर



भाषा। बैंकाक

**भारत के** बी साई प्रणीत ने गुरूवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में कोरियाई क्वालीफायर हियोक जिन जियोन को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। प्रणीत ने पुरूष एकल के दूसरे दौर के मैच में अपने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी को 24–22 7–21 22–20 से शिकस्त दी। अब उनका सामना अंतिम आठ दौर में छठे वरीय चीन के लि शि फेंग से होगा। इससे पहले किरण जॉर्ज और अस्मिता चालिहा को अपनी अपनी स्पर्धा के दूसरे दौर में तीन गेम तक चले मुकाबले में हार मिली। ओडिशा ओपन चैम्पियन जॉर्ज को पुरूष एकल में हांगकांग के तीसरे वरीय ली चेयुक यिऊ से 22–20 15–21 20–22 से पराजय का सामना करना पड़ा। अस्मिता को महिला एकल के राउंड 16 मैच में डेनमार्क की छठी वरीय डेन होजमार्क जार्सफेल्ट से 21–19 13–21 27–29 से हार मिली। मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्टो और ईशान भटनागर को इंडोनेशिया की अकबर बिनटांग काहयोनो और मार्शेला जिस्चा इस्लामी की जोड़ी से 19–21 16–21 हार मिली। एन सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर भी दूसरे दौर की बाधा पार नहीं कर पाए।

### आर्चर के छह विकेट ने इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**किम्बरले (दक्षिण अफ्रीका)।** कप्तान जोस बटलर और डाविड मलान की शतकीय पारियों के बाद दो साल में अपनी पहली श्रृंखला खेल रहे तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के छह विकेट से इंग्लैंड ने तीसरे एकदिवसीय मैच में दक्षिण अफ्रीका को 59 रन से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की। तीन मैचों की श्रृंखला को पहली ही गंवा चुकी इंग्लैंड की टीम इस मुकाबले में भी 14 रन पर तीन विकेट खोकर मुसीबत में थी लेकिन सलामी बल्लेबाज मलान की 118 और बटलर की 131 रन की पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 232 रन की साझेदारी के दम पर उसने सात विकेट पर 346 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 43.1 ओवर में 287 रन पर आउट कर दिया। आर्चर ने दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाजों को चलता किया। उन्होंने 9.1 ओवर में 40 रन देकर छह विकेट चटकाए। आर्चर ने दक्षिण अफ्रीका के आखिरी बल्लेबाज तबरेज शम्सी को बोल्ड कर टीम की जीत पर मुहर लगाई।

# भारत को झटका देकर जीतीं दक्षिण अफ्रीका की महिलाएं

## ●ट्रायोन का नाबाद अर्धशतक से त्रिकोणीय श्रृंखला अपने नाम की

भाषा। ईस्ट लंदन

**दक्षिण अफ्रीका** ने चोले ट्रायोन की नाबाद 57 रन की अर्धशतकीय पारी के दम पर गुरूवार को यहां फाइनल में भारत को दो ओवर शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला जीत ली।

भारतीय महिला टीम को धीमी पिच पर बल्लेबाजी करने में काफी मुश्किल हुई जिससे वह टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट गंवाकर महज 109 रन ही बना सकी।



ट्रायोन ने बनाए नाबाद 57 रन

हरलीन देओल काफी धीमा खेलीं। उन्होंने 56 गेंद में 46 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने चोले ट्रायोन ने 32 गेंद की पारी की बदौलत 18 ओवर में पांच विकेट पर 113 रन बनाकर जीत दर्ज की। चोले ट्रायोन ने अपनी पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जड़े जिसमें विजई छक्का भी शामिल है। भारतीय गेंदबाजों ने हालांकि अच्छी शुरूआत की 15 रन के स्कोर पर दक्षिण अफ्रीका की दो खिलाड़ियों को आउट कर दिया था। लेकिन चोले ट्रायोन और नादिन डि क्लार्क (नाबाद 17 रन) के बीच छठे विकेट के लिए 47 रन की अटूट साझेदारी ने उन्हें 12 गेंद रहते ट्रॉफी दिला दी। स्नेह राणा ने अपने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट झटके जबकि दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और राजेश्वरी गायकवाड़ ने एक एक विकेट हासिल किया। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उसने सबसे पहले स्टाइलिश बल्लेबाज स्मृति मंधाना का विकेट गंवाया जो खाता भी नहीं खोल सकीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर (21 रन) कुछ देर बल्लेबाजी करने के बाद लय में आती दिख रही थीं लेकिन वह भी डग–आउट में पहुंच गईं। हरलीन ने काफी डॉट गेंद खेलीं जिससे दीप्ति शर्मा (14 गेंद में नाबाद 16 रन) दबाव बढ़ गया था और वह भी ज्यादा शॉट नहीं लगा सकीं।

## लेवांडोव्स्की के गोल से बार्सीलोना की जीत

**मैड्रिड।** रोबर्ट लेवांडोव्स्की के गोल से बार्सीलोना ने ला लीगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में रीयल बेटिस को बुधवार को यहां 2-। से शिकस्त देकर खिताब के लिए अपना दावा और मजबूत किया। इस जीत से टीम ने 50 अंक के आंकड़े को छू लिया। बार्सीलोना के नाम 19 मैचों में 16 जीत के साथ 50 अंक है जबकि दूसरे स्थान पर काबिज रीयल मैड्रिड के नाम 18 मैचों में 42 अंक है। लेवांडोव्स्की ने इस लीग में अक्टूबर के बाद पहला गोल किया जिससे प्रतिस्पर्धी मुकाबले में बार्सीलोना की लगातार छठी जीत सुनिश्चित हुई। पोलैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी के नाम इस लीग के मौजूदा सत्र में अब 14 गोल है।

# भारतीय हॉकी : काल्डास और ऐक्मैन मुख्य कोच की दौड़ में

## ●भारतीय नामों पर विचार की संभावना नही

भाषा। नई दिल्ली

**हाल में विश्व** कप में भारतीय टीम के लचर प्रदर्शन के बाद अर्जेंटीना के मैक्स काल्डास और नीदरलैंड के सिगफ्राइड ऐकमैन इस्तीफा दे चुके ग्राहम रीड की जगह लेने के लिए दौड़ में हैं। हॉकी इंडिया के सूत्रों के अनुसार महासंघ विदेशी कोचों से बातचीत कर रहा है। सूत्र ने कहा कि विश्व कप में संयुक्त नौंवे स्थान पर रहने के बाद आस्ट्रेलिया के रीड ने इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद यह पद खाली पड़ा है। सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, हमें तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक जीतने के बाद टीम के प्रदर्शन में सुधार की उम्मीद थी लेकिन टीम का स्तर नीचे गिर गया। रीड ने शानदार काम किया है और भारत को ओलंपिक पदक दिलाने में मदद की लेकिन पिछले कुछ समय से टीम का प्रदर्शन तेजी से नीचे गिर गया। हम दो–तीन उम्मीदवारों के साथ चर्चा में हैं लेकिन आश्वस्त रहिए हम सर्वश्रेष्ठ कोच लाएंगे जो भारत को अगले स्तर तक ले जा सके। पता चला है कि काल्डास के अलावा ऐकमैन भी पद के लिए मजबूत दावेदार हैं जिन्हें पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने पिछले 10 महीनों से भुगतान नहीं किया है।

## पीएसजी की जीत में मेस्सी का गोल, एमबाप्पे चोटिल

भाषा। पेरिस

**विश्व कप** विजेता फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने मोंटपेलियर के खिलाफ पेरिस सेंट–जर्मेन (पीएसजी) की 3–। से जीत में एक गोल किया जबकि टीम के एक अन्य दिग्गज कीलियन एमबाप्पे पेनल्टी पर दो बार चूकने के बाद चोटिल हो गए। इस जीत से लीग वन (फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग) की तालिका में पीएसजी ने शीर्ष पर स्थिति मजबूत करते हुए अपनी बढ़त पांच अंक की कर ली। मेस्सी ने मैच के 72वें मिनट में गोलकर पीएसजी की बढ़त को 2–0 कर दिया। उनसे पहले फाबियान रुइज ने 55वें मिनट में टीम का खाता खोला था जबकि वॉरेन जैरे–एमरी ने आखिरी लम्हों (902 मिनट) में गोल कर टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

# अमन का कांस्य पदक पर लगा दांव

## ● जगरेब ओपन कुश्ती चैम्पियनशिप

भाषा। जगरेब (क्रोएशिया)

**भारतीय पहलवान** अमन सहरावत ने गुरूवार को यहां जगरेब ओपन कुश्ती चैम्पियनशिप के पुरूषों के 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता।

अमन (17 वर्ष) ने कांस्य पदक के मुकाबले में अमेरिका के जेन राए रोड्स रिचर्ड्स को 10–4 से शिकस्त देकर रैंकिंग टूर्नामेंट में पोडियम स्थान हासिल किया। अजरबेजान के अलीअब्बास रजाजादे ने फाइनल में जापान के युटो निशियुची को 2–0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दूसरा कांस्य पदक जॉर्जिया के बेका बुजियाश्विली ने जीता जिन्होंने अजरबेजान के इस्लाम बाजारगानोव को शिकस्त दी। अमन ने इससे पहले



क्वार्टरफाइनल में जॉर्जिया के रोबर्टी डिंगाश्विली को हराया था। लेकिन वह सेमीफाइनल में निशियुची से पराजित हो गए थे जिससे उन्होंने रेपेशाज दौर के लिए क्वालीफाई किया क्योंकि उनका जापानी प्रतिद्वंद्वी फाइनल में पहुंच गया था। एक अन्य भारतीय पृथ्वीराज बाबासाहेब पाटिल (पुरूष 92 किग्रा) भी कांस्य पदक की दौड़ में शामिल है, वह रेपेशाज दौर में मंगोलिया के गनखुयाग गनबाटार से भिड़ेंगे। पाटिल को सेमीफाइनल में जॉर्जिया के मिरियानी मैसुराद्जे से हार मिली। उन्होंने इससे पहले क्वार्टरफाइनल में पोलैंड के राडोस्लाव मार्सिकिविस्ज को 5–2 से हराया था। महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में भारत की शिवानी पवार क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की एरिन सिमोन गोल्स्टोन से 0–4 से हारकर बाहर हो गई।



## भारत की निगाहें डेविस कप प्लेऑफ मुकाबले में रुने की चुनौती से निपटने पर

**हिलरोड (डेनमार्क)।** भारतीय डेविस कप टीम के लिए विश्व ग्रुप एक में अपना स्थान बचाना चुनौतीपूर्ण होगा जब उसका सामना शुक्रवार से डेविस कप प्लेऑफ मुकाबले में होल्गर रूने की अगुआई वाली डेनमार्क से होगा। भारतीय टीम में एक भी खिलाड़ी ऐसा नहीं है जो शीर्ष 300 में शामिल हो जबकि दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी रूने की मौजूदगी विश्व ग्रुप एक में मेजबान टीम को बरकरार रखने के लिए दावेदार बनाएगी। भारत ने मार्च 2022 में दिल्ली में डेनमार्क को 4–0 से हराया था लेकिन 19 साल के रूने के होने से टीम की स्थिति अब काफी अलग होगी जो पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में पहुंचे थे और उन्होंने 2022 में तीन एटीपी खिताब जीते थे। भारत को रूने से निपटने के लिए बेहतरीन रणनीति तैयार करनी होगी और डेनमार्क में निचली रैंकिंग के खिलाड़ियों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन दिखाना होगा जिसमें ऑगस्ट होल्मग्रेन (484 रैंकिंग) और एल्मर मोलर (718 रैंकिंग) शामिल हैं। टीम ने युकी भांबरी को पहले दिन उतारने का फैसला किया है ।जो देश के दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं ताकि सुमित नागल नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर उतर सकें। होल्मग्रेन की रैंकिंग भले ही कम हो लेकिन उन्हें हराना आसान नहीं होगा। युगल मैच काफी अहमियत रखता है और रोहन बोपन्ना को अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए टीम की अगुआई करनी होगी। वर्ष 2019 में नए प्रारूप को शुरू किया गया था।


# कर्नाटक सेमीफाइनल के करीब

## ●रणजी राउंडअप

## ●गोपाल के करियर के सर्वश्रेष्ठ 161 रन

भाषा। बेंगलुरू

**आल राउंडर** श्रेयस गोपाल की करियर की सर्वश्रेष्ठ 161 रन की नाबाद पारी से कर्नाटक ने गुरूवार को यहां रणजी ट्राफी क्वार्टरफाइनल में उत्तराखंड के खिलाफ पहली पारी के आधार पर 490 रन की विशाल बढ़त हासिल की। तीसरे दिन स्टंप तक उत्तराखंड की टीम दूसरी पारी में तीन विकेट पर 106 रन बना चुकी थी और अब भी 384 रन से पीछे है। दीक्षांशु नेगी और स्वप्निल सिंह 27–27 रन बनाकर खेल रहे हैं। विदवथ कावेरप्पा (22 रन देकर दो विकेट) ने उत्तराखंड की सलामी जोड़ी अवनीश सुधा (04) और जीवनजोत सिंह (24 रन) को आउट किया जबकि पदार्पण कर रहे एम वेंकटेश ने दिल्ली के पूर्व बल्लेबाज कुणाल चंदेला का विकेट



### पंजाब ने सौराष्ट्र पर पहली पारी में 128 रन की बढ़त हासिल की

**राजकोट।** कप्तान मंदीप सिंह की 91 रन की संयमित पारी की बदौलत पंजाब ने गुरुवार को यहां सौराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्राफी क्वार्टरफाइनल मैच मे तीसरे दिन पहली पारी मे 128 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। मंदीप ने बीती रात के 39 रन के स्कोर मे 52 रन जोड़े जिससे पंजाब की टीम 124.3 ओवर मे 431 रन बनाने मे सफल रही। सौराष्ट्र ने पहली पारी मे 303 रन बनाए थे। मंदीप ने 206 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी के दौरान नौ चौके और एक छक्का जड़ा। सुबह मंदीप के साथ अनमोल मल्होत्रा ने भी 77 गेद मे 41 रन रन बनाए जिससे पंजाब ने गुरुवार को 33.4 ओवर मे 104 रन जोड़े। धर्मेद्रसिंह जडेजा ने 41.3 ओवर मे 109 रन देकर पांच विकेट झटके, उन्होने गुरुवार को तीन और बुधवार को दो विकेट प्राप्त किए। सौराष्ट्र ने स्टंप तक दूसरी पारी मे 54 ओवर खेलकर चार विकेट पर 138 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 10 रन की हो गई। कप्तान अर्पित वसावड़ा 44 और चिराग जानी 35 रन बनाकर क्रीज पर डटे है।

झटका जो विदर्भ के खिलाफ 2016–17 फाइनल में उसके लिए खेले थे। उत्तराखंड में विकेटकीपर बल्लेबाज आदित्य तारे भी शामिल हैं लेकिन ऐसा लगता है कि टीम आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक के खिलाफ यह मुकाबला गंवा चुकी है। कर्नाटक की टीम 2020 के बाद पहले सेमीफाइनल में पहुंचने की कोशिश में जुटी है। कर्नाटक ने पांच विकेट पर 474 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम की रणनीति स्पष्ट थी कि वह पारी घोषित नहीं करेगी। बीती रात के शतकवीर गोपाल ने वही लय जारी रखते हुए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 3000 रन पूरे किए।

### झारखंड के खिलाफ बंगाल मजबूत स्थिति में



**कोलकाता।** बंगाल की टीम गुरुवार को यहां झारखंड के खिलाफ क्वार्टरफाइनल मैच मे तीसरे दिन शाहबाज अहमद के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत रणजी ट्राफी मे लगातार तीसरे सेमीफाइनल मे पहुंचने की ओर बढ़ रही है। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे बाएं हाथ के बल्लेबाज अहमद ने 120 गेंद मे नौ चौके और दो छक्के से 81 रन की पारी खेली और शीर्ष स्कोरर रहे जिससे बंगाल ने पहली पारी में 328 रन का स्कोर बनाया। इससे उसने पहली पारी के आधार पर 155 रन की बढ़त हासिल की। तीसरे दिन स्टंप तक झारखंड की टीम ने दूसरी पारी मे 162 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे और वह महज सात रन से आगे थी। तीसरे दिन कुल 11 विकेट गिरे। मैच मे दो दिन का खेल बाकी है और झारखंड के निचले क्रम के बल्लेबाज हार को कुछ देर तक टालने की कोशिश करेगे। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी आल राउंडर अहमद ने गेंद से भी प्रभावित किया।

### आंध्र के खिलाफ गेंदबाजों ने कराई मध्य प्रदेश की वापसी

**इंदौर।** आवेश खान (24 रन पर चार विकेट) के नेतृत्व मे गेंदबाजो के शानदार प्रदर्शन से मध्य प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले मे गुरुवार को मैच के तीसरे दिन आंध्र की दूसरी पारी को महज 93 रन पर समेट मुकाबले मे शानदार वापसी की। पहली पारी मे 151 रन से पिछडने वाली मध्य प्रदेश को जीत के लिए 245 रन का लक्ष्य मिला और दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने बिना किसी नुकसान के 58 रन बना लिए। आंध्र के कप्तान हनुमा विहारी ने पहली पारी की तरह दूसरी पारी मे भी शानदार जज्बा दिखा और कलाई मे गंभीर चोट के बावजूद बल्लेबाजी लिए 11वे नंबर पर उतरे। दाएं हाथ के बल्लेबाज विहारी ने चोट को गंभीर होने से बचाने के लिए बाएं हाथ से बल्लेबाजी की और 15 रन का योगदान देकर टीम के स्कोर को 90 के पार पहुंचाया।